आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

संपत्ति के लालच में बेटे ने प्रेमिका संग मिलकर की पिता की हत्या

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 17 दिसंबर, 2024 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 66 | www.janexpresslive.com/epaper



जल्द ही बीजिंग जाएंगे एनएसए अजीत डोभाल 12

# 2017 से सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक आई कमी : सीएम योगी

**सीएम ने सपा और विपक्ष को दिखाया आईना** 2012 से 2017 (सपा कार्यकाल) तक प्रदेश में 815 सांप्रदायिक दंगे और 192 लोगों की मौत हुई

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र में रखा सरकार का पक्ष
- 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, इसमें 121 लोगों की मौत हुई: योगी
- वर्चस्व की लड़ाई को लेकर चल रही देशी-विदेशी मुसलमानों की आपसी भिड़ंत है: सीएम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अपनी बातें रखते हुए विपक्ष को आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने एनसीआरबी डेटा के आंकड़ों के मुताबिक बताया कि 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक की कमी आई है। 2017 से अब तक यूपी में दंगे नहीं हुए हैं, जबकि 2012 से 2017 (सपा कार्यकाल) तक प्रदेश में 815 सांप्रदायिक दंगे और 192 लोगों की मौत हुई। 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, इसमें 121 लोगों की मौत हुई। सीएम योगी ने कहाकि आखिर तथ्यों को छिपाकर कब तक जनता को गुमराह करेंगे। संभल में माननीय न्यायालय के आदेश पर सर्वे हो रहा था। जयश्रीराम सांप्रदायिक संबोधन नहीं है। राम के बिना हमारा कोई काम ही नहीं है। यदि जयश्रीराम बोलने पर उत्तेजना से नीयत सभी लोग समझ सकते हैं।

### संभल में 1947 से लगातार माहौल खराब किया गया

सीएम ने कहाकि संभल में माहौल खराब किया गया। 1947 से अनवरत दंगे प्रारंभ हुए। 1947 में एक मौत और 1948 में छह लोग मारे जाते हैं। 1958-1962 में दंगा, 1976 में पांच लोगों की मौत हुई थी। 1978 में 184 हिंदुओं को सामूहिक रूप से जला दिया गया था। अनवरत कई महीनों तक कर्फ्यू लगा। 1980-1982 में दंगा और एक-एक की मौत हुई। 1986 में चार लोग मारे गए।1990-1992 में पांच, 1996 में दो मौत हुई। लगातार यह सिलसिला चलता रहा।

### हिंदुओं के लिए दो शब्द तक इनके मुंह से नहीं निकले

सीएम ने कहा कि 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हत्या हुई और एक भी बार निर्दोष हिंदुओं के लिए दो शब्द नहीं कहे। घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोग निर्दोष हिंदुओं केबारे में दो शब्द नहीं कहे। 1978 में जो दंगा हुआ, एक वैश्य ने सबको पैसा उधार दे रखा था। दंगा होने केबाद हिंदू उनके घर में एकत्र होते हैं, उन्हें घेर लिया जाता है और उनसे कहा जाता है कि इन हाथों से पैसा मांगोगे, इसलिए पहले हाथ, फिर पैर, फिर गला काट दिया जाता है। सौहार्द की बात करने पर इन्हें शर्म नहीं आती है। सीएम ने कहा कि बजरंग बली का जो मंदिर आज निकल रहा है।

### कुंदरकी की जीत को वोट की लूट कहना सदस्य का अपमान

सीएम ने कहा कि कुंदरकी की जीत वोट की लूट कहना सदस्य का अपमान है। वहां सपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। आज डिजिटल मीडिया का समय है। वहां का पठान और शेख कह रहा है कि हमारे पूर्वज हिंदू थे। आपके पूर्वज भी हिंदू थे। यह देशी-विदेशी मुसलमानों की आपसी भिड़ंत है, जो वर्चस्व की लड़ाई को लेकर चल रही है। सपा पर हमलावर योगी ने कहा कि सच पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सूर्य, चांद और सत्य को बहुत देर तक कोई छिपा नहीं सकता, सत्य जल्द सामने आएगा।

### पुराण भी कहता है कि श्री हरिविष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा

सीएम ने नेता प्रतिपश्र के बयान पर कहा कि बाबर नामा भी कहता है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया गया। पुराण भी कहता है कि श्रीहरि विष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा। माननीय न्यायालय के निर्देश पर डीएम व एसपी शांतिपूर्ण तरीके से सर्वे को संपन्न कराते हैं। 19 नवंबर, 21 नवंबर व 24 नवंबर को सर्वे कार्य चल रहा था। सर्वे के दौरान पहले दो दिन शांतिभंग नहीं हुई। 23 नवंबर को जुमे की नमाज के पहले और दौरान जिस प्रकार की तकरीरें दी गईं, उसके बाद माहौल खराब हुआ, उसके बाद की स्थितियां सबके सामने हैं। हमारी सरकार ने पहले ही कहा है कि हम ज्यूडिशियल एक्ट बनाएंगे, जो एक्ट के अंदर बना है। सदन में उसकी रिपोर्ट आएगी, तब दूध का दूध, पानी का पानी होगा।

### जो बराबरी नहीं कर सकते, वे बुराई करते हैं

सीएम ने कहा कि सच्चाई सबके सामने आती है तो बुरा लगता है। जो बराबरी नहीं कर सकते, वे बुराई करते हैं। आप (विपक्ष) भी यही बुराई कर रहे हैं। आपकी बुराई में सत्य, न्याय नहीं झलकता। यह पक्षपातपूर्ण है। इससे लोकतंत्र की व्यवस्था कमजोर होती है। किसी भी मुस्लिम, अन्य मत-मजहब के त्योहारों के दौरान समस्या नहीं होती तो हिंदू पर्व के दौरान यदि किसी ने समस्या खड़ी की तो सरकार सख्ती से निपटेगी।

### ... आखिर 22 कुओं को किसने पाट दिया

सीएम ने कहा कि माननीय न्यायालय के आदेश का पालन करना प्रशासन का दायित्व है। प्रशासन संभल में वही कर रहा है। सीएम ने कटाक्ष करते हुए सपा सदस्यों से कहा कि मंदिर को न छेड़कर आपने बड़ी कृपा कर दी, लेकिन 22 कुओं को किसने पाट दिया। आखिर मूर्तियां कैसे मिल रही हैं। नोटिस से परेशानी क्यों हो रही है।

### सीएम योगी के निर्देश पर हुआ दर्शक दीर्घा का सुंदरीकरण

विधानसभा की दर्शक दीर्घा के सुंदरीकरण पर प्रकाश डालते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि पूरी दुनिया में जब भी कोई सरकारी डेलीगेशन जाते हैं तो वहां की पार्लियामेंट और असेंबली को जरूर देखने जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार चर्चा की थी कि अगर पूरे देश और दुनिया की पार्लियामेंट और असेंबली को देखा जा सकता है तो उत्तर प्रदेश की विधानसभा का स्वरूप भी ऐसा होना चाहिए कि दुनिया भर से लोग देखने आएं। उन्होंने बताया कि दर्शक दीर्घा में संविधान के मूल स्वरूप के पन्नों के आर्ट्स लगाए गए हैं, ताकि जो लोग आएं, उन्हें पता चले कि हमारे देश के संविधान का कितना महत्व है।

### सशक्त स्तंभ के साथ ही आधुनिकता से भी जुड़ी विधायिका

सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में विधायिका का महत्वपूर्ण स्थान है। विधायिका एक प्रकार से मार्गदर्शिका है। सभी माननीय सदस्य न केवल विधायिका से जुड़ते हैं, बल्कि यह उन्हें विकास की, जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने का भी एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष जा का भी अभिनंदन करूंगा, जिन्होंने पौने तीन वर्ष के इस कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की विधानसभा को न केवल लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ के रूप में, बल्कि आधुनिकता के साथ जोड़ने का भी काम किया है। ये गौरव, देश की सबसे बड़ी विधानसभा को जाता है जिसने ई विधान लागू किया है। आज आप देख सकते हैं कि आपके सामने ई विधान किस रूप से सफलतापूर्वक लागू हो सकता है। उत्तर प्रदेश विधानसभा पेपरलेस होकर इसका उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। यह सिर्फ विधानसभा के लिए नहीं, बल्कि हम सबके लिए और 25 करोड़ की आबादी के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण था। इसके साथ ही विधानसभा के गलियारे का किस रूप में सुंदरीकरण किया जाना चाहिए, यह भी आपने देखा।

### 1952 के नियमों में संशोधन कर उसे लागू किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा संचालन के जो नियम 1952 में पहली विधानसभा गठन के तत्काल बाद लागू हुए थे, वे जैसे के तैसे पड़े थे। समय के अनुरूप मांग के आलोक में उसमें आवश्यक संसोधन नहीं हो पाए थे। यह कार्य भी इस दौरान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। प्रश्नकाल में हम देखते हैं कि केवल दो सदस्य ही नहीं, बल्कि 20-20 प्रश्नों का उत्तर मंत्रियों से पूछ सकते हैं और उनका जवाब भी यहां पर हाथों-हाथ उन्हें प्राप्त होता है। यही सही लोकतंत्र है कि जब एक माननीय सदस्य संबंधित विभाग के मंत्री से संबंधित प्रश्नों का जवाब लेकर लोकहित से जुड़े हुए मुद्दों को रखने का माध्यम बनता है। यह तब हो पाया जब हम लोगों ने विधानसभा संचालन के नियमों में संशोधन करके यथासमय में उसे लागू भी किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में अपनी रुचि के अनुसार विषयों को रखने का मुद्दा हो या फिर एक दिन केवल महिला सदस्यों को चर्चा करने देने का निर्णय रहा हो, ये सब इस सदन ने देखा है।

### विधायिका सशक्त लोकतंत्र का माध्यम

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1952 से लेकर अब तक कब-कब कौन नेता सदन और नेता प्रतिपक्ष रहा, उससे संबंधित एक प्रकाशन विधानसभा के शोध ग्रंथालय के माध्यम से प्रकाशित हुआ है। मुख्यमंत्री के रूप में किन-किन महानुभावों ने सदन की गरिमा को बढ़ाया है, इसके विकास के लिए किन मुद्दों को उन्होंने छुआ है और कैसे विकास को एक निरंतरता देने में योगदान किया है, यह जानना महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र और विधायिका में काम का आधार सत्ता और विपक्ष दोनों हैं, यही लोकतंत्र के दो पहिए हैं। दोनों जब मिलकर कार्य करते हैं तो एक सशक्त लोकतंत्र को जन्म देते हैं। उसका सशक्त माध्यम संवाद है, चर्चा परिचर्चा है। हमारा मुद्दों पर एक दूसरे से मतभेद हो सकता है, लेकिन संवाद बाधित नहीं हो सकता है, बल्कि हम संवाद से उस समस्या के समाधान का रास्ता निकालेंगे। चाहूंगा कि आपमें से हर माननीय सदस्य को इसे अपने पास रखना चाहिए, नॉलेज के लिए भी और आने वाली पीढ़ी को विरासत में देने के लिए भी।

### संविधान की मूल प्रति कराती है भारत का दर्शन

सीएम योगी ने कहा कि शीकतालीन सत्र के पहले अध्यक्ष जी ने एक सौगात और दी है। यह वर्ष भारत के संविधान को लागू करने के 75 वर्ष पूरा करने की ओर बढ़ रहा है। 26 जनवरी 2025 को भारत के संविधान को 75 वर्ष पूरे होंगे और मैं आग्रह करूंगा कि सभी माननीय सदस्यों को बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर जी की अध्यक्षता में बनी संविधान की ड्राफ्टिंग समिति की एक-एक मूल प्रति उपलब्ध कराई जाए। आप इसको पढ़िए, इसका एक-एक पेज वास्तव में भारत की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है, भारत का दर्शन कराता है।

▶ संबंधित खबर पेज 03 पर

# राम मंदिर : पुजारियों के लिए सख्त किए गए नियम

## मोबाइल पूरी तरह से हुआ बैन, पालियों में बनाया गया ड्यूटी चार्ट

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



राम मंदिर में नये पुजारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। पुजारियों के लिए कई सख्त नियम भी बनाए गए हैं। सात-सात के ग्रुप में पुजारियों को दो पाली में ड्यूटी के लिए लगाया गया है। जो पुजारी गर्भगृह में रहेगा वह बाहर नहीं जा सकेगा। जिस पुजारी की ड्यूटी बाहर होगी वह गर्भगृह में प्रवेश नहीं कर सकेगा। बाहरी व्यक्तियों को स्पर्श करने पर बिना स्नान गर्भगृह में प्रवेश वर्जित होगा। गर्भगृह में पुजारी मोबाइल फोन का प्रयोग भी नहीं कर सकेंगे। ड्यूटियों में परिवर्तन हर माह के कृष्ण पक्ष व शुक्ल पक्ष से होगा। यह ड्यूटी कृष्ण पक्ष के प्रतिपदा से शुरू होकर अमावस्या और फिर शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से लेकर पूर्णिमा तक चलेंगी। रोजाना प्रथम पाली की ड्यूटी की शुरुआत सुबह चार बजे से भगवान के उत्थान के साथ होगी और मध्याह्न साढ़े 12 बजे तक भगवान के राजभोग आरती तक रहेगी। दूसरी पाली जो मध्याह्न साढ़े 12 बजे से शुरू होकर 4.30 बजे व 6.30 बजे से रात्रि 10.30 तक चलेगी। हनुमान मंदिर व कुबेर टीला पर स्थित कुबेरेश्वर महादेव के पूजन-अर्चन के लिए भी पुजारियों की ड्यूटी लगाई है। पुजारियों को राममंदिर में होने वाले अनुष्ठानों को भी करना होगा, अलग-अलग ड्यूटी इसके लिए भी लगाई गई है।

### हर हाल में पालन करना होगा नियमों को

राम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया नये पुजारियों की ड्यूटी सोमवार से लगा दी गई है। बड़े ही सख्त नियम बनाए गए हैं। खासकर गर्भगृह में रहने वाले पुजारियों को इन नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। गर्भगृह में पुजारी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। मंदिर में प्रवेश करने के बाद पुजारियों के फोन रखने के लिए व्यवस्था की जा रही है।

### पुजारी किसी को चंदन-टीका नहीं लगा पाएंगे

पुजारी किसी बाहरी व्यक्ति को स्पर्श करते हैं तो बिना स्नान के उनका प्रवेश मंदिर में वर्जित होगा। स्पर्श करने का मतलब है पुजारी किसी को चंदन-टीका नहीं लगा पाएंगे, माला भी नहीं पहना पाएंगे, क्योंकि इससे उन्हें बाहरी व्यक्ति को स्पर्श करना पड़ेगा। शौचादि जाने पर भी बिना स्नान प्रवेश वर्जित होगा। पहले दिन मोबाइल ले जाने पर रोक नहीं रही, लेकिन जल्द ही एंड्रायड फोन के इस्तेमाल पर रोक लग सकती है, ड्रेस कोड भी लागू किए जाएंगे।

## संभल में चार और प्राचीन कुएं मिले, हिंसाग्रस्त इलाके में खोदाई जारी, प्रशासन कर रहा जांच

जन एक्सप्रेस। संभल। संभल में सोमवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में चार प्राचीन कुएं और मिले हैं। लोगों ने अतिक्रमण कर कुओं का पाट दिया था। पालिका ने कुओं से अतिक्रमण हटवाकर संवारने का काम शुरू कर दिया है। फिलहाल खोदाई करवाई जा रही है। ताकि कुओं को पुराने स्वरूप में लौटाया जा सके। नगर पालिका के ईओ मणिभूषण तिवारी ने बताया कि एजेंटी तिराहा, खग्गू सराय के अलावा मोहल्ला कोर्टगर्वी और खग्गू सराय की मस्जिद में बंद कुएं मिले हैं। अभी तक खग्गू सराय, आलम सराय, कोटगर्वी, एजेंटी तिराहा, चमन सराय में मिले कुएं की खोदाई और सफाई कराई जा रही है। इन सभी को पालिका की ओर से संवारा जाएगा। कोटगर्वी की एक रात वाली मस्जिद और खग्गू सराय स्थित नियारियों वाली मस्जिद में दो कुएं बंद मिले हैं। इन कुएं को भी कब्जामुक्त कराया जाएगा।

# जनता बेचारी फिर फंस गई, विकास नगर में सड़क धंस गई

## सोमवार सुबह नगर निगम के अधिकारी जेसीबी और अन्य उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे, गड्ढे को भरने के लिए मिट्टी और मलबा डाला गया



- महानगर इलाके में रविवार की रात सड़क अचानक धंस गई, जिससे 20 फीट गहरा गड्ढा बन गया
- सड़क धंसने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पौराणिक कथाओं और बारिश के दौरान ही नहीं, प्रदेश की राजधानी में कहीं भी-कभी भी सड़क धसने का सिलसिला अभी भी जारी है। महानगर के विकास महानगर इलाके में रविवार की रात सड़क अचानक धंस गई, जिससे 20 फीट गहरा गड्ढा बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सोमवार सुबह नगर निगम के अधिकारी जेसीबी और अन्य उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। गड्ढे को भरने के लिए मिट्टी और मलबा डाला गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह घटना क्षेत्र में जल निकासी और सीवर लाइन की खराब स्थिति के कारण हुई है। यहां पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। सड़क धंसने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### स्थानीय निवासी बोले

हर बार गड्ढे को भरकर छोड़ दिया जाता है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। यहां पानी का भराव और सीवर लाइन की खराबी मुख्य कारण है।

### सड़क धंसने का कारण सीवर लाइन का कमजोर होना पाया गया

घटना के तुरंत बाद नगर आयुक्त और नगर निगम के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सड़क धंसने का कारण सीवर लाइन का कमजोर होना पाया गया है। जेसीबी मशीन की मदद से गड्ढे को भरने का काम चल रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि एक स्थायी समाधान के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### दुकानदारों और निवासियों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

सड़क धंसने की घटना के कारण इस इलाके में यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। प्रशासन ने आवागमन को डायवर्ट कर दिया है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### हर बार गड्ढे को भरकर छोड़ दिया जाता है

विकासनगर के इस इलाके में सड़क धंसने की यह पहली घटना नहीं है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यहां की सड़कें बार-बार धंसती रहती हैं। पिछले साल भी इसी जगह पर एक गड्ढा हुआ था, जिसे भरने के बाद प्रशासन ने इसे स्थायी समाधान का दावा किया था। लेकिन इस बार की घटना ने प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है।

**रिपोर्ट** संभल पुलिस ने कहा कि उसे कई गुमनाम पत्र मिले हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि 24 नवंबर को आस-पास के जिलों के मदरसों के छात्रों को इलाके में बुलाया गया था

# संभल हिंसा के दौरान आस-पास के जिलों के मदरसों के छात्रों को इलाके में बुलाया गया

- पुलिस ने अब तक हिंसा में शामिल होने के आरोप में तीन महिलाओं समेत करीब 40 लोगों को गिरफ्तार किया है
- पुलिस ने उस दिन हुई हिंसा में शामिल करीब 400 संदिग्धों की तस्वीरें जारी की हैं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



पुलिस के अनुसार संभल हिंसा के दौरान 24 नवंबर को आस-पास के जिलों के मदरसों के छात्रों को इलाके में बुलाया गया था। इसके लिए पुलिस ने गुमनाम पत्रह्य का हवाला दिया है। पुलिस ने अब तक हिंसा में शामिल होने के आरोप में तीन महिलाओं समेत करीब 40 लोगों को गिरफ्तार किया है। शहर की पुलिस ने उस दिन हुई हिंसा में शामिल करीब 400 संदिग्धों की तस्वीरें जारी की हैं। संभल कस्बे के विभिन्न पुलिस थानों में हिंसा के संबंध में 12 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। संभल पुलिस ने कहा कि उन्हें कई गुमनाम पत्र मिले हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि 24 नवंबर को आस-पास के जिलों के मदरसों के छात्रों को इलाके में बुलाया गया था। कथित तौर पर यह स्थानीय अदालत के निर्देशानुसार शाही जामा मस्जिद के दूसरे सर्वेक्षण के दौरान और उसके बाद हुई बड़े पैमाने पर हिंसा में उनकी संलिप्तता के संबंध में था। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और पुलिस अधिकारियों सहित कई अन्य घायल हो गए। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई के अनुसार हमें कई पत्र मिले हैं, जिनमें दावा किया गया है कि उस दिन रामपुर, हापुड़ और बुलंदशहर जिलों के मदरसों से छात्रों को विशेष रूप से संभल बुलाया गया था। हम इन पत्रों की प्रामाणिकता की पुष्टि कर रहे हैं और उचित जांच के बाद अगर पत्रों की सामग्री सही पाई जाती है, तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे।

### जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर एक तुर्क मंगोल था

जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर एक तुर्क मंगोल था, जिसने 1526 में भारत पर आक्रमण किया था। इस आक्रमण के दौरान उसके साथ आए सैनिक सम्भल सहित देश के विभिन्न भागों में बस गए, और उन्हें तुर्क कहा गया।

### जल्द ही उन फरार लोगों के लिए इनाम की घोषणा करेंगे

पुलिस ने अब तक हिंसा में शामिल होने के आरोप में तीन महिलाओं समेत करीब 40 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, पुलिस ने झड़पों में उनकी 卐सक्रिय भागीदारी卐 के लिए जिन 93 लोगों की पहचान की है, वे फरार हैं। संभल पुलिस जल्द ही इन भगोड़ों को पकड़ने में मदद करने वाली सूचना देने वालों को इनाम देने की घोषणा करेगी। बिश्नोई ने कहा, हिंसा में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हम उन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। हम जल्द ही उन फरार लोगों के लिए इनाम की घोषणा करेंगे जो घटना के बाद अपने घर छोड़कर भाग गए हैं। पहचाने गए लोगों के घरों पर छापे के दौरान, हमें केवल महिला सदस्य ही मौजूद मिलीं, जबकि शहर की पुलिस ने उस दिन हुई हिंसा में शामिल करीब 400 संदिग्धों की तस्वीरें जारी की हैं। पुलिस के मुताबिक, उनकी पहचान उनके आवासीय ठिकानों से भी की जा रही है।

### हिंसा के संबंध में 12 एफआईआर दर्ज की गई हैं

संभल शहर के विभिन्न पुलिस थानों में हिंसा के संबंध में बारह प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई हैं। इनमें से सात एफआईआर पुलिस अधिकारियों द्वारा दर्ज की गई हैं, जबकि चार 24 नवंबर को हिंसा के दौरान मारे गए व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों द्वारा दर्ज की गई हैं। इसके अलावा, एक एफआईआर नसीम नामक व्यक्ति द्वारा दर्ज की गई थी, जिसने आरोप लगाया था कि उसके भतीजे वसीम, जिसकी 25 नवंबर को मृत्यु हो गई थी, को तुर्किक मंगोलों के वंशजों द्वारा चलाई गई गोलियों से मारा गया था।

# सूचना संकुल भवन के निर्माण कार्य में डीएम ने जताई नाराजगी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्प जीएन ने सोमवार को चार करोड़ 84 लाख 55 हजार रुपये की लागत से बन रहे तीन मंजिला सूचना संकुल भवन (जिला सूचना कार्यालय) का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में प्रगति न पाए जाने व निर्माण सामग्री की गुणवत्ता ठी न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षक के दौरान जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने जिलाधिकारी को बताया कि निर्माण कार्य के लिए माह फरवरी में दो करोड़ 42 लाख 27 हजार रूपये की धनराशि प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की जा चुकी है तथा कार्यदायी संस्था द्वारा माह मई 2025 तक कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गयी है। जिलाधिकारी ने मौके पर कार्य की प्रगति ठीक न पाने व मानक के अनुसार सामग्री का उपयोग न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई को तत्काल निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जॉच कर रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही मौके पर कार्यदायी संस्था के किसी भी सहायक अभियंता व अवर अभियंता के मौजूद न होने पर भी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही सामग्री गिट्टी, सीमेंट, सरिया आदि की गुणवत्तापूर्ण ठीक न पाए जाने पर कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियंता, निर्माण खण्ड बुन्देलखण्ड 02, आवास विकास परिषद बॉदा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित किए गए मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए तथा इसमें किसी भी प्रकार की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर लेखाकार मोहन कुमार श्रीवास्तव आदि माजूद रहे।

### टायर फटने से खंती में गिरी मारुति वैन, एक की मौत चार घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा क्षेत्र में तेज रफ्तार बारातियों से भरी ओमनी वैन का अचानक टायर फटने से सड़क किनारे पानी से भरी खंती में जा गिरी। जिससे उस पर सवार दूल्हे के चाचा की मौत हो गई। जबकि चार घायल हो गए। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम खुटमिली निवासी आर्यन पुत्र कृपाल अहिरवार की बारात जसौरा अकबरपुर माती के लिए गई थी। बताया गया कि बारात में गांव निवासी दूल्हे के चाचा कृपाल, संदीप, दायशंकर, जितेंद्र, वीर सिंह एक ओमनी गाड़ी से गए थे। जो शादी समारोह के बाद रविवार को बिदा के बाद वापिस गांव आ रहे थे। तभी ग्राम सुजानपुर के पास गाड़ी का टायर फटने से अनियंत्रित हो कर खाई में गिर गई। जिससे गाड़ी में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकालकर सीएचसी भेजा। जहां पर हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर इलाज के दौरान कृपाल की मौत हो गई। इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक प्रभात सिह ने बताया कि हादसा टायर फटने के हुआ है। जिसमें कृपाल सिंह की अस्पताल में मौत हो गई है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आईटीआई में सालों से चल रहा एक ही ठेकेदार का सिक्का

**जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह 'बादशाह'**

- ठेकेदार द्वारा की जाने वाली सप्लाई की हो जांच तो खुल जायेगा पूरा खेल
- ठेकेदार के कारनामों को लेकर विभाग में चर्चाओं का बाजार गर्म

**उरई/जालौन)।** आईटीआई में पिछले कई वर्षों से एक ही ठेकेदार की बादशाहद कायम हैं। आलम यह है कि चाहे स्टेशनरी की आपूर्ति करना हो या फिर कोई निर्माण आपूर्ति का जिम्मा एक ही व्यक्ति के जिम्मेदारी में सौंप दिया जाता है। यह सब कैसे संभव हो रहा है इसको लेकर अब विभाग में चर्चाओं का बाजार गर्माने लगा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो ठेकेदार ने अपने कई परिजनों के ही नहीं बल्कि रिश्तेदारों के नाम से ठेकेदारी करने का लाइसेंस बनवा रखा है। आईटीआई सूत्रों का दावा है कि यदि जिलाधिकारी आईटीआई में होने वाली विभिन्न प्रकार की सप्लाई की उच्च स्तरीय ईमानदार अधिकारियों से जांच कराये। तो ठेकेदार की ढोल की पोल खुलने में देर नहीं लगेगी और सारी सच्चाई खुलकर सामने आ जायेगी।सूत्रों से मिली जानकारी की मानें तो आईटीआई उरई में पिछले कई सालों से एक ही ठेकेदार ठेकेदारी के कार्य हथियाने में सफलता की सीढ़ी चढ़ता देखा जा रहा है। बताया जाता है कि दो दशक पूर्व उक्त ठेकेदार ने छोटी मोटी सप्लाई का कार्य की आईटीआई में शुरूआत की थी। इसके बाद जैसे जैसे समय आगे बढ़ता गया वैसे-वैसे ही उसके नाम का सिक्का आईटीआई में जमता चला गया। आईटीआई में चाहे कोई प्रधानाचार्य आये लेकिन ठेकेदारी का काम उसी ठेकेदार को मिलता है। सवाल यह उठता है कि जहां प्रदेश के मुखिया प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं तो वहीं आईटीआई में एक ही ठेकेदार कई नामों से अपने परिजनों व रिश्तेदारों के नाम से रजिस्टर्ड करवा रखा है ऐसी स्थिति में चाहे स्टेशनरी की सप्लाई हो या फिर छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में किसी सामग्री की आपूर्ति करना हो या फिर कोई छोटा-मोटा निर्माण कार्य कराना हो। आईटीआई में उसी ठेकेदार को याद किया जाता है। इसके पीछे का कारण क्या हो सकता है यह तो आईटीआई में चलने वाली चर्चाओं पर ही ध्यान केंद्रित करना होगा। आने वाले समय में आईटीआई में एक ही ठेकेदार का चल रहे साम्राज्य का कच्चा चिट्ठा खुलकर सामने आ सकता है ऐसा विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कहा जा सकता है। फिलहाल कुछ भी हो आईटीआई में विभिन्न प्रकार की सप्लाई की यदि उच्च स्तरीय जांच करायी जाये तो ठेकेदारी के नाम पर चल रहे एक ही ठेकेदार की ढोल की पोल खुलकर सामने आ जायेगी।

## जिला पंचायत सदस्य द्वारा अभद्र टिप्पणियों के विरोध में सवर्ण आर्मी ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमें को समाप्त करने की मांग को लेकर सोमवार को सवर्ण आर्मी ने जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला।
जिला मुख्यालय में सोमवार को हुए धरना प्रदर्शन में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने कहा कि जातिगत आधार पर अपमानित करने वाली टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस को इस मामले में कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती द्वारा ब्राम्हण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जिसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही जिला पंचायत सदस्य द्वारा फर्जी तरीके से युवाओं के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करा दिया गया है। यह मुकदमा समाप्त कराया जाना चाहिए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी, अनिल देवरवा, विनीता द्विवेदी, प्रेमेन्द्र प्रताप सिह, विपुल मिश्रा, अभिषेक ओझा, रवि सिंह बघेल, राहुल पाण्डेय, देवेन्द्र द्विवेदी देवू, रवि करवरिया, संजू चतुर्वेदी, वीरेन्द्र पाण्डेय बिल्लू विधायक, प्रियांशू मिश्रा, प्रिंस मिश्रा, शिवप्रकाश पाण्डेय, अजय मिश्रा, इन्द्रेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी नें परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 की तैयारी के दृष्टिगत, आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, राजकीय मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, छत्रसाल इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जालौन परीक्षा केंद्रों निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, लाइटिंग आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, कंट्रोल रूम की व्यवस्था, और प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही न हो, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से आयोजित की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था इंतजाम है, अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से पहुँचने के निर्देश है, परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी अव्यवस्था से बचने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, उप जिलाधकारी जालौन विनय कुमार मौर्य आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। डीएम-एसपी ने जिला कारागार में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने महिला बैरक, अस्पताल वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली एवं जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि बच्चों को झूला व खेलने के लिए सामान की उपलब्धता सुनिश्चित कराए। अस्पताल वार्ड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निरुद्ध कैदियों से स्वास्थ्य लाभ व समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि समय पर कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहें। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कारगार परिसर के सभी सीसीटीवी कैमरे संचालित रहने चाहिए तथा सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कहा कि कैदियों को भोजन व नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार दिया जाए तथा इसमें कोई अनियमितता नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कारागार में खेल के प्रति इच्छा रखने वाले निरुद्ध कैदियों को उत्साहित करते रहे एवं समस्या होने पर अवगत कराये।

### ओवरटेक के प्रयास में भिड़े दो ऑटो रिक्शा, आधा दर्जन यात्री घायल

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** उरई मार्ग पर ओवरटेक करने के चक्कर दो ऑटो में टक्कर हो गई। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया है। सोमवार को अपरान्ह करीब चार बजे दो ऑटो जालौन से उरई की ओर जा रहे थे। उरई जालौन मार्ग पर अकोढ़ी दुबे के पास तेज गति से ओवरटेक करने के चक्कर में दोनों में भिड़ंत हो गई। जिसमें ऑटो सवार खितौनी (35) पत्नी माखन निवासी कुसमरा, माखन (40) पुत्र नत्थू निवासी कुसमरा, रमाशंकर पांडेय (55) पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी जीपुरा, हेमादेवी (50) पत्नी प्रमोद कुमार निवासी सुशील नगर उरई, सौरभ पुत्र प्रमोद कुमार निवासी सुशील नगर उरई, नैतिक (15) पुत्र देवेन्द्र व वंदना (30) पत्नी देवेन्द्र निवासीगण कछोरन घायल हो गये। घटना की सूचना पुलिस मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। राहगीरों की मदद व एम्बुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सौरभ, हेमा व नैतिक को छुट्टी दे दी गई। जबकि अन्य घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्था रेफर किया गया।

## पति से हुई कहासुनी के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । उरई**

- एक वर्ष पहले प्रेमी के साथ भागकर की थी शादी

एक वर्ष पहले प्रेमी के साथ भागकर शादी करने वाली एक युवती ने सोमवार को संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम जैसारी कला के रहने वाले शिवराम बरार की 22 वर्षीय पुत्री सुमन गांव के ही रहने वाले सुरेंद्र वर्मा से प्रेम करती थी। वह एक साल पहले अपने प्रेमी सुरेंद्र के साथ भाग गई थी। जिस पर सुमन के पिता शिवराम ने सुरेंद्र के खिलाफ डकोर कोतवाली में शिकायत की थी। जिस पर पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए युवती को सकुशल बरामद कर सुरेंद्र को गिरफ्तार भी कर लिया था। लेकिन इस दौरान सुमन ने सुरेंद्र से शादी भी कर ली थी। लेकिन वह घर वालों के साथ रहने के लिए तैयार नहीं थी। जिसके चलते थाने से ही सुमन को प्रेमी सुरेंद्र के साथ भेज दिया गया था। इसके बाद वह उरई कोतवाली के मोहल्ला रामनगर में किराए के मकान में प्रेमी पति के साथ रहने लगी थी। साथ ही एक महीना पहले सुमन ने एक पुत्र को जन्म दिया था। रविवार रात को सुरेंद्र और सुमन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिस पर उसने सुमन के साथ मारपीट कर दी। जिससे आहत होकर उसने सोमवार को गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और मोहल्ले के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहीं खबर मिलते ही डकोर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौहान ने दरोगा और अन्य पुलिस टीम को मौके पर भेजा। जहां पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरे मामले को लेकर उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी और डकोर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शशिकांत का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। शिकायत मिलती है, तो उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## फौजी के घर से चुराई गई दोनाली समेत चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी व कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम ने चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को लाइसेन्सी बन्दूक, कारतूस, 1.5 लाख कीमत के जेवर तथा नगदी के साथ गिरफ्तार किया है।
पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि बीती 19 अगस्त को फौजी रामलखन यादव ने सूचना दी थी कि अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर चोरी कर ली है। इस पर कोतवाली कर्वी में सम्बधित धाराओं के तहत अभियोंग पंजीकृत किया गया था। पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटना के खुलासे के लिए की जा रही विवेचना के दौरान सोमवार को बन्धोईन बन्धे के पुलिया के पास बने चबूतरे से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जेवर, नगदी व एक लाइसेन्सी बन्दूक बरामद की गई। पूंछतांछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम दीपक गुरू निवासी कछारपुरवा मजरा कोल गदहिया कोतवाली कर्वी व भानू प्रताप उर्फ लल्ला मिश्रा निवासी सूफा थाना चरखारी जनपद महोबा बताया। आरोपियों ने बताया ये लोग अपने दो अन्य साथियों राजकुमार कोरी उर्फ छोटू निवासी काजी पुरा कोतवाली महोबा जनपद महोबा व राजू अहिरवार निवासी बजरिया कोतवाली महोबा जनपद महोबा के साथ मिलकर चोरी करते है तथा जो भी सामान मिलता है आपस में बांट लेते हैं। बताया कि चार माह पहले अगस्त महीने में इन लोगों ने बनकट मोड के आगे फौजी के दो घरों में रात के समय ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिए थे। इसी प्रकार दो माह पूर्व कर्वी माफी में के भीम सिंह के घर का ताला तोडकर आभूषण व नकदी चोरी किए थे। इन चोरियों से प्राप्त धनराशि और जेवर को ये लोग आपस में बांट लिए थे तथा कुछ सामान बेच भी दिए थे।

## पौध रोपण कर जिला जज ने बताया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का महत्व

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा न्याय एवं विधि मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ग्लोबल कैम्पेन ''एक पेड़ माँ के नाम'' के सम्बन्ध में दिए गए निर्देशानुसार सोमवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने जिला न्यायालय परिसर में पेड़ लगाकर ''एक पेड़ माँ के नाम'' ग्लोबल कैम्पेन का शुभारम्भ किया। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' एक प्रयास है, जो हमारी मातृ?भूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। कैम्पेन की नोडल अधिकारी अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि धरती माँ का श्रृंगार हरियाली में निहित है। हम धरती को माँ के रूप में मानते है और माटी को भी माँ का दर्जा दिया गया है। धरती को उर्वरा, मौसम को खुशनुमा, स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण रहित हवा, जलस्रोत को बढ़ावा और जल-जमीन-जंगल और जीवों के जतन की जिम्मेदारी हम सबकी सहभागिता से पूरी होगी। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और धरती को फिर से बेहतर बनाने के लिए हमें ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान में हिस्सेदारी करते हुए पौधे लगाना होगा। सभी न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया गया कि सभी लोग अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगायें।
इस मौके पर अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील, विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट रेनू मिश्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन कुमार दीक्षित, सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी सोनम गुप्ता, सिविल जज जूनियर डिविजन सैफाली यादय सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## 22 को होगी राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा को सकुशल संपन्न के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापकों व सह केंद्र व्यवस्थापकों सहित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को कलेक्टरेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।
जिलाधिकारी ने उपस्थित सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों व सह केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि आगामी 22 दिसंबर रविवार को राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा 2024 आयोजित की जाएगी। जिसके लिए जनपद में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 4032 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा को आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार सम्पन्न कराना है। शासन द्वारा भी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। बताया कि यह परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। जिसमें प्रथम पाली का समय प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली का समय अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक है। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेटों केन्द्र व्यवस्थापकों व सह केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा को संपन्न कराने के लिए आयोग द्वारा जो निर्देशिका दी गई है, उसका अध्ययन अच्छी तरह से करके परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए। इस परीक्षा को भी सुचितापूर्ण व शांतिपूर्ण कराना हम सबका दायित्व है। परीक्षा के पूर्व सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करके सीसीटीवी कैमरों के संचालन, भवन की स्थिति, पेयजल, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय व सुरक्षा व्यवस्था आदि का निरीक्षण अवश्य करले। साथ ही परीक्षा से पूर्व अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक विद्यालय में अवश्य करके आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों जानकारी दी जाए तथा बैठक की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराए।
पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। परीक्षा को सकुशल व शान्तिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा। किसी भी स्तर पर कानून व्यवस्था को देखते हुए लापरवाही नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर समय से सीसीटीवी कैमरा आदि व्यवस्थाएं हो जाए ताकि परीक्षा के दौरान कोई समस्या न हो। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज के अजय पांडेय ने कहा कि यह प्रदेश की बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसके लिए जो आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा को सजगता के साथ संपन्न कराए। उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम ने परीक्षा से संबंधित ओएमआर शीट, सीटिंग प्लान, परीक्षार्थियों की तलाशी, प्रपत्रों को भरने, बायोमेट्रिक कार्य, सीसीटीवी कैमरो के संचालन आदि के बारे में जानकारी दी गई।
बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापक आदि मौजूद रहें।

### ऋषभ, अमित और राधा को मिला पुरस्कार




**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** स्टाइल बाजार की ग्रैंड ओपनिंग तीन अगस्त 2024 को बस स्टैंड बी बाजार के बगल में हुई जिस पर ओपनिंग वाले दिन 5000 की खरीदारी पर कूपन वितरण किया गया था। जिसके इनाम का वितरण स्टोर प्रबंधक समरजीत सिंह के द्वारा किया गया। प्रथम पुरस्कार ऋषभ केसरवानी टीवीएस मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार अमित पाल टीवीएस स्कूटी और तृतीय पुरस्कार राधा गुप्ता पत्नी गणेश गुप्ता एलईडी टीवी और इसी प्रकार क्रम में 25 लोगों को गोल्ड कॉइन एवं सिल्वर कॉइन और अन्य गिफ्ट पैकेट वितरण किए गए।

## एकतरफा मैच में जबलपुर ने नोएडा को हराया

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब एवं दीन दयाल शोध संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित किए जा रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप के पूल ए के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में जबलपुर ने नोएडा को 100 रन के विशाल अंतर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।
मैच का शुभारम्भ समाजसेवी संतोष त्रिपाठी, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय प्रोफेसर अमरजीत सिंह व भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय सदस्य देव शुक्ला ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया। जिसमें जबलपुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रदीप सिंह के 55 एवं साहिल लोधी के 43 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 184 रन बनाए तथा नोएडा के सचिन ने जबलपुर के तीन खिलाड़ियों को आउट किया। इसके बाद 185 रन के लक्ष्य प्राप्त करने उतरी नोएडा की टीम 15.3 ओवर में 84 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच जबलपुर के कुशाग्र को पांच एवं देवांश को तीन विकेट प्राप्त हुए। मैच में अंपायर रोशन सेन, पंडित वेद प्रकाश, कमेंटेटर सर्वेश निगम, मनोज मिश्रा व स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे। इस मौके पर दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता प्रभारी मनोज सैनी, शैक्षिक संस्थान प्रभारी कालिका प्रसाद श्रीवास्तव, विद्यालय के प्राचार्य मदन तिवारी, रमाकांत कुशवाहा, मनीष वर्मा, महेश प्रजापति, दशरथ प्रजापति, सुनील दुबे, संजय दुबे, मुकेश, रामेश्वर आदि मौजूद रहे।



**हमने अपनी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी को...**

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके तीन दिन की भारत यात्रा पर हैं। उनके दौरे और पीएम मोदी के साथ बैठक को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉफ्रेंस की, उन्होंने बताया कि, दोनों दोशों के नेताओं के बीच व्यापक चर्चा हुई और इस बात पर... पढ़ें पेज 12 पर...

# भारत में राम-कृष्ण व बुद्ध की परंपरा ही रहेगी बाबर और औरंगजेब की नहीं : सीएम योगी

## किसी भी मत-मजहब के त्योहारों के दौरान समस्या नहीं होती, यदि हिंदू पर्व के दौरान किसी ने समस्या खड़ी की तो सरकार सख्ती से निपटेगी: सीएम

- राज्यसभा के सभापति, माननीय न्यायमूर्ति के बयान के पक्ष में भी सीएम ने विपक्षी दलों को घेरा
- प्रदेश में पावर कॉरपोरेशन का लाइनलॉस 30 से कम, लेकिन संभल के दीपासराय व मीरासराय मोहल्ले में 78 व 82 फीसदी: मुख्यमंत्री



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शीतकालीन सत्र में सोमवार को अपनी रौ में रहे। उन्होंने समाजवादी पार्टी, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों को आईना दिखाया। संभल, बहराइच, संविधान, सांप्रदायिक दंगों पर सीएम ने विपक्षी दलों को खूब घेरा और उन्हें सच्चाई से वाकिफ कराया। मुख्यमंत्री ने साफ-साफ कहा कि भारत में राम-कृष्ण व बुद्ध की परंपरा ही रहेगी, बाबर और औरंगजेब की नहीं। सीएम योगी ने कहा कि संभल में तुर्क व पठान का विवाद चल रहा है। शफीकुर्रहमान बर्क (सपा के पूर्व सांसद-अब स्मृतिशेष) खुद को भारत का नागरिक नहीं, बल्कि बाबर का संतान कहते थे। आपको तय करना है कि आक्रांताओं को अपना आदर्श मानते हैं या राम-कृष्ण, बुद्ध की परंपरा को। भारत में राम-कृष्ण व बुद्ध की परंपरा ही रहेगी, बाबर और औरंगजेब की परंपरा नहीं रहेगी। सीएम योगी ने पूछा कि मोहर्रम या कोई भी मुस्लिम त्योहार का जुलूस हिंदू मोहल्ले से, मंदिर के सामने से सुरक्षित निकल जाता है तो कोई समस्या नहीं होती। समस्या वहीं पर क्यों खड़ी होती है, जब कोई हिंदू शोभायात्रा किसी मस्जिद के सामने या मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से निकलती है। क्या भारत की धरती पर केसरिया झंडा नहीं लग सकता। पूछना चाहता हूं कि हिंदु मोहल्ले से और मंदिर के सामने से मुस्लिम जुलूस निकल सकता है तो मुस्लिम मोहल्ले से कोई शोभायात्रा क्यों नहीं निकल सकती।

### मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी को दी नसीहत, संविधान की मूल प्रस्तावना को पढ़ें और मौलिक अधिकारों का अध्ययन करें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष से कहा कि बाबा साहब आंबेडकर के मूल संविधान की प्रस्तावना को पढ़ें और मौलिक अधिकारों को देखें। अलग-अलग पृष्ठों का अवलोकन करेंगे तो आपको उसमे राम-कृष्ण, बजरंग बली और बुद्ध भी नजर आएंगे। भारत की समृद्ध परंपरा का दर्शन आपको उसी संविधान में मिलेगा, लेकिन उस मूल संविधान में कहीं भी धर्मनिरपेक्ष, पंथनिरपेक्ष या समाजवाद शब्द नहीं है। सपा पर कटाक्ष करते हुए सीएम ने कहा कि संभल में जैसे ही आपके खटाखट की असलियत सामने आई, जनता ने कहा सफाचट। उपचुनाव में 9 में से 7 पर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन जीता है। %चच्चू% थोड़ी कृपा कर लिए, नहीं तो करहल व सीसामऊ भी सफाचट ही था। अगली बार यही होगा। कुंदरकी, कटेहरी, खैर, मझवा, गाजियाबाद, मीरापुर, फूलपुर की जीत भारत के संविधान की जीत है।

### भारत अकेला देश, जहां बहुसंख्यक समाज विशेष अधिकार की नहीं, समान नागरिक कानून की मांग कर रहा

सीएम ने कहा कि भारत अकेला देश है, जहां बहुसंख्यक समाज अपने लिए विशेष अधिकार की नहीं, बल्कि समान नागरिक कानून की मांग कर रहा है। सीएम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश के समान नागरिक कानून के बयान की वकालत की तो राज्यसभा के सभापति (उपराष्ट्रपति) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस पर भी सपा-कांग्रेस को घेरा। सीएम ने कहा कि यह लोग गन प्वाइंट पर संवैधानिक संस्थाओं से अपनी बात मनवाना चाहते हैं।

### जय श्री राम हमारी श्रद्धा का नारा है

सीएम योगी ने कहा कि जय श्री राम का नारा उत्तेजक नहीं है, ये हमारी श्रद्धा का नारा है। कल आपसे कहूं कि अल्लाह हो अकबर का स्लोगन हमें अच्छा नहीं लगता तो क्या आपको अच्छा लगेगा।

### ... इसलिए कहा कि न बटेंगे और न कटेंगे

सीएम योगी ने विपक्षी नेताओं से कहा कि यदि आपने बाबरनामा पढ़ा होता तो ये बहस करते ही नहीं। आपकी तो राजनीति बांटने और कटवाने की रही है। इसीलिए हमने कहा है कि न बटेंगे और न कटेंगे। मुख्यमंत्री ने एनसीआरबी डेटा के आंकड़ों के मुताबिक बताया कि 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक की कमी आई है। 2017 से अब तक यूपी में दंगे नहीं हुए हैं, जबकि 2012 से 2017 (सपा कार्यकाल) तक प्रदेश में 815 सांप्रदायिक दंगे और 192 लोगों की मौत हुई। 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, इसमें 121 लोगों की मौत हुई। संभल में 1947 से लगातार माहौल खराब किया गया । 1947 में एक मौत और 1948 में छह लोग मारे जाते हैं। 1958-1962 में दंगा, 1976 में पांच लोगों की मौत हुई थी। 1978 में 184 हिंदुओं को सामूहिक रूप से जला दिया गया था। अनवरत कई महीनों तक कर्फ्यू लगा। 1980-1982 में दंगा और एक-एक की मौत हुई। 1986 में चार लोग मारे गए।1990-1992 में पांच, 1996 में दो मौत हुई। लगातार यह सिलसिला चलता रहा। 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हत्या हुई। 1978 के दंगे में वैश्य के हाथ, पैर, गला तक काट दिया गया। सीएम ने सदन को आश्वस्त भी किया कि पत्थरबाजी व माहौल खराब करने वाला एक भी दंगाई बचने वाला नहीं है।

### संभल की घटना में ज्यूडिशियल कमीशन गठित

सीएम ने कहा कि बहराइच व संभल की घटना में प्रशासन की कार्रवाई न्यायसंगत तरीके से बढ़ रही है। संभल की घटना में ज्यूडिशियल कमीशन गठित किया गया है। इसके सदस्य बयान लेंगे, सबकी बात सुनेंगे और सच को सामने लेकर आएंगे।

### पटल पर रखे गए अध्यादेश

- उप्र अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग (संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र गोसेवा आयोग (संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र राज्य लोक सेवा आयोग (प्रक्रिया का विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (आठवां संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (नौवां संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (दसवां संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश 2024

### पटल पर रखे गए विधेयक

- उप्र माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2024
  उप्र जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक 2024
- उप्र श्रम कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (पांचवां संशोधन) विधेयक 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (छठवां संशोधन) विधेयक 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) विधेयक 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (आठवां संशोधन) विधेयक 2024
- उप्र गोसेवा आयोग (संशोधन) विधेयक 2024

## एक्सप्रेस खबरें...

### गो आधारित उत्पादों का ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान बढ़ाने एवं गोशालाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** गो सेवा आयोग के तत्वावधान में आज गो सेवा आयोग सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने की, जिसमें उपाध्यक्ष महेश शुक्ल एवं सदस्यों राजेश सिंह सेंगर एवं रमाकांत उपाध्याय भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का विषय गो आधारित उत्पादों का ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान अवसर एवं चुनौतियां था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गोवंश आधारित उत्पादों एवं पंचगव्य के महत्व को समझना तथा इन उत्पादों की उपयोगिता को जनसाधारण तक पहुंचाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इनकी भूमिका को मजबूत करनाथा।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये अध्यक्ष गो सेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्त ने अपने उदबोधन में कहा कि गोवंश हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। गो उत्पाद जैसे पंचगव्य, जैविक खाद, औषधियां, और स्वदेशी उत्पाद न केवल ग्रामीण क्षेत्र के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर सकते हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक हो सकते हैं।

### ससमय व्यय की जाए योजनाओं हेतु आवंटित धनराशि

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डा संजय कुमार निषाद ने आज यहां मुख्यभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की अद्तन प्रगति, आवंटित बजट व व्यय विवरण की गहन समीक्षा की। मत्स्य मंत्री ने अधिकारियों को माह फरवरी 2025 तक शत-प्रतिशत बजट के सदुपयोग करने के सख्त निर्देश दिये। योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवंटित धनराशि को ससमय व्यय किया जाए और प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के लक्ष्यों को पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मत्स्य योजनाओं और मछुआ समुदाय के हितार्थ कार्यों में धनराशि के अभाव में किसी प्रकार का विलम्ब न होने पाए। बहुद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन के कार्य की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अभियान चलाकर 1000 नई समितियों के गठन का कार्य पूरा किया जाए ताकि मछुआ समुदाय के अधिक से अधिक मछुआरों को रोजगार दिया जा सके। प्रदेश में मोती की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए और इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाए।

### मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना: पावरलूम बुनकरों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है उद्देश्य-सचान

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में लखनऊ के खादी भवन में मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत पावरलूम बुनकरों को सौर ऊर्जा का लाभ प्रदान करने, उनके समक्ष आ रही समस्याओं का समाधान करने के लिए विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में योजना को अधिक प्रभावी और उपयोगी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण संशोधन प्रस्ताव रखे गए।मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना का उद्देश्य पावरलूम बुनकरों को परंपरागत ऊर्जा स्रोत, विशेषकर विद्युत पर निर्भरता को कम करके सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत बुनकरों को सब्सिडी पर सोलर पावर प्लांट प्रदान किए जाएंगे, जिससे उनकी लागत में कमी आएगी और वे अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बन सकेंगे।योजना के दिशा-निर्देशों में प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, पावरलूम बुनकर अब यूपीनेडा के माध्यम से या यूपीनेडा में पंजीकृत किसी अन्य आपूर्तिकर्ता से सोलर पावर प्लांट स्थापित करवा सकते हैं। शर्त यह है कि बुनकर द्वारा चयनित संस्था की दर यूपीनेडा की तुलना में कम होनी चाहिए। यदि दोनों की दर समान है, तो बुनकर को यूपीनेडा का ही चयन करना होगा। इससे बुनकरों को अधिक लचीलापन मिलेगा और उन्हें सस्ती दरों पर सोलर पावर प्लांट उपलब्ध हो सकेगा।

### उत्तर प्रदेश का पहला स्टार्टअप फाउंडर्स राउंडटेबल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का पहला स्टार्टअप फाउंडर्स राउंडटेबल आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आज बापू भवन, लखनऊ में आयोजित हुआ। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देना और नवाचार के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक मजबूत आर्थिक और तकनीकी हब के रूप में विकसित करना था।बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के स्टार्टअप्स ने भाग लिया और परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं। इनमें स्पोर्ट्स स्टार्टअप ने बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने पर जोर दिया, जबकि बायोडीजल जनरेशन स्टार्टअप ने वेस्ट ऑयल से बायोडीजल उत्पादन कर स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की पहल की। स्किल डेवलपमेंट स्टार्टअप ने गैर-तकनीकी उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें तकनीकी क्षेत्र में कुशल और रोजगार योग्य बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। इसके अलावा, वेस्ट मैनेजमेंट स्टार्टअप ने स्मार्ट पोर्टल के माध्यम से कचरे के स्मार्ट पृथक्करण और पुनर्चक्रण की आधुनिक व्यवस्था प्रस्तुत की। ऑगमेंटेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी स्टार्टअप्स ने तकनीकी नवाचारों को प्रदर्शित किया और सोलर मैन्युफैक्चरिंग स्टार्टअप ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नई संभावनाओं को सामने रखा।

## लविवि के छात्रों ने शुरू किया अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन, कई मांगे रखीं



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय में समाजवादी छात्रसभा से जुड़े छात्रनेताओं ने सोमवार को भाउराव देवरस द्वार पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों ने कहा कि जब तक विश्वविद्यालय उनकी मांगे पूरी नहीं करता है, प्रदर्शन जारी रहेगा। छात्र-नेताओं ने आरोप लगाया कि स्थापना दिवस के एक सप्ताह पहले उन्होंने विवि के ऐतिहासिक छात्रसंघ भवन के जीर्णोधार समेत अन्य मांगों को लेकर कुलपति को ज्ञापन दिया था। जो अब तक पूरी नहीं हुई है। इसी के चलते यह अनिश्चितकालीन प्रदर्शन शुरू हुआ है। समाजवादी छात्रसभा इकाई के अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय का छात्रसंघ भवन अपने आप में तमाम इतिहास संजोए है। इसकी अनदेखी करना यहां निकले तमाम छात्रनेताओं का अपमान है। हमारी चार प्रमुख मांगे हैं कि छात्रसंघ भवन को रंग-रोगन कर पुराने स्वरूप में लाया जाए। छात्रसंघ भवन के प्रांगण में लगी छात्र-नेताओं की प्रतिमाओं की नियमित सफाई की जाए। छात्रसंघ भवन पर होने वाली बैठकों के दोबारा संचालन की अनुमति दी जाए। इसके साथ ही पूर्व में हिंदी विभाग में स्थापित डॉ. अंबेडकर का चित्र और संविधान की प्रस्तावना वहां पुनः लगाई जाए। छात्रनेताओं को समझाने के लिए प्राक्टोरियल बोर्ड की टीम मौके पर पहुंची लेकिन उन्होंने बिना मांगों के माने जाने बगैर धरना स्थल से उठने से मना कर दिया।

## मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता ने इटौंजा विद्युत उपकेन्द्र ओटीएस कैंप का किया स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र इटौंजा विद्युत उपखंड केन्द्र पर सोमवार को बी.पी सिंह मुख्य अभियंता जानकीपुरम क्षेत्र व अधीक्षण अभियंता अरुण कुमार राय ने इटौंजा विद्युत उपखंड केन्द्र परिसर में लगे ओटीएस योजना के कैंप का निरीक्षण किया। बता दें कि इस दौरान अधीक्षण अभियंता ने इटौंजा विद्युत उपखंड क्षेत्र के बनौगा ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र के पास लगें ओटीएस कैंप का निरीक्षण किया। वहीं लगभग 62 विद्युत उपभोक्ताओं के द्वारा ओटीएस योजना के तहत छूट का लाभ लिया गया हैं। इटौंजा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराया गया,जिससे उनका बिल जमा करने में अधिकार माफ हो जायेगा। 31 दिसंबर 2024 तक चलती रहेंगी, जिसके तहत इटौंजा के ग्रामीण क्षेत्र एवं कस्बों के विद्युत उपभोक्ताओं को इस ओटीएस योजना का लाभ 31 दिसंबर तक मिलता रहेगा।

## संपत्ति के लालच में बेटे ने प्रेमिका संग मिलकर की पिता की हत्या

- बेटे ने पिता को जलाकर उतारा मौत के घाट, बेटे ने प्रेमिका संग मिलकर दिया वारदात को अंजाम
- पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घटना का किया खुलासा, प्रेमिका व प्रेमी को हुई जेल



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के निगोहां थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में पिता पुत्र के रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। बता दे कि लखनऊ कमिश्नरेट के निगोहां थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी किसान रामू रावत उम्र (44) बृहस्पतिवार शाम घर से खाना लेकर खेत की रखवाली करने के लिए गए थे, शुक्रवार सुबह खेत में बने तीस फीट गहरे बोरवेल के गड्ढे में जला हुआ शव मिला था। वहीं सुबह ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट के निशान होने पर पुलिस का शक गहराया गया। वहीं किसान रामू रावत की हत्या संपत्ति के लालच में बेटे के कर दी थी, बेटे ने प्रेमिका के साथ मिलकर किसान रामू की हत्या कर शव को खेतों में जला दिया था और सबको खेत के पास ही बने 30 फीट गहरे गड्ढे में फेंक दिया था वही सोमवार को निगोहां पुलिस टीम व डीसीपी ने सोमवार को घटना का खुलासा कर दिया, पुलिस के मुताबिक जब हकीकत घर वालों के सामने आई तो घर वालों सहित गांव के लोगों के होश उड़ गए। पुलिस ने रामपुर गांव में आरोपी बेटे धर्मेश उम्र 26 वर्ष व प्रेमिका रेनू उम्र 24 वर्ष को निगोहां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक मृतक रामू के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले थे, रामू की बेटी जूली ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था और संदेह के आधार पर पुलिस ने बेटे समेत कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर लीं है। वहीं पुलिस के मुताबिक आरोपी बेटे को शक था कि उसके पिता उसे जायदाद में हिस्सा नहीं देंगे वह इस बात से नाराज होकर अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और बेटे ने प्रेमिका से अपने पिता की नजदीकियां बढ़वाईं ताकि वह जमीन अपने नाम करवा सकें। पुलिस ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से प्रेमिका पिता के क़रीब गई और अवैध संबंध बनाना और इस रिश्ते का फायदा उठाकर पिता पर दबाव डालकर जमीन और संपत्ति बेटे और प्रेमिका के नाम कर दें। पुलिस ने बताया कि घटना की रात आरोपी दुर्गेश अपनी प्रेमिका रेनू को पिता के पास ले गया और वहां दोनों ने मिलकर पिता से जमीन नाम करने की मांग की, तभी पिता ने इसका विरोध कर दिया, जिस पर तीनों में झगड़ा शुरू हो गया और झगड़े में गुस्साए बेटे ने अपने पिता को धक्का देकर बोरवेल में गिरा दिया और बेटे ने जलता हुआ धान का पुआल बोरवेल में डालकर उन्हें जिंदा जला दिया, हत्या को अंजाम देने के बाद बेटा पिता का मोबाइल लेकर, कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि मृतक रामू रावत के सिर पर चोट पहुंचाकर जलाकर मारने की पुष्टि हुई थी। वही सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डीसीपी केशव कुमार व एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशान में निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी व उनकी टीम ने हत्या की घटना का खुलासा किया जिस पर डीसीपी ने तारीफ करते हुए पुरस्कार देने की घोषणा की और आरोपी धर्मेश व रेनू को जेल भेज दिया गया हैं।

## सोनवां गांव में जमीनी विवाद में घायल रिटायर्ड होमगार्ड की ईलाज के दौरान मौत

- परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज करने, आरोपियों की गिरफ़्तारी की मांग कर हंगामा किया
- महिगवां पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों को किया गिरफ़्तार, परिजन हुए शांत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**





लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन क्षेत्र महिंगवां थाना पहाड़पुर चौकी क्षेत्र के सोंनवा गांव में बीते 30 नवंबर को सुबह ग्राम समाज की सरकारी ज़मीन के कब्जे को लेकर हुए मारपीट में घायल रिटायर्ड होमगार्ड गंगाराम सागर उम्र 50 वर्ष पुत्र बिंद्रा प्रसाद की लगभग 16 दिन बाद अस्पताल में ईलाज के दौरान रविवार देर रात मौत हो गई। बता दें कि सोनवां गांव निवासी गंगाराम सागर की मौत से परिजनों व गांवों में तनावपूर्ण माहौल बना रहा और मृतक के बेटों एवं उनके घरवालों का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं ग्रामीणों की माने तो काफ़ी समय से ग्राम समाज की सरकारी ज़मीन पर कब्जे को लेकर कई बार दोनों पक्षों में कहासुनी हो चुकी थी और विवाद को लेकर मृतक गंगाराम सागर ने महिंगवा थाना पर शिकायती पत्र भी दिया था। सूत्रों की माने तो एक बार विवाद होने के बाद सुलाह भी हो गई थी। वहीं 30 नवंबर को सुबह सरकारी जमीन के पास बनी एक छोटी सी दीवार को लेकर आपस में जमकर मारपीट हो गई, गंगाराम सागर व मौजूदा ग्राम प्रधान में मारपीट हुई जिसमें में घंटों ईंट पत्थर चलते रहे, तभी प्रधान पक्ष के लोगों ने गंगाराम के घर में घुसकर बुरी तरह मारा पीटा था और घर में तोड़फोड़ भी की थी, इसके बाद परिजनों ने गंगाराम को अस्पताल में भर्ती करवाया था और महिगवां थाने में लिखित शिकायत दी थी। मृतक के परिजनों की माने तो मृतक गंगाराम सागर एवं ग्राम प्रधान सोंनवा अशोक गिरी जमीनी विवाद को लेकर 30 नवंबर को सुबह आपस में लड़ाई हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी,जिसमें मृतक गंगाराम सागर को मौजूदा ग्राम प्रधान की तरफ़ से पीट-पीट कर अधमरा कर दिया गया था। मृतक के पुत्र ने बताया कि ग्राम प्रधान अशोक गिरी ने मेरे पिता के ऊपर जान से मारने की नियत से सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए थे, परिजनों ने बताया कि घटना के आज लगभग 16 दिन बाद मेरे पिता के अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने कड़ी कार्यवाही नहीं की थी मामला दबा दिया था। वहीं बेटे ने बताया कि रविवार देर रात मेरे पिता की अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई, मेरे पिता की मौत पर प्रधान समेत अन्य लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाये। वहीं मृतक के परिजनों द्वारा सोमवार दिनभर घर के पास हंगामा किया गया और परिजन जिद पर अड़े थे की हत्या का मुकदमा दर्ज हो और आरोपियों की गिरफ्तारी हो, वहीं शाम को परिजन शव को सड़क पर लाकर हंगामा शुरू कर दिया, तभी बीकेटी थाना प्रभारी, इटौंजा थाना प्रभारी, महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद सूर्य अस्त के पहले ही महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने परिजनों को शांत करवाया और आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया और परिजनों को शांत करवाया। इस घटना की जानकारी मिलते ही बीकेटी एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और परिवारों की हर संभव मदद करने का परियोजना को आश्वासन दिया, तब जाकर परिजन माने और बेटे ने पिता को अग्नि दी। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले में आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाहीं करेंगी।

# अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह द्वारा मध्य रात्रि रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह द्वारा मध्य रात्रि रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गयाअपर जिलाधिकारी द्वारा सर्दी के बढ़ते मौसम के मद्देनजर, जनपद के विभिन्न रैन बसेरो का मध्य रात्रि औचक निरीक्षण कर उपलब्धव्यवस्थाओं को देखा गया तथा उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि रैन बसेरे में आने वाले लोगो को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा उनसे कोई शुल्क आदि न लिया जाए, इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित कराया जाए कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए, यदि कही कोई ऐसा दिखे तो उसको पास के रैन बसेरा में शिफ्ट कराया जाए उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि रैन बसेरे में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल, बस अड्डा , रेलवे स्टेशन व सुपर मार्केट रैन बसेरे का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर तहसीलदार सदर सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पेंशनर दिवस का आयोजन 17 दिसंबर को : डीएम

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि शासन केनिर्देशानुसार पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण की कार्यवाही किए जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में 17 दिसंबर 2024 को पूर्वाह्न 11:00 से पेंशन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। पेंशनर्स दिवस में जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष स्वयं प्रतिभाग करेंगे ताकि पेंशनर्स की ऐसी समस्याएं जिनका निराकरण कार्यालयाध्यक्षों द्वारा किया जाता है, के त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित हो सकेजिलाधिकारी ने बताया कि पेंशनर्स दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले सेवानिवृत्त राजकीय कर्मचारी बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा व विद्युत विभाग के पेंशनर्स संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, जिनके साथ वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा अन्य कार्यालयाध्यक्ष पेंशन स्वीकृत एवं भुगतान की प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों तथा शासन द्वारा लागू की गयी ई-पेंशन प्रणाली के क्रियान्वयन के तकनीकी पक्ष पर चर्चा करेंगे।

# आबकारी विभाग की छापेमारी में पकड़ी गई 45 लीटर अवैध शराब

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में सोमवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम अन्नीबैजल, अर्जुनपुर,केसरी का पुरवा,भीमी, पनवारी व तेतार पुर में आकस्मिक दबिश दी गयी।दबिश के दौरान क्षेत्र एक गौरीगंज थाना के अंतर्गत ग्राम अर्जुनपुर,अन्नीबैजल से कुल 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।और करीब 150 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया।इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। कार्यवाही में प्रभारी आबकारी निरीक्षक सतीश चंद्र दीक्षित क्षेत्र एक व आबकारी स्टॉफ अजीत कुमार सिंह,सर्वेश वर्मा,पुष्पेंद्र कुमार प्रीति पाल आबकारी सिपाही सम्मलित रहें।

# लेखपाल पर पीड़ित ने लगाया पीएम आवास गिरवाने का आरोप

- पीड़ित ने अमेठी तहसील में किया प्रदर्शन,लेखपाल पर लगाया घूस मांगने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



अमेठी तहसील के खाजा गांव के रहने वाले एक युवक ने प्रधानमंत्री आवास के गिराए जाने को लेकर सोमवार को तहसील पहुंचकर जमकर हंगामा किया।युवक का आरोप है कि गांव के लेखपाल ने घूस न मिलने के कारण उसकी आवासीय योजना के मकान की रिपोर्ट गलत लगाई।जिसके चलते प्रशासन ने उसका प्रधानमंत्री आवास जमींदोज कर दिया। सोमवार को तहसील अमेठी क्षेत्र अंतर्गत खाजा गांव के रंजीत पाल हाथों में तख्ती-बैनर लेकर अमेठी तहसील पहुंचे।और जोर-जोर से चिल्लाते हुए अपनी शिकायत प्रशासन से की।रंजीत पाल का कहना है कि पिछले दस महीनों से वह अधिकारियों के चक्कर काट रहा है।लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।युवक के हंगामे की आवाज सुनकर तहसील परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई।रंजीत का कहना है कि गांव के लेखपाल ने उसे घूस देने का दबाव डाला।और जब उसने घूसकी रकम नहीं दी तो उसने उसकी रिपोर्ट में गड़बड़ी की।जिससे प्रशासन ने उसका प्रधानमंत्री आवास गिरवा दिया। रंजीत ने आरोप लगाया कि उसकी आवासीय कॉलोनी बंजर आबादी के रूप में तब्दील की गई थी।जिसमें 25 से 30 परिवार रहते हैं।युवक ने कहा कि कानून के अनुसार एसडीएम को यह अधिकार है कि वह ऐसे गरीब परिवारों की स्थलीय रिपोर्ट लेकर उन्हें श्रेणी छ बंजर आबादी में तब्दील करे।लेकिन तहसील प्रशासन ने उसकी निर्मित कॉलोनी को गिरा दिया।इस मामले में रंजीत पाल ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल इस मामले पर एसडीएम ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## भारत-पाक युद्ध 1971 में भारतीय सेनाओं की अतुलनीय विजय की स्मृति में विजय दिवस का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ0प्रा0) ने बताया है कि भारत-पाक युद्ध 1971 में भारतीय सेनाओं की अतुलनीय विजय की स्मृति में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के प्रांगण में विजय दिवस मनाया गया। उन्होंने बताया कि समारोह में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। उन्होंने बताया कि रायबरेली जनपद के 1971 के युद्ध में प्रतिभाग करने वाले पूर्व सैनिक एम0सी0पी0ओ0 जगन्नाथ गुप्ता, सीमैन 1 एस0 बी0 सिंह, एलईएमपी श्याम किशोर, सिग्नलमैन-1 मकसूद अहमद खान एवं बसन्त सिंह पुत्र शहीद सैनिक रवि नारायण को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली ने समारोह में सम्मिलित होने हेतु सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम के दौरान कार्यालय के समस्त स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा है।

# आरजीआईपीटी में माध्यमिक विद्यालयों के छात्र छात्राओं का भ्रमण कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में समग्र शिक्षा अभियान तथा उप्र माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम चल रहा है।संस्थान में चल रहे माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के पांचवे दिन सोमवार को राजकीय इंटर कालेज फुरसतगंज, अमेठी तथा राजकीय इंटर कालेज, अताउरा बुजुर्ग रायबरेली के छात्र छात्राएं संस्थान में उपस्थित रहे।

संस्थान के निदेशक आचार्य आलोक कुमार सिंह,अधिष्ठाता छात्र मामले सह आचार्य देबाशीष पाण्डा, विभागाध्यक्ष पेट्रोलियमअभियांत्रिकी एवं भूविज्ञान अभियांत्रिकी विभाग आचार्य सतीश कुमार सिन्हा तथा रासायनिक एवं जैवरासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के सहआचार्य वी.एस सिस्टला, राजकीय इंटर कालेज फुरसतगंज, अमेठी के प्रधानाचार्य तथा राजकीय इंटर कालेज अताउरा बुजुर्ग रायबरेली के प्रधानाचार्य द्वारा उद्घाटन अभिभाषण दिया गया। दोनों विद्यालयों से कक्षा 9 से 12 तक के 450 से अधिक छात्र छात्राओं ने भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया। आचार्य सतीश कुमार सिन्हा तथा सह-आचार्य वी.एस. सिस्टला द्वारा उपस्थित छात्र,छात्राओं को कक्षाओं में पठन-पाठन कराया गया तथा परिसर में भ्रमण के साथ-साथ प्रयोगात्मक गतिविधियों से अवगत कराने हेतु भौतिकी,रसायन बायोगैस बायोमॉस,पेट्रोलियम एवं रासायनिक प्रयोगशालाओं में भ्रमण कराया गया।इस अवसर पर संकाय सदस्य व कार्मिक उपस्थित रहे।

# उन्नीस मंडलों की चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज,अमेठी**



भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के तहत मंडल अध्यक्ष पद के लिए सभी उन्नीस मंडलों में चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई है।जनपद के मंडलों में लगाएं मंडल चुनाव अधिकारियों ने सोमवार को मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी कर जिला चुनाव अधिकारी को सौंप दी। जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा एवं जिला सह चुनाव अधिकारी सुधांशु शुक्ला प्रदेश में पहुंचाने का काम करेंगे।इसके बाद प्रदेश नेतृत्व मंडल अध्यक्ष की घोषणा बीस दिसम्बर के बाद करेगा।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने संग्रामपुर के मिश्रौली स्थित केपीएस अकादमी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराया।जिसमें नौ लोगों ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया।अमेठी में उमाशंकर पांडे,भेंटुआ में गिरीश चंद्र शुक्ला,भादर में भवानी दत्त दीक्षित गौरीगंज नगर भागीरथी मौर्य, गौरीगंज ग्रामीण मनोज जायसवाल, काशी प्रसाद तिवारी मुसाफिरखाना रामकृष्ण भारती शाहगंज उमाशंकर तिवारी जगदीशपुर विधानसभा के विश्वकर्मा नगर मंडल में प्रभात शुक्ला जगदीशपुर में राकेश त्रिपाठी बाजार शुक्ल में अशोक मौर्य हलियापुर में काली बख्श सिंह रानीगंज में सुरेश तिवारी तिलोई विधानसभा के सिंहपुर में उमा रमन सिंह तिलोई में दुर्गेश त्रिपाठी राजा फतेहपुर में उपमा सरोज जायस नगर में अतुल सिंह बहादुरपुर में आशा बाजपेई समेत सभी उन्नीस मंडलों में पार्टी के मंडल चुनाव अधिकारीयों ने चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली।बताते चले कि मंडल अध्यक्ष पद पर पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता ही अध्यक्ष बन पाएंगे?।मंडल अध्यक्ष के लिए पिछले दो बार का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है।जिन्हें भी मंडल अध्यक्ष बनाया जाएगा,वह पूर्व में मंडल के पदाधिकारी जरूर रहे होने चाहिए।एससी और महिला वर्ग को अर्हता में कुछ ढील दी गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ के जवां में पुलिस मुठभेड़ में एक अभियुक्त गिरफ्तार दबोच लिया गया है। दो अन्य फरार हो गए। मौके से 6.5 कुंतल गोमांस बरामद हुआ है। देर रात पुलिस चैकिंग कर रही थी। तभी कार में बैठे चालक को रोक गया तो वह नहीं रूका। कार पेड़ से टकरा गई। कार से निकल कर तीन लोग भागे, उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की। मौके से दो शातिर फरार हो गए और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कार से 6.5 कुंतल गोमांस बरामद हुआ है। 15 दिसंबर की देर रात थाना जवां पुलिस दाउपुर को जाने वाले नहर पटरी निकट बरौला पुल पर चैकिंग कर रही थी। तभी एक तेज रफ्तार कार ग्राम रिगसपुरी की तरफ से आ रही थी। पुलिस ने रूकने का इशारा किया।

# एनएसपीएस में मनाया गया पाकिस्तान पर भारत की जीत को समर्पित विजय दिवस

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में पाकिस्तान पर भारत की जीत को समर्पित विजय दिवस के गौरवशाली अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ सशस्त्र बलों केसाहसअटूट समर्पण और पराक्रम की पराकाष्ठा को नमन करते हुए, युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीर जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी प्रधानाचार्य ने विजय दिवस की बधाई देते हुए बताया कि आज का दिन भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के अंत के रूप में इतिहास में दर्ज है,इस दिन पाकिस्तान ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया था ,साथ ही बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम को विजय प्राप्त हुई थी,युद्ध के अंत के बाद पाकिस्तानी सेना के 93,000 हजार सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था, यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ। इस युद्ध में करीब 3,900 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए और 9,851 सैनिक घायल हुए।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, अजयराज सिंह, सुभी सिंह , धर्मेन्द्र शुक्ला, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी, कुशलता व शुचिता पूर्वक सम्पन्न कराया जाए : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट / केन्द्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की गईबैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी, कुशलता व शुचिता पूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दियें जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा-2024 दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को जनपद के 15 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रहीं है। परीक्षा में कुल 6144 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली-प्रातः 09:30 से 11:30 एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक आयोजित की जायेंगी। परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रत्येक सेन्टर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं सह केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किये गये हैंइस अवसर पर लोक सेवा आयोग के पर्यवेक्षक के0 के0 पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## 28 मंडलों में अध्यक्ष पद के लिए 120 नामांकन

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

भाजपा संगठन के जिले में 27 और महानगर में आठ मंडल हैं। 15 दिसंबर को जिले में बेसवां मंडल को छोड़कर शेष 26 मंडलों में मंडल चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई।

भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव के तहत मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अलीगढ़ जिले के 27 में से 26 और महानगर के आठ में से दो मंडलों में 120 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। शेष सात मंडलों में आज नामांकन हो रहे हैं। नामांकन की अंतिम सूची प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी, वहीं से मंडल अध्यक्षों की घोषणा होगी।

भाजपा संगठन के जिले में 27 और महानगर में आठ मंडल हैं। 15 दिसंबर को जिले में बेसवां मंडल को छोड़कर शेष 26 मंडलों में मंडल चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। जिले के सह चुनाव अधिकारी शिवनारायण शर्मा ने बताया कि कुल 94 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं।

### परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 199 दिव्यांग बच्चों को वितरित किए गए उपकरण

# दिव्यांग बच्चों को वितरित किए उपकरण, पढ़ने के लिए किया प्रोत्साहित

- उपकरणों की सहायता से दिव्यांग बच्चों के जीवन में आएगा बदलाव- बीएसए

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सोमवार को राही बीआरसी के परिसर में उपकरणों का वितरण किया गया। दिव्यांग बच्चों को जरुरी उपकरण जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने वितरित करते हुए बच्चों को आगे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न दिव्यांगता से पीड़ित 199 बच्चों को विभिन्न जरूरी उपकरण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से प्रदान किए गएबीआरसी राही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों और अभिभावकों से बात करते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आगे पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि सरकार की तरफ से दिव्यांग बच्चों के लिए बेसिक, माध्यमिक और स्नातक स्तर पर भी पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। सरकारी नौकरियों में आरक्षण भी दिया जा रहा है। सरकार दिव्यांग बच्चों का जीवन स्तर सुधारने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही हैजिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा मुख्यधारा में समाहित करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। सभी अभिभावकों से मेरी अपील है कि योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाएं और दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि ऐसे दिव्यांग बच्चे जो खुद विद्यालय आ-जा नहीं सकते उन्हें विद्यालय लाने के लिए अभिभावकों को एस्कॉर्ट अलाउंस दिया जा रहा है। दिव्यांग बालिकाओं को नियमित रूप से विद्यालय लाने व सशक्त बनाने के लिए स्टाइपेंड दिया जा रहा है। सरकार की तरफ से दी जा रही इस सुविधा का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं हैं, जरूरत उनकी प्रतिभा को निखारने की है। आज दिव्यांगजन हर क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। आज बच्चों को दिए गए इन उपकरणों से दिव्यांग बच्चों को दैनिक गतिविधियों और शिक्षा में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। इन उपकरणों की सहायता से बच्चों के जीवन में बदलाव आएगा।

खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल ने बताया कि आज 8 ब्लॉक व नगर क्षेत्र में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को उपकरणों का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि 25 ट्राई साइकिल, 56 व्हीलचेयर, 37 सीपी चेयर, 4 बैसाखी, 24 एल्बो क्रेच, 5 टीएलएम किट, 9 ब्रेल किट, 3 सुगम केन, 36 हियरिंग एट, 43 कैलीपर दिव्यांग बच्चों को वितरित गए हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आये मूक बधिर, दृष्टिबाधित, मानसिक विकलांग, अस्थि विकलांग तथा बहुविकलांगता से ग्रसित बच्चों को उपकरण वितरित किए गए।

इस मौके डीसी सत्यम वर्मा, शिक्षक प्रतिनिधि राजेश शुक्ला, गंगा प्रसाद, गजेंद्र सिंह, दिलीप गुप्ता, निरुपमा बाजपेई, रेनू शुक्ला, सुनीता सिंह, विशेष शिक्षकों नरेश सक्सेना, मल्लिका सक्सेना राजेश शुक्ला अभय प्रकाश श्रीवास्तव, शैलेश मौर्या, बृजेश यादव, जितेंद्र कुमार, शिवनंदन, मधु सिंह, राकेश सिंह, जया शुक्ला, अनूप , विजय, प्रेम बहादुर, चन्द्र प्रकाश, सुमन देवी, राजेश, अजय कुमार, जितेंद्र आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक द्विवेदी ने किया।



**अब भारत से नेपाल को हो रही गोवंश...**

रुपईडीहा। भारत से नेपाल को बड़े पैमाने पर गोवंश की तस्करी की जा रही है। इसका खुलासा तब हुआ जब नेपाल की बर्दिया पुलिस ने 5 दिन के भीतर एक दर्जन...

▸ शेष पेज 07 पर...

## आईआईटी छात्रा रेप कांड के आरोपी एसीपी की गिरफ्तारी को लेकर बजरंग दल ने सौपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



आईआईटी छात्रा के साथ रेप कांड के मामले में एसीपी मोहसिन खान की गिरफ्तारी न होने के विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। बीते दिन सोमवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर को एसीपी की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन सोपा है। मामले में आरोपी एसीपी को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की भी मांग की है।

बजरंग दल कार्यकर्ता कृष्णा तिवारी की अगुवाई में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलने पहुंचे। स्टाफ अधिकारी अमित सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने एसीपी मोहसिन खान की गिरफ्तारी व बर्खास्तगी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में एसीपी ने गौ मांस से भरी गाड़ी छुड़वाने का प्रयास किया। जिस तरह पुलिस अधिकारी के पद पर रहते हुए मोहसिन खान ने जो अपराधिक घटना को अंजाम दिया है। वह लव जिहाद की श्रेणी में आता है। और गैर धर्म के लोगों को लव जिहाद में बढ़ावा देने का काम करता है। पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए इस काम से हिंदू समाज में काफी रोष व्याप्त है। घिनौने प्रकरण के बावजूद अभी तक पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मांग की कि अगर जल्दी ही आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई तो बजरंग दल आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगा। एडीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि मामले की जांच को कमेटी गठित की गई है जो जांच कर रही है। मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

## शिवराजपुर में मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि के लिए हुआ नामांकन, 6 पर्चे दाखिल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शिवराजपुर। मदन गेस्ट हाउस में सोमवार को मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि पद के लिए नामांकन हुआ। मंडल अध्यक्ष के लिए तीन सदस्यों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं जिसमें नामांकन पत्र दाखिल करने वाले अनुभव त्रिवेदी अश्विनी अग्निहोत्री और नरेंद्र प्रताप सिंह रहे। वहीं जिला प्रतिनिधि पद के लिए रामसेवक सिंघल, महेश पाल अनिरुद्ध शुक्ला ने अपना परिचय दाखिल किया है। नामांकन करने वाले सभी सदस्यों को नामांकन पत्र वापस लेने के लिए आधे घंटे का समय दिया गया था इस समय अवधि के दौरान किसी ने भी अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। नामांकन के दौरान अनुराग शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई, प्रदीप तिवारी, दीपू शुक्ला अमन त्रिवेदी, मोनू तोमर प्रांजुल दीक्षित, शिव अग्रवाल, वरिष्ठ वाजपेई हरिश्चंद्र कटियार आदि मौजूद रहे।

## सब्जी खरीदने जा रहे हैं पिता, पुत्र की बाइक में डंपर ने मारी टक्कर पुत्र की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

परियर सब्जी खरीदने जा रहे पिता पुत्र को तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद पुत्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं पिता की गंभीर हालत में इलाज चल रहा है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर-बिठूर गंगा पुल पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बाकरगंज, थाना बिठूर निवासी सब्जी व्यापारी हीरालाल (47) अपने बेटे रंजीत (19) के साथ सब्जी मंडी परियर से सब्जी खरीदने जा रहे थे।

अभी वह कोतवाली क्षेत्र पुल पर पहुंचे ही थे कि तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर टक्कर मारते हुए निकल गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने से पहले ही परिजनों ने शव पोस्ट मार्टम न कराने की तहरीर दे दी है।

## नशेबाज दबंग युवकों ने घर पर सो रहे युवक को बेरहमी से पीटा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शिवराजपुर। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के मुस्ता गांव के रहने वाले नीरज उम्र 27 वर्ष को रविवार की रात करीब 10ः00 बजे गांव के रहने वाले नशेबाज दबंग युवकों छोटू पुत्र मिजाजीलाल , घंटोली, और भतीजे अमन ने नशें की हालत में घर में घुस गए और चारपाई पर सो रहे नीरज का गाली गलौज करते हुए गला दबा दिया। शोर शराबा सुनकर बीच बचाव करने आए छोटे भाई अरुण के हाथ में काटकर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। दबंग युवकों ने नीरज और उसके छोटे भाई अरुण को जमकर पीट दिया। मारपीट में नीरज को उसकी बाई आंख, चेहरे पर चोट आई है। और अरुण को बाएं हाथ की उंगलियों में चोट आई है। मारपीट करने के बाद दबंग युवक गाली गलौज करते व मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सोमवार की सुबह पीड़ित शिवराजपुर थाने पहुंचा और आरोपी नशेबाज दबंग के खिलाफ शिवराजपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। मामले में शिवराजपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## अवसाद के चलते महिला ने लगाई फांसी मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर के हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के आनंद विहार इलाके में रविवार की रात एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब पति की आंख खुली तो पत्नी को फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बर्रा विश्व बैंक डी ब्लॉक के रहने वाले सतीश गुप्ता की मिठाई की दुकान है। सतीश गुप्ता ने बताया कि उनकी पत्नी सुनीता गुप्ता उम्र 39 वर्ष बीते कई दिनों से अवसाद में थी। कुछ साल पहले सुनीता का पड़ोसियों से विवाद हुआ था। इसके बाद से उसके मन में पड़ोसियों का डर बैठ गया था। उसे अक्सर ऐसा लगता जैसे कोई उसे मारना चाहता है। उसकी इस शंका के समाधान के लिए घर में सीसीटीवी भी लगवा दिया गया। फिर भी वह हमेशा दहशत में ही रहती थी। रविवार को वह पति के साथ आनंद विहार नौबस्ता में रहने वाले ससुर के घर आई थी। यहीं पर उसने फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मां की मौत से बेटी लक्ष्मी, बेटा कृष्णा, ऋषि का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस का कहना है कि यदि परिवार के लोग तहरीर देते हैं तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। प्रथम दृष्टया अवसाद में रहने के कारण खुदकुशी की बात सामने आई है।

## कानपुर में बनी फिल्म वो रात खजुराहो फेस्टिवल में हुई सेलेक्ट

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



पीएफसी फिल्म के बैनर तले बनने वाली शार्ट फिल्म वो रात को खजुराहो फिल्म फेस्टिवल में सेलेक्ट किया गया है। खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में कानपुर में बनी वो रात शॉर्ट फिल्म की स्क्रीनिंग रेड रोज टपरा टॉकीज में की गई। फिल्म देखकर सभी ने सराहना की। फिल्म फेस्टिवल में वेलकम टू सज्जनपुर जैसी सुपरहिट फिल्म के स्क्रीन प्ले राइटर अशोक मिश्रा, फ्रांसीसी अभिनेत्री मैरिएन बोगों, फ्रांसीसी शास्त्रीय संगीतकार व फिल्म निर्माता रघुनाथ मानेट व खजुराहो फिल्म फेस्टिवल के फाउंडर व अभिनेता राजा बुंदेला द्वारा फिल्म वो रात के डायरेक्टर/राइटर कानपुर के प्रमोद गुप्ता को सम्मानित किया गया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि वो रात फिल्म आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता रेप कांड डॉ मौमिता देवनाथ के विषय पर आधारित है यह मोटिवेशनल फिल्म है इस फिल्म में दिखाया गया कि डॉ मोमिता देवनाथ का रेप कर के कितना दर्द नाक मौत दी गई इसमें कितने लोगों का साथ है और किन-किन लोगों का हाथ है इस मर्डर रेप के पीछे इस फिल्म में कुछ सीन दर्शाने की कोशिश की गई है। इस फिल्म की लोगों ने सराहना की। फिल्म की शूटिंग कानपुर, जहानाबाद और उनके आस-पास के शहरों में हुई है। इस फिल्म में रजनी गुप्ता, राजा सिंह, प्रमोद गुप्ता, अजय त्रिपाठी, विनीत सिन्हा, किरण द्विवेदी, सुनील बाजपेई, कमलेश कुमार, शालू चौहान, दीपक अरोड़ा, साहि कुमार, करन कुमार, विकास राय, प्रदुम अवस्थी, पंकज मिश्रा, जय अवस्थी, दीपक कुमार, सोनम द्विवेदी, सोनम राजपूत ,राजेंद्र कुमार, आयुष गुप्ता, इब्राहिम आदि लोगों ने भूमिका निभाई है। वो रात शॉर्ट फिल्म जल्दी है जो की ओटीटी प्लेटफार्म, एमएक्स प्लेयर, और हंगामा में रिलीज होगी खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड एक्टर रजत बेदी/ अभिनेता आरिफ शाडोली/ राम बुंदेला आदि लोग शामिल रहें।

## हाईवे पर विपरीत दिशा में दौड़ रही पीआरवी ने दीवान के बेटे को मारी टक्कर



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर-इटावा हाईवे पर उल्टी दिशा में दौड़ रही पीआरवी कार के पैदल सड़क पार कर रहे पुलिसकर्मी के बेटे को टक्कर मारने का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने एसीपी पनकी को जांच के आदेश दे दिए। एसीपी से मामले में एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी गई है।

सोशल मीडिया पर वायरल 10 सेकेंड के वीडियो में तीन युवक सड़क पार करते दिख रहे थे। इसी दौरान कानपुर-इटावा हाईवे पर पनकी से सचेंडी की तरफ विपरीत दिशा में जा रही पीआरवी कार ने सड़क पार कर रहे एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक करीब चार-पांच फीट उछल कर गिर गया जबकि चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। सूत्रों के अनुसार हादसे में घायल हुआ युवक पुलिस महकमे के ही एक दीवान का बेटा था। मामला विभागीय होने के कारण दोनों पक्षों में समझौता हो गया। हालांकि रविवार को घटना का वीडियो वायरल हो गया। ऐसे में अब एसीपी पनकी को इस बात की जांच के लिए कहा गया है कि पीआरवी कौन चला रहा था और किस वजह से कार विपरीत दिशा में दौड़ाई जा रही थी। डीसीपी के मुताबिक विपरीत दिशा में वाहन चलाना यातायात नियमों का उल्लंघन है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पीआरवी चालक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## मृतका किशोरी का शव गांव पहुंचने पर मोहल्ले में मची चीख–पुकार, परिजन दहाड़े मारकर रो पड़े

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** शिवराजपुर क्षेत्र के रौतापुर गांव में शुक्रवार की देर रात इंटर की छात्रा की बलात्कार के बाद निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। किशोरी का पैनल के तहत पोस्टमार्टम होने के बाद रविवार देर शाम तक किशोरी का शव गांव पहुंचा था अंधेरा होने के कारण अंतिम संस्कार नहीं हो सका। सोमवार को सुबह 10 बजे खेरेश्वर सरैया घाट पर उसका अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

घटनाक्रम के अनुसार शुक्रवार की देर रात मृतका किशोरी के घर में बलात्कार के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी अर्धनग्न अवस्था में उसका शव बेड के ऊपर पड़ा मिला था सुबह देर तक ना उठने पर किशोरी की भाभी ने मौके पर जाकर देखा तब परिजनों को फोन कर घटना के बारे में जानकारी हुई घटना वाले दिन मृतका किशोरी के पिता व माता अपने भांजी की शादी में असालतगंज गए थे। किशोरी घर में अकेली थी किशोरी की भतीजी 5 वर्षीय लक्ष्मी उसके साथ लेटी थी लक्ष्मी ने एक व्यक्ति को मुंह में कपड़ा बांधे हुए घर में दाखिल होते देखा था उसके बाद वह सो गई थी उसे कोई जानकारी नहीं थी पुलिस के अनुसार घर में चाय व बिस्किट भी मिले थे सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का बारीकी से जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था रविवार को मृतका किशोरी का पोस्टमार्टम किया गया था देर शाम तक उसकी शव गांव पहुंचा था अंधेरा होने के कारण अंतिम संस्कार नहीं हो सका था।

### पुलिस व परिजनों के मौजूदगी में हुआ छात्रा का अंतिम संस्कार

सोमवार को सुबह पुलिस की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया गया तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने घटना का खुलासा नहीं किया जिसके कारण परिजन व ग्रामवासी आक्रोशित हैं वहीं इस मामले में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है उसने अपराध भी स्वीकार कर लिया है मंगलवार को उसे जेल भेजा जाएगा।

### फेसबुक के माध्यम से हुई थी छात्रा से दोस्ती

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर मृतक छात्रा के 19 वर्षीय प्रेमी ने बताया कि मेरी फेसबुक के माध्यम से छात्रा से दोस्ती हुई थी। दोस्ती होने के बाद हम लोग फोन व वीडियो कॉल पर भी अक्सर बातें किया करते थे। 13 तारीख को छात्रा ने परिजनों के विवाह कार्यक्रम में जाने के बाद घर पर आने की बात कही थी। छात्रा नहीं अभी बताया था कि 15 तारीख को भी परिवार के सदस्य किसी शादी कार्यक्रम में शामिल होने जाएंगे।

### मैंने नहीं की छात्रा की हत्या

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में मृतक छात्रा के प्रेमी ने बताया कि 13 तारीख को रात भर मैं छात्रा के साथ में ही था। सुबह 3ः30 जब मैं घर से निकला तो छात्रा के सर मैं दर्द हो रहा था। मैंने उसे नहीं मारा कोई प्रेमी अपनी प्रेमिका को कैसे मार सकता है। मुझे तो पुलिस अधिकारियों द्वारा फोन किए जाने पर पता चला कि उसकी मौत हो गई है।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोमनपुर के मजरे कपूर फॉर्म में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पारिवारिक जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। पुलिस में तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुरवामीर चौकी क्षेत्र के डोमनपुर के मुजरा कपूर फार्म के रहने वाली कलावती पत्नी ननकू द्वारा महाराजपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है कि गांव के ही रहने वाले राजेंद्र, राजेश, निर्मला, केटकली व दर्शनीयां ने रविवार को जमीनी विवाद को लेकर घर में आकर गाली-गलौज रोग करने लगे। जिसका विरोध किया तो सभी लात घुसो व लाठी डंडों से पीटने लगे। पास में मौजूद बेटी गुड्डन बीच बचाव करने के लिए दौड़ी तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पड़ोसियों को आता देख सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इसके बाद पीड़िता महाराजपुर थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस से शिकायत पत्र के आधार पर मारपीट के मामले में नामजद पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी प्रभा शंकर सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष एक ही परिवार के हैं। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## खेलने के दौरान पानी भरे गड्ढे में गिरे मासूम भाई- बहन, दोनों की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



रूरा थाना क्षेत्र के काशीपुर में सोमवार दोपहर को खेलने के दौरान मासूम भाई- बहन ईंट भट्ठे के पास पानी भरे गड्ढे में गिर गए। जानकारी होने पर पास मौजूद मजदूर दोनों को गड्ढे से निकालकर सीएचसी ले गए। वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। महोबा के महोकंठ थाना क्षेत्र के अमानपुरा निवासी इलाही बक्श व उनकी पत्नी शबीरा खातून दो साल से काशीपुर ईंट भट्ठा पर मजदूरी कर रहे हैं।

सोमवार को दोनों ईंट पाथ रहे थे। उनका बेटा रमजान (10) व बेटी नाजरीन (7) पास में ही खेल रहे थे। खेलने के दौरान दोनों मिट्टी फुलाने के लिए पानी से भरे गए गड्ढे में गिर गए। वहां से निकल रहे मजदूर हरपाल ने बच्चों को गड्ढे में छटपटाता देख गड्ढे से निकाला और बाइक से सीएचसी रूरा ले आए। यहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अनहोनी पर परिजन बेहाल हो गए।

पिता इलाही बक्श ने बताया कि भट्ठा मालिक ने परिसर में ही मिट्टी फुलाने के लिए चार से पांच गड्ढे खुदवा दिए थे। करीब दो माह से वह बच्चों के साथ हादसा होने की आशंका जताकर मालिक से गड्ढे परिसर से बाहर करवाने की कह रहे थे। भट्ठा मालिक की अनदेखी के चलते उसके बच्चों की जान गई है। कार्यवाहक थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय फलक पर चमकेंगे खिलाड़ी, आईपीएल की तरह होगी नीलामी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

आईपीएल की तर्ज पर लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) व अमर उजाला के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट लीग एलएलसी टेन-10 का आयोजन होगा। इससे युवाओं को राष्ट्रीयस्तर पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। लीग को लेकर रविवार को शहर के स्कूलों के खेल शिक्षकों और टेनिस बॉल एकेडमी के पदाधिकारियों ने बैठक कर अपने-अपने सुझाव दिए।

खेल शिक्षकों ने कहा कि अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन के लिए वह स्कूलों में बच्चों को इसकी जानकारी देंगें। पार्कों व शहर के विभिन्न खेल मैदानों पर खेलने वाले युवाओं को भी इस लीग की जानकारी देंगे और उनका रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को इसके बारे में बताएंगे। लीग के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं, जो 31 दिसंबर तक ऑनलाइन होंगे। रजिस्ट्रेशन की अधिक जानकारी के लिए सुबह दस से शाम छह बजे तक मोबाइल नंबर 9559575757 पर संपर्क कर सकते हैं।

रजिस्ट्रेशन शुल्क सात सौ रुपये है। लीग के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल जनवरी के दूसरे सप्ताह में होगा, जिसकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी। मैचों का आयोजन लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा। इसमें दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, ब्रेट ली, क्रिस गेल खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियां बताएंगे।

### विभिन्न शहरों के नाम पर टीमें

आईपीएल की तर्ज पर एलएलसी में भी अलग-अलग शहरों के नामों पर टीम बनी हैं। जिसमें रेड चीफ की कानपुर चीफस, वेंकटेश्वर लायंस मुरादाबाद, बैद्यनाथ बुंदेलखंड ब्लास्टर्स झांसी, जीएल बजाज सुपर स्ट्राइकर्स नोएडा, जीएल बजाज सुपर चैलेंजर्स आगरा, क्राशा लखनऊ पैंथर्स, आईआईएमटी मेरठ, काशी नाइट्र्स वाराणसी, सुपर ब्रज वॉरियर्स आगरा शामिल हैं। इन टीमों के मालिक ट्रायल के बाद चुने श्रेष्ठ खिलाड़ियों पर नीलामी में बोली लगाएंगे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-Sig-Tender-17-2024-25 |
| कार्य का नाम | "एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ रोड अंडर ब्रिज (1 + 1) ऐट ए0सी0 गेट्स इन जेड0 बी0 डी0–ए0 वाई0 सी0 सेक्शन ऑफ़ लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थर्न रेलवे।" |
| अनुमानित लागत | रु0 6483320.06 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु0 129700.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 08.01.2025 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/ लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू0सं0–106–सिग–टेन्डर–17/2024–25 दिनांक 16.12.2024 3848/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ








▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भारत और बांग्लादेश सहयोग से साकार हो सकते हैं विकास के नए आयाम

**खेल और पर्यटन को बढ़ावाक्रिकेट और अन्य खेल दोनों देशों के नागरिकों को नजदीक लाने का माध्यम बन सकते हैं। वीजा प्रक्रिया को सरल बनाकर और पर्यटन परियोजनाओं को बढ़ावा देकर यात्रा और पर्यटन क्षेत्र को मजबूत किया जा सकता है। वैश्विक मंच पर संयुक्त नेतृत्वभारत और बांग्लादेश का साझा नेतृत्व क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर गरीबी, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकता है। दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए यह साझेदारी एक आदर्श प्रस्तुत कर सकती है।**

*भारत और बांग्लादेश का रिश्ता इतिहास, भूगोल और संस्कृति की गहराई से जुड़ा हुआ है। दोनों देशों के बीच चार हजार किलोमीटर से अधिक की सीमा साझी है, जो आपसी सहयोग के असीमित अवसरों को जन्म देती है। यदि दोनों देशों के संबंध मधुर और सामंजस्यपूर्ण हों तो यह क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक समृद्धि, तकनीकी विकास और सतत विकास के नए आयाम खोल सकता है। भारत के पास तकनीकी और कच्चे माल का विशाल स्रोत है, जो बांग्लादेश के वस्त्र और परिधान उद्योग को मजबूती दे सकता है। दोनों देश संयुक्त उपक्रम के माध्यम से वैश्विक बाजारों में बेहतर पहुंच बना सकते हैं। भारत की कंपनियां बांग्लादेश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों में निवेश कर औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में योगदान दे सकती हैं। वहीं, बांग्लादेशी कंपनियां भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में निवेश कर व्यापार और विकास को बढ़ावा दे सकती हैं। संपर्क और परिवहन क्षेत्र में सहयोगसीमाओं के पार संपर्क बढ़ाने के लिए सड़क और रेलवे कनेक्टिविटी को उन्नत करना बेहद जरूरी है। ऐतिहासिक रेलवे कनेक्टिविटी को पुनर्जीवित कर बीबीआईएन मोटर वाहन समझौते को लागू किया जा सकता है। बांग्लादेश के चटगांव और मोंगला बंदरगाह भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए प्रवेश द्वार बन सकते हैं, जिससे व्यापार में तेजी और लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी। ऊर्जा सहयोग और पर्यावरणीय स्थिरतादोनों देश सीमा-पार बिजली व्यापार और अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के जरिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के मुद्दों जैसे समुद्र का बढ़ता स्तर और बाढ़ से निपटने के लिए मिलकर रणनीतियां बनाई जा सकती हैं। कृषि और नदी प्रबंधन में साझेदारीसतत कृषि के लिए जलवायु-रिसायलेंट फसलों और जल-संवेदनशील खेती पर अनुसंधान और ज्ञान साझा किया जा सकता है। साथ ही, सीमा-पार नदियों के प्रबंधन के लिए सहयोगात्मक समझौते, जैसे तीस्ता जल बंटवारा, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। शैक्षिक और तकनीकी विकासशिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान, संयुक्त शोध और छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं। भारत के आईटी क्षेत्र की मजबूती बांग्लादेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक का काम कर सकती है। स्वास्थ्य और सांस्कृतिक सहयोगटेलीमेडिसिन जैसी स्वास्थ्य सेवाओं को साझा कर दोनों देश गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ा सकते हैं। वहीं, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधों को मजबूत करने के लिए विरासत सर्किट, कला प्रदर्शनी, और संगीत कार्यक्रम जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। खेल और पर्यटन को बढ़ावाक्रिकेट और अन्य खेल दोनों देशों के नागरिकों को नजदीक लाने का माध्यम बन सकते हैं। वीजा प्रक्रिया को सरल बनाकर और पर्यटन परियोजनाओं को बढ़ावा देकर यात्रा और पर्यटन क्षेत्र को मजबूत किया जा सकता है। वैश्विक मंच पर संयुक्त नेतृत्वभारत और बांग्लादेश का साझा नेतृत्व क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर गरीबी, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकता है। दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए यह साझेदारी एक आदर्श प्रस्तुत कर सकती है। भारत और बांग्लादेश के बीच सहयोग और विश्वास को मजबूत करके एक उज्जवल भविष्य का निर्माण संभव है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**आजादी के 75 साल से भी अधिक समय हो जाने के बाद जिस तरह से मतदाताओं की उदासीनता देखी जा रही है वह निश्चित रूप से कम होगी। राजनीतिक दल भले आज विरोध कर रहे हैं पर एक साथ चुनाव से उन्हें भी कम मशक्कत व एक बार ही मशक्कत करनी होगी। प्रचार सामग्री से लेकर प्रचार अभियान को आसानी से संचालित किया जा सकेगा। योजनाबद्ध प्रयासों से विधानसभा व लोकसभा प्रत्याशियों का एक साथ प्रचार अभियान संचालित हो सकेगा जिससे अलग-अलग चुनाव होने से बार-बार होने वाले व्यय में कुछ हद तक राजनीतिक दलों को भी कम खर्च करना पड़ेगा। चुनी हुई सरकारों को बार-बार आचार संहिता के संकट से गुजरना नहीं पड़ेगा।**

# वन नेशन वन इलेक्शन: लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती भरा कदम



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**2029 के चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा 7951 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित किया गया है। राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों सहित अन्य खर्च अलग होंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के सकारात्मक पक्ष भी है और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। वन नेशन वन इलेक्शन हमारे देश के लिए कोई नई बात नहीं है।**

वन नेशन, वन इलेक्शन बिल लोकसभा में सोमवार यानी 16 दिसंबर को पेश नहीं किया जाएगा। इससे जुड़े दोनों बिल को लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटा दिया गया है। अब फाइनेंशियल बिजनेस पूरा होने के बाद बिल सदन में पेश किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की परमिशन के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी। लोकसभा में जब कभी एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक पेश किया जाएगा, इस दिशा में देश एक कदम और बढ़ जाएगा। सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने की मंशा व्यक्त करती रही है ताकि इस पर सांसदीय समिति के माध्यम से गंभीर मंथन और चिंतन हो सके। हालांकि एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदम में स्थानीय निकायों के चुनावों की प्रकिया बाकी है। उसका कारण है कि उस प्रस्ताव के विधेयक को विधानसभाओं से भी पारित करवाया जाना होगा। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो भले ही कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध कर रहे हों पर माना जाना चाहिए कि यह सही दिशा में बढ़ता कदम होगा। ऐसा नहीं है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए यह कोई नई बात हो बल्कि आजादी के समय से ही देश में एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया जाता रहा है। 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव इसके उदाहरण हैं। 1968 से विधानसभाओं को भंग करने का जो सिलसिला चला उसने पूरे हालात बदल दिए और उसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग-अलग होने लगे। अलग-अलग चुनावों के दुष्परिणाम अधिक सामने आते हैं। यह केवल चुनावों पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों तक ही सीमित ना होकर अलग-अलग चुनाव एक नहीं अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु बन कर रह जाती है। इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर-दिसंबर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही प्राथमिकता





**एक बात यह भी कि असामाजिक तत्वों की गतिविधियां भी काफी हद तक कम हो सकेगी। इससे सरकारी संसाधनों की बचत, मानव संसाधन को बार बार नियोजित करने से होने वाले सरकारी कार्य में बाधा में बचत और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बार-बार चुनाव के स्थान पर एक साथ चुनाव होने से खर्चों में भी कमी आएगी।**

तय कर पाती है तब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं। मई-जून में लोकसभा के चुनाव के कारण अप्रैल से ही आचार संहित लगने की तलवार लटक जाती है और फिर करीब डेढ़ माह का समय आचार संहिता को समर्पित हो जाता है। इसके कुछ समय बाद या यों कहे कि परिवर्तित बजट से निपटते-निपटते सरकार के सामने स्थानीय निकायों व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का समय हो जाता है और उसके कारण लंबा समय इन चुनावों के कारण आचार संहिता के भेंट चढ़ जाता है। इस बीच में कोई-कोई ना कोई उप चुनाव आ जाते हैं तो उसका असर भी चुनी हुई सरकार को भुगतना पड़ता है। जैसे तैसे चौथा साल पूरा होने को होता है कि सरकार ताबड़तोड़ निर्णय करने लगती है और इनके क्रियान्वयन का समय आते-आते चुनाव आचार संहिता लग जाती है। इस तरह से एक बात तो साफ हो जाती है कि पांच साल के लिए चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार का कमोबेश एक साल का समय चुनाव आचार संहिताओं के भेंट चढ़ जाता है। यह तो केवल लोकतांत्रिक जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के कार्यों के प्रभावित होने का एक उदाहरण मात्र है। अब अलग-अलग चुनाव होने से चुनाव पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों पर भी ध्यान दिया जा सकता है। 1952 के पहले चुनाव में सरकारी व गैर सरकारी जिसमें राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वालों का खर्च भी शामिल है, वह करीब 10 करोड़ के आसपास रहा। 2010 के आम चुनाव में 10 हजार करोड़ रु. का व्यय माना जा रहा है जो 2019 में 55 हजार करोड़ और 2024 के आम चुनाव में एक लाख करोड़ को छू गया है। इसमें चुनाव आयोग, प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ ही राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों द्वारा होने वाला खर्च शामिल है। मोदी सरकार आने के बाद 2014 से एक देश एक चुनाव पर चर्चा का सिलसिला चल निकला था। 2017 में नीति आयोग ने इसे उपयुक्त बताया और 2018 में संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसे सही दिशा बताया। सितंबर 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई और 65 बैठके कर 18626 पन्नों की रिपोर्ट इसी साल मार्च, 24 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पेश की गई। यदि इन सभी सिफारिशों को लागू किया जाता है तो 18 संसोधनों की आवश्यकता होगी। सरकार ने अभी एक हिस्से यानी कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने की दिशा में कदम बढ़ाती दिख रही है। माना जा रहा है कि 2029 के चुनाव नई व्यवस्था यानी एक देश एक चुनाव वन नेशन वन इलेक्शन से हो। इसके लिए चुनाव आयोग व सरकारों को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी पर यदि एक बार यह सिलसिला चल निकलेगा तो इसे लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत ही माना जाएगा। राजनीतिक दलों द्वारा यह शंका व्यक्त की जा रही है कि इससे छोटे व स्थानीय दलों के अस्तित्व पर ही संकट आ जाएगा। इसके साथ ही वोटिंग पेटर्न प्रभावित होगा। चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव के लिए मशीनरी भी अधिक लगाने की बात की जाती है तो खर्चे व आधारभूत सुविधाओं यथा ईवीएम मशीन, वीवीपेट मशीन, उनके रखरखाव सहित अन्य आवष्यक संसाधनों की आवश्यकताओं को लेकर भी शंका व्यक्त की जा रही हैं।

### एक्सप्रेस कविता

*पलकों में समाँ जाऊंगा मैं।*
*तेरे सपनों में छा जाऊंगा मैं।*
*पवन बयार बन जाएगी तू,*
*महक बन फैल जाऊंगा मैं।।*
*.महलों की अजीम शान है तू।*
*आवारा,बंजारा बन जाऊंगा मैं ।।*

*कहां खोजूं किस दर पर जाऊं ।*
*तलाश में बावरा बन जाऊंगा मैं।।*
*न तेरा पता है ना तेरी कोई खबर,*
*हवा में खुशबू बन जाऊंगा मैं द्यद्य*
*फुर्सत से करुंगा हिसाब ए जिंदगी,*
*तलाश में यायावर बन जाऊंगा मैं।।*
*सूरज की रोशनी सी रोशन तू,*
*रात का सितारा बन जाऊंगा मैं।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*एक सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, बल्कि मूल्यों पर चलने वाले व्यक्ति बनो*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितिया 10:59 तक |
| नक्षत्र: | पुनर्वसु 24:45 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | ब्रह्मा, 21:06 |
| सूर्योदय: | 07:11 |
| सूर्यास्त: | 17:22 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 14:49-16:06 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:56-12:37 |

## जन एक्सप्रेस

### हो ऐसे तैयारी !

*मिल रही नसीहत ।*
*हो ऐसे तैयारी ।।*
*रणनीति पर काम ।*
*होगा रखना ज़ारी ।।*
*गुरु मंत्र मिल रहा ।*
*पल पल हो सुधार ।।*
*कैसे भी बढ़ाना है ।*
*अपना ये आधार ।।*
*झोंकनी है ताक़त ।*
*आ गया वो वक्त ।।*
*ना बनना है ढ़ीला ।*
*हो जाना है सख्त ।।*
*बढ़ते जाना आगे ।*
*हों विरोधी पस्त ।।*
*सीटें बढ़ने वाली ।*
*हैं करते आश्वस्त ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सिर्फ बैठकर ही नहीं खड़े होकर भी सही रखें अपना बॉडी पॉश्चर, अपनाएं ये टिप्स

**अक्सर** लोगों को कहा जाता है कि अपने बैठने और खड़े होने के पोश्चर को सही रखना जरूरी है। सही बॉडी पोश्चर न सिर्फ आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि ये आपके शरीर के कई हिस्सों में होने वाले दर्द और समस्या को ठीक करने में मदद करता है। सोने के दौरान या सही मुद्रा में कैसे बैठें? इस बारे में तो हम अक्सर बात कर लेते हैं, लेकिन खड़े होकर चलने की सही मुद्रा क्या है?



**सिर का एलाइनमेंट में सुधार:** अपने कानों को सीधे अपने कंधों की सीध में रखने की कोशिश करें। ऐसा करने से आपका सिर आगे की ओर नहीं जाता है, जिससे गर्दन के तनाव को कम करने में मदद मिलती है और सिर की सही स्थिति बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

**अपने कंधों को आराम दें:** खड़े रहने के दौरान कई लोगों का कंधा झुका हुआ होता है, लेकिन आप आगे की ओर झुकने से बचें। इसके बजाय, आप अपने कंधों को धीरे से पीछे खींचें और उन्हें एक सही स्थिति में रखने की कोशिश करें। इससे कंधों का तनाव कम होता है और आप ज्यादा कॉन्फिडेंट दिखाई देते हैं।

**रीढ़ की हड्डी को सही रखें:** अपनी पीठ के निचले हिस्से के नेचुरल कर्व को बनाए रखने पर ध्यान दें। रीढ़ की हड्डी को ज्यादा मोड़नेया सपाट करने से बचें, क्योंकि इससे आपको असुविधा महसूस हो सकती है या लंबे समय तक पीठ की समस्या हो सकती है। एक सही स्पाइन एलाइनमेंट आपके पीठ पर होने पर तनाव को रोकने में मदद करती है।

**वजन को बांटना:** अपने वजन को दोनों पैरों पर समान रूप से बांटने के लिए दोनों पैरों पर बैलेंस करके खड़े रहने की कोशिश करें। अपने किसी एक पैर पर ज्यादा दबाव डालने या एक तरफ झुकने से बचें, क्योंकि इससे आपके हिप्स, घुटनों और पीठ के निचले हिस्से में असंतुलन और तनाव हो सकता है। बता दें कि बैलेंस पोश्चर आपके शरीर को ज्यादा स्थिर और आरामदायक महसूस करने में मदद करता है।

**घुटनों को सही रखें:** खड़े होने के दौरान अपने घुटनों को लॉक करने से बचें। उन्हें थोड़ा मोड़ने से ब्लड फ्लो बेहतर होता है, जिससे जोड़ों पर दबाव कम होता है और आपका पोश्चर सही रहता है।

**निष्कर्ष:** खड़ें होने के लिए इन आदतों को अपने रूटीन में शामिल करके, आप अपने पोश्चर में सुधार कर सकते हैं, पीठ, पैर, कमर और जोड़ों में होने वाले दर्द को कम कर सकते हैं और अपने आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# भारत का धर्म-दर्शन और विज्ञान का मधुफल



हृदयनारायण दीक्षित

**प्रमुख उपनिषदों का रचनाकाल 1500 ई.पूर्व भी हो सकता है। कुछ का ईसवी सन् के बाद भी। काणे के अनुसार-800 से 400 ईसा पूर्व के मध्य प्रमुख श्रौत सूत्र और गृह्यसूत्र रचे गये। काणे के अध्ययन विवेचन में गौतम, वोधायन आदि के धर्मसूत्र भी 600-300 ईसा पूर्व के हैं।**

**सम्पूर्ण** प्रकृति से आत्मीय व्यवहार श्रेष्ठ है। प्रकृति की शक्तियां सुनिश्चित नियमों में गतिशील हैं। वैदिक पूर्वजों ने इस नियम को ऋत कहा है। प्रकृति की तरह मनुष्य को भी नियमों के अनुसार चलना चाहिए। प्रकृति और मनुष्य तथा मनुष्य और सभी मनुष्यों के मध्य आचार संहिता का नाम धर्म है। ईश्वर आस्था निजी विश्वास है। धर्म में इसकी बाध्यता नहीं। कठोपनिषद् की कथा का नचिकेता युवा है। यम ने उसे सत्यधृति कहा। वह सत्यनिष्ठ है। धर्म के यथार्थवादी रूप को जानता है। धर्म सम्पूर्णता के प्रति मनुष्य का सत्यनिष्ठ आदर्श व्यवहार है। उसने यम से पूछा-जो धर्म से पृथक है, अधर्म से पृथक है, भूत भविष्य से भी पृथक है, वह मुझे बताइए। (1.2.14) यहां धर्म लोकजीवन की आचारसंहिता है, धर्म और अधर्म की सारी कार्यवाही देश और समय के भीतर है। नचिकेता समय और देशकाल की आचार संहिता धर्म-अधर्म और भूत भविष्य से परे किसी अज्ञात तत्व सत्य का जिज्ञासु है। पूर्वजों ने उपलब्ध ज्ञान के आधार पर जीवनचर्या के नियम बनाए। इन्हें धर्म कहा गया। विज्ञान और दर्शन अंतरिक्ष का भी अनुसंधान कर रहे हैं। लेकिन पंथिक मजहबी विश्वासों में दैवी घोषणायें ही सत्य मानी जाती हैं। भारत में धर्म और आस्था विश्वास से निरंतर वाद-विवाद और संवाद की परम्परा है।

**महाभारत के श्रीकृष्ण उसी तत्व-दर्शन के व्याख्याता हैं। वैदिक ज्ञान सनातन प्रवाह है। गीता के चौथे अध्याय की शुरुआत में श्रीकृष्ण इसी ज्ञान की समाप्ति की चर्चा करते हैं-दीर्घकाल में यही तत्व-ज्ञान नष्ट हो गया। भारत प्रकाशरत राष्ट्रीयता है और धर्म इसी राष्ट्रीयता का संविधान। धर्म नाम के इस संविधान का सतत विकास हुआ है। दर्शन विज्ञान ने इस विकास का नेतृत्व किया है।**

धर्म गतिशील आचार संहिता है। परमसत्ता पर भी प्रश्न और प्रति-प्रश्न हैं। यहां लोक खुलकर प्रकट होता है, धैर्य से सुनता है और प्रश्न-प्रतिप्रश्न करता है। धर्म सत्य-निष्ठ जिज्ञासु जीवनशैली है। यही सत्य है। सत्य और धर्म पर्यायवाची हैं। धर्म स्थिर आचार संहिता नहीं है। यहां समाज की तमाम शक्तियां धर्म को भी प्रभावित करती रही हैं। वैदिक काल का धर्म आनन्द मगन करने वाला है। उत्तर वैदिक काल में तत्वज्ञान की शिखर ऊंचाइयां हैं। कुछ कर्मकाण्डों को भी चुनौती देती हैं। रामायण काल के धर्म में मर्यादा है। श्रीराम इसी मर्यादा के महानायक हैं। लेकिन महाभारत काल का धर्म अवनति में है। गीताकार ने बहुत खूबसूरत शब्द प्रयोग किया है-धर्म की ग्लानि। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा-जब-जब धर्म की ग्लानि होती है, तब-तब धर्म संस्थापन के लिए अवतार होते हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण में भारी फर्क है। श्रीराम रामायण काल में प्रचलित धर्म को मजबूती देते हैं। दुख उठाकर भी मर्यादा का पालन करते हैं। वे मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। लेकिन श्रीकृष्ण महाभारत काल के प्रचलित धर्म ग्लानि को चुनौती देते हैं। वैदिक काल में मनुष्य प्रकृति के निकट है। सूर्य अस्त होते हैं, मनुष्य सो जाते हैं। ऊषा आती है, वह सबको जगाती है। वैदिक समाज के जागरण और निद्रा प्राकृतिक हैं। ऋग्वेद के समय सभा और समितियां हैं। सभा में सभ्य ही जाते हैं। सामाजिक विकास के क्रम में तमाम रूढ़ियां भी आईं। महाभारत में सभा के भीतर भी जुआ है। महाभारत काल के युधिष्ठिर धर्मराज हैं लेकिन जुए में पत्नी द्रोपदी को भी दांव पर लगाते हैं। ऋग्वेद में पत्नी पूरे परिवार की साम्राज्ञी है। महाभारत में वह वस्तु और पदार्थ है। द्रोपदी इस धर्म को चुनौती देती है। लेकिन सभा में विराजमान द्रोणाचार्य, पितामह भीष्म जैसे महानुभाव प्रचलित धर्म से ही जुड़े हैं। द्रोपदी आहत है कहती है, भरतवंश के नरेशों का धर्म निश्चय ही भ्रष्ट हो गया है। राजाओं आप लोग क्या समझते हैं? मैं धर्म के अनुसार जीती गयी हूं या नहीं। (सभापर्व 67.41-42) महाभारत काल में धर्म की ग्लानि का समय है। धर्म सबको धारण करता है। सब उसे धारण करते हैं। धर्म पालन में स्वतंत्रता है। इसलिए हरेक मनुष्य का अपना धर्म है। द्रोपदी के मन में धर्म की दूसरी कल्पना है, युधिष्ठिर और भीष्म आदि के मन में बिल्कुल दूसरी। भीष्म का उत्तर है, धर्म का स्वरूप अति सूक्ष्म होने के कारण मैं तुम्हारे प्रश्न का ठीक विवेचन नहीं कर सकता। जुआ अधर्म है, जुए के खेल में बेईमानी और भी बड़ा अधर्म है लेकिन पितामह धर्म के सूक्ष्म स्वरूप की बहानेबाजी के साथ और भी नई चालबाजी करते हैं। कहते हैं, धर्मराज युधिष्ठिर धन सम्पदा से भरी पृथ्वी त्याग सकते हैं किन्तु धर्म नहीं छोड़ सकते। इन्होंने स्वयं ही हार मान ली है। (सभा पर्व 67.47-49) भीम युधिष्ठिर के जुआ कर्म को गलत बताते हैं और कहते हैं, द्रोपदी की दुर्दशा के लिए मैं आपकी दोनों बाहें जला दूंगा। ( सभापर्व 68.9) यहां भीम युधिष्ठिर से श्रेष्ठ दिखाई पड़ते हैं। वैदिक काल से उत्तरवैदिक काल के बीच समय का लम्बा अंतराल है। वैदिक काल में परम्परायें पुष्ट हैं। उत्तर वैदिक काल में अन्तर्विरोध हैं। यज्ञ और पूजा से लाभ-हानि की बातें भी आ गयी हैं। इसी समय दर्शन का विकास हुआ। उपनिषद् दर्शन का आकाश छूना इस समय की विशेषता है। रामायण काल का धर्म मर्यादा पालन में खिला है।

# अब भारत से नेपाल को हो रही गोवंश की तस्करी

- नेपाल पुलिस ने किया बड़ा खुलासा 5 दिन में एक दर्जन गोवंश किया बरामद
- भारतीय सुरक्षा कर्मी नहीं लग पा रहे गोवंश तस्करी पर अंकुश



**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

**रुपईडीहा।** भारत से नेपाल को बड़े पैमाने पर गोवंश की तस्करी की जा रही है। इसका खुलासा तब हुआ जब नेपाल की बर्दिया पुलिस ने 5 दिन के भीतर एक दर्जन गोवंश बरामद किए। हालांकि पुलिस को देखकर तस्कर भागने में सफल रहे। भारतीय सीमा क्षेत्र में तैनात सुरक्षा कर्मी गोवंष तस्करी पर अंकुश लगाने में नाकाम दिख रहे हैं। जबकि सरकार ने गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश जारी कर रखे हैं। नेपाल के बर्दिया जिले की पुलिस ने तस्करी पर प्रभावी अंकुश के लिए सीमावर्ती इलाके में गश्त बढ़ा दी है। बीते मंगलवार को नेपाल पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर जंगली रास्ते से भारत से गोवंश की तस्करी कर नेपाल में बेचने के लिए ला रहे हैं। जिस पर पुलिस ने नाकाबंदी कर तस्करी कर नेपाल बेचने के लिए ले जाए जा रहे चार गोवंश बरामद किए थे। इंस्पेक्टर भूपेंद्र शाही ने बताया कि इसके बाद सीमा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई थी। शनिवार को फिर मुखबिर की ओर से सूचना मिली कि भारी मात्रा में गोवंश तस्करी कर नेपाल ले जाया जा रहा है। तुरन्त मैने पुलिस टीम के साथ सीमा से सेट गुलरिया नगर पालिका 11 के पास तस्करों को घेर लिया। तस्कर पुलिस को देखकर गोवंष को छोड़कर भारतीय सीमा में भाग गये। पुलिस ने मौके से आठ गोवंश बरामद कर किए। इन गोवंशों को गुलरिया नगर पालिका वार्ड नंबर 2 पंडितपुरवा के कृष्णासार गौशाला में रखा गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि तस्कर भारतीय क्षेत्र से गोवंश ट्रक पर लाद कर सीमा क्षेत्र में लाते हैं और फिर जंगली रास्ते से उन्हें नेपाल में प्रवेश करा देते हैं। इसके बाद इन गोवंशों को बेच दिया जाता है। नेपाल के बर्दिया जिले से मोतीपुर थाना और मूर्तिहा थाना की सीमा लगती है। वहीं भारतीय सीमा क्षेत्र में एसएसबी का भी कड़ा पहरा रहता है। इसके बावजूद तस्कर गोवंश नेपाल पहुंच रहे हैं। साधारण सी बात है कि यह गोवंश को लोगों को पालने के लिए नेपाल में बेचे नहीं जाते बल्कि इनका वध कर मांस बिक्री किया जाता है।

सूत्र यहां तक बताते हैं कि इन गोवंशों का मांस नेपाल के रास्ते दूसरे देशों को भेजा जाता है।

### भारतीय सीमा क्षेत्र के जिलों से खरीदे जाते हैं गोवंश

**रुपईडीहा।** नेपाल पुलिस ने गोवंश तस्करी के मामले में किसी तस्कर को गिरफ्तार तो नहीं किया लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है की गोवंश नेपाल सीमा से सटे भारतीय जनपद लखीमपुर, बहराइच और पीलीभीत के ग्रामीण इलाकों से खरीदे जाते हैं। इसके बाद ट्रकों के माध्यम से इन्हें सीमा क्षेत्र में पहुंचाया जाता है। फिर जंगली रास्तों से पैदल हाका लगाते हुए इन्हें नेपाल में प्रवेश कर बेच दिया जाता है।

### लखीमपुर पुलिस ने पकड़ा था गोवंश से भरा ट्रक

**रूपईडीहा।** गत 07 दिसंबर को बहराइच के पड़ोसी जिला लखीमपुर के ईसानगर थाने की पुलिस ने एक ट्रक गोवंश पकड़ा था। जिस पर 22 गोबर से ठूंस कर लादे गए थे। पुलिस कार्रवाई में अंधेरे का लाभ उठाकर दो तस्कर फरार हो गये थे। एक को पुलिस ने दबोच लिया था। पुलिस ने उसके खिलाफ गोवंश तस्करी और पशु क्रूरता अधिनियम का मामला दर्ज का जेल भेज दिया था। जबकि गोवंशों को गौशाला भिजवाया गया था।

# शिफा नर्सिंग होम का दूषित संक्रमित पानी व कचरे से आस पास के लोगों का जीना मुहाल

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री को दिये शिकायती पत्र में पीड़ित मुस्ताक खां उर्फ पप्पू पुत्र नवाब खां निवासी पलिया रोड, निकट शिफा नर्सिंग होम ग्राम पंगायत ओदरहना महेवागंज, जिला-लखीमपुर-खीरी ने बताया उसका रिहायशी घर के पड़ोस में संस्था गाजी चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा संचालित शिफा कालेज ऑफ मेडिकल साइन्सेस, बी0एस0सी0 नर्सिंग आदि शिक्षण संस्थान है, जिसे उक्त संस्था के प्रबन्धक डाक्टर जाकिर द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो कि शासन द्वारा निर्धारित एवं नियमित मानकों के विधि विरुद्ध है। उक्त डाक्टर जाकिर द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत किये हुये उक्त संस्थान, क्लासेज/ हास्टल का दूषित एवं संक्रमित पानी व शिफा नर्सिंग होम का दूषित एवं संक्रमित कचरा (पट्टी, दवाईयां, अस्पताल की गन्दगी आदि) पीड़ित के घर से सटे में पानी बहाते हैं एवं कचरा डालते हैं, जब पीड़ित इसका विरोध करता तो उक्त डाक्टर जाकिर द्वारा ऐलानियां धमकी देते हुये मार पीट पर उतारू हो जाते है कि उसकी शासन व प्रशासन में खासी पहुंच है, अगर पीड़ित ने विरोध किया तो उसे फर्जी मुकदमें में फंसवाकर जेल भेजवा देंगे, उक्त दूषित गन्दगी से निरन्तर पीड़ित का परिवार विभिन्न बीमारियों से ग्रसित रहता है,जिसका इलाज निरन्तर चल रहा है। जिस कारण पीड़ित व उसका परिवार काफी हैरान व परेशान है।

उक्त शिफा नर्सिंग होम को शासन को उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकेल्टी द्वारा फर्जी तथ्यों पर मान्यता दी गयी है।अगर जांच की जाए तो बहुत बड़ा मामला सामने निकल कर आएगा लेकिन धनबल के दम पर सिप नर्सिंग होम का संचालक अपने को बचाकर मां को के विपरीत कार्य कर रहा है जो जांच का विषय है।

## मैलानी मंडल अध्यक्ष भाजपा के लिए आये 7 आवेदन

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

मैलानी मंडल अध्यक्ष भाजपा के लिए कुल 7 आवेदन मंडल चुनाव अधिकारी अखिलेश त्रिवेदी के पास जमा हुए है भारतीय जनता पार्टी में इस वक्त बूथ से लेकर जिले प्रदेश से लेकर राष्ट्र तक मौजूदा कार्यकारिणी में बदलाव होना है जिसके चलते बूथों पर बूथ अध्यक्षों का गठन हो चुका है अब मंडल अध्यक्ष का चयन होना है जिसके लिए सभी मंडलों में प्रक्रिया चल रही है मंडल मंत्री अमित मिश्र ने बताया कि भाजपा संगठन पर्व के रूप में अपने संगठन की नवीन कार्यकारिणी के साथ बदलाव की प्रक्रिया में है नए ओर पुराने चेहरों के साथ विश्व के सबसे शक्तिशाली दल में विभिन्न पदों पर गठन की प्रक्रिया चल रही है इसी के तहत मैलानी मंडल में कुल 7 आवेदन आये है जिनमे वर्तमान अध्यक्ष संजीव वर्मा महामंत्री अनुज वर्मा मिथिलेश मिश्र मंडल मंत्री अमित मिश्र अवधेश वर्मा सुरेश तिवारी प्रवीण श्रीवास्तव आदि के आवेदन हुए है।

## 20 साल का कठोर कारावास किशोरी का अपहरण कर रेप करने के दोषी को

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



शहर की 13 वर्षीय किशोरी से अपहरण कर छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो राहुल सिंह प्रथम की कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर दुष्कर्मी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो कोर्ट बृजेश कुमार पांडेय ने बताया कि घटना 17 अप्रैल 2023 की शाम करीब पांच बजे की है। शहर निवासी एक व्यक्ति ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ला हाथीपुर उत्तरी निवासी अनुराज कश्यप उर्फ बुग्गा उनके घर के सामने आया और उनकी 13 वर्षीय पुत्री से अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर उठा ले जाने और जान से मार देने की धमकी देने लगा। इससे पहले 15 अगस्त 2022 को स्कूल आने-जाने के दौरान आरोपी चाकू के बल उसकी पुत्री को बाइक पर बैठाकर देवकली ले गया था, जहां अश्लील हरकतें कर फोटो खींचे थे। कई बार नशे का कुछ पुत्री को खिला चुका है। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट राहुल सिंह प्रथम की अदालत में दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने अनुराज कश्यप को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# रोटावेटर में फंसकर बाल मजदूर की मौत साक्ष्य मिटाने के लिए ट्रैक्टर चालक ने कर दिए शरीर के टुकड़े-टुकड़े

- घटना के 9 दिन बाद पुलिस की सख्ती से हुआ मामले का खुलासा परिवरीजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

ट्रैक्टर मालिक की शह पर ट्रैक्टर ड्राइवर ने खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर में फंसे मजदूर को मार डाला और शव के टुकड़े तितर-बितर कर दिए। यह घटना छः दिसंबर की है। मृतक के पिता ने जब इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक से बात की तो उन्होंने बताया कि वह कहीं गया होगा आ जाएगा। काफी प्रयास के बाद पुलिस सक्रिय हुई और सख्ती से पूछताछ की तो मजदूर की मौत का खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके से मजदूर के कपड़े और जूते बरामद किए हैं। 10 दिन पूर्व 6 दिसम्बर को विक्रम (16) पुत्र मुनीजर निवासी मोहल्ला गायत्री नगर, रिसिया जो लगभग 6 माह पूर्व से संजय वर्मा निवासी गायत्री नगर के ट्रैक्टर पर काम करता था, 6 दिसम्बर को रोटावेटर से ग्राम मंझौवा मुजेहना में खेत की जोताई किया जा रहा था, जिससे जोताई करते समय विक्रम गिर गया और रोटावेटर में फंस गया, जिससे विक्रम की मौके पर ही मृत्यु हो गयी, ट्रेक्टर मालिक संजय वर्मा द्वारा पुलिस को सूचना न देकर बल्कि साक्ष्य को छिपाने के लिए रोटावेटर को बराबर चलाते रहने की वजह से विक्रम की शरीर के कई टुकड़े हो गए, ट्रैक्टर ड्राइवर लवकुश पाल व ट्रेक्टर मालिक संजय वर्मा की साठगांठ से विक्रम के शव को छितर बितर कर दिया गया, विक्रम के पिता मुनिजर द्वारा 6 दिसम्बर से ही ट्रेक्टर मालिक व ड्राइवर से अपने बेटे के बारे में पूछ जांच करते रहें पर दोनों ही व्यक्तियों द्वारा कुछ भी स्पष्ट नहीं बताया गया बल्कि आपका लड़का कहीं भाग गया होगा, वापस आ जायेगा इस तरह की बाते कही गयी, तमाम खोजबीन के बाद विक्रम के न मिलने पर दिनांक 9 दिसम्बर 2024 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) में अपहरण का मुकदमा अज्ञात व्यक्ति पर दर्ज कराया गया, मृतक के पिता का कहना है कि दिनांक 9 दिसम्बर से लगातार मैं थाना रिसिया का चक्कर लगा रहा हूँ पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, दिनांक 14 दिसम्बर को शक के आधार पर ट्रैक्टर मालिक संजय वर्मा को रिसिया पुलिस द्वारा थाना बुलाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना का खुलासा हो पाया, आज दिनांक 15 दिसम्बर को पुलिस द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर कुछ अवशेष, कपड़ा, जूता आदि ग्राम मंझौवा मुजेहना के एक खेत में बरामद किया गया, इस संदर्भ में थानाध्यक्ष के फोन न. 9454402985 पर जानकारी लेने पर बताया गया कि अभी पूरे तरह से अक्षम हैं, जांच जारी है फिर बता सकेंगे, घर वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

# नीना फाउंडेशन के बैनर तले 51 लोगों ने किया रक्तदान

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



**रूपईडीहा।** नेपालगंज में गोपाल नीना फाउण्डेशन नेपाल और जनमत अर्धसाप्ताहिक पत्रिका द्वारा एक वृहद् रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें में 51 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत नेपाल रेडक्रस सोसाइटी के प्रादेशिक रक्त सञ्चार केन्द्र के प्रमुख उपेन्द्र रेग्मी और उनकी टीम द्वारा की गई।

रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से डा. गौरव श्रेष्ठ, डा. तृप्ती पाल रमण, शंकर प्रसाद खनाल, प्रदीप सापकोटा, नीरजमान श्रेष्ठ, खम्ब प्रसाद पुन, लक्ष्मण कुमार वैश्य, शेर सिंह कशौधन,पवन कुमार वैश्य, विनोद कुमार वैश्य, अमृता केसी, टीकाराम खनाल, धर्मेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार वर्मा, अनुप आर्य, अनुप सुवेदी, रुस्तम अली दर्जी, सविता चौधरी, जंगली प्रसाद कोरी, महबूब अहमद, मोहम्मद चाँद इद्रीसी, राजेन्द्र डगौरा, अमरेश कुमार कर्ण, श्रीमती कुसुम दुगड, रोहित चौधरी, प्रकाश चौधरी, टिका गुरुङ, प्रिन्स चौधरी, और अन्य शामिल थे। कार्यक्रम में सहयोग देने वाले संस्थाओं और व्यक्तियों में जनमत अर्धसाप्ताहिक पत्रिका, अन्नपूर्ण ग्याष्ट्रो केयर अस्पताल, नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता समाज, बाँके और हेल्थ याद आयो (मोबाइल हेल्थ एप) का विशेष योगदान रहा।

# मत्स्य निरीक्षक के घर हुई चोरी की घटना का खुलासा, अंतर्जनपदीय चार शातिर चोर गिरफ्तार

- चोरी की लाइसेन्सी रिवाल्वर, कारतूस, नगदी व अन्य सामान बरामद
- थाना दरगाह पुलिस, एसओजी तथा सर्विलांस टीम ने 24 घंटे में की गिरफ्तारी

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**




थाना दरगाह क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला बक्शीपुरा नई बस्ती में हुई चोरी का क्षेत्रीय पुलिस, एसओजी तथा सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से 24 घंटे के भीतर खुलासा कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। चोरी किया गया रिवाल्वर समेत नगदी और गहने भी बरामद कर लिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि विगत 14 दिसम्बर को मोहल्ला चाँदमारी नई बस्ती बक्शीपुरा में बाबूराम के घर से लाइसेन्सी रिवाल्वर, नगद रुपये व सफेद धातु कटोरी, गिलास, चम्मच की चोरी हो गई थी। इस घटना की प्राथमिकी थाना दरगाह में दर्ज की गई। इस घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए गए। इस बीच थाना प्रभारी निरीक्षक अपराध चंद्रेश कुमार थाना दरगाह शरीफ जनपद के नेतृत्व में एस आई अयोध्या सिंह मय हमराह एस आई चुन्नू कुमार व दिवाकर मिश्रा, कांस्टेबल बृजेश व अरमान, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार व कांस्टेबल सत्यपाल के द्वारा बरामदगी में रात्रि भ्रमण के समय मुखबिर खास की सूचना पर गुल्लाबीर मंदिर के समीप पक्की सड़क रेलवे क्रॉसिंग के निकट से अभियुक्त आफताब उर्फ भैया (25) पुत्र अशरफ बंजारा उम्र लगभग 25 वर्ष, आशिक अली पुत्र साबिर अली (20), साबिर अली पुत्र जाकिर (22) तथा राजू उर्फ इक्का पुत्र जमील अहमद उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी मोहल्ला नुरुद्दीन चक थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी की गई रिवाल्वर, कारतूस, सफेद धातु के बर्तन व नगद रुपयों के साथ सोमवार को अपराह्न 02.50 बजे गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई बाद में विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए कोर्ट रवाना किया गया। एसपी ने बताया कि सभी शातिर चोर है और किसी पर 11 तो किसी पर 6 व 4 मुकदमे दर्ज है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कार पर पथराव व तोड़फोड़,कर दो युवकों को पीटकर फरार हुए हमलावर

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी में किसी बात से नाराज हमलावरों ने कार में सवार दो युवकों पर हमला कर दिया और ईंट-पत्थर फेंके। इससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार मिश्र एडवोकेट ने बताया कि रविवार की रात करीब दस बजे उनका पुत्र युवराज व भतीजा अभिनन्दन मिश्र अपनी कार से घर आ रहे थे। कार जब आवास विकास निवासी अंकित यादव के मकान के पास से निकली तो वहां पर अंकित यादव, शुभम यादव, अभिषेक यादव अपने करीब 10 साथियों के साथ खड़े थे। कार निकलने पर आरोपी गाली देने लगे और ललकारा। पुत्र ने जब कार खड़ी करने के लिए घर की तरफ मोड़ी। तभी आरोपी आ गए और जान से मार देने की नीयत से उनके पुत्र और भतीजे पर हमला कर दिया। गाड़ी को ईंट पत्थरों से तोड़ने लगे। आस पड़ोस के लोगों के हस्तक्षेप से जैसे तैसे उनकी जान बची।आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चेयरमैन ने सर्दी से बचाव के लिए निःशुल्क स्वेटर का वितरण किया

**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी।** कस्बे के मदरसा इस्लामिया स्कूल में चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए निःशुल्क स्वेटर का वितरण किया। कस्बे के चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने बच्चों को ठंड से बचने के लिए मदरसा इस्लामिया स्कूल में 382 बच्चों को स्वेटर बांटे। सर्द मौसम में स्वेटर मिलने पर बच्चे व उनके अभिभावक काफी खुश हुए। तमाम बच्चों ने उत्साह में फौरन स्वेटर पहन लिया और अभिभावकों के साथ घर रवाना हो गए। इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने कहा कि बच्चों की सफलता उसकी मेहनत पर निर्भर होती है। यदि बच्चा लगनशील और मेहनती नहीं होगा, तो उससे सफलता दूर भाग जाती है। लिहाजा, जीवन में परिश्रम के साथ शिक्षा को प्राप्त करें। इस मौके पर प्रबंधक जैनुल खान, तजम्मुल खां, प्रधानाचार्य अफजल हुसैन, मुजीबुर्रहमान, मोहयउद्दीन अंसारी, महेश अग्रवाल अनवार आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाए हुनर

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** नेहरू युवा केंद्र की स्थानीय इकाई की ओर से दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता विकास खंड चितौरा के स्थल श्री मानस इंटर कॉलेज विशुनपुर राहु में किया गया। 15 से 16 दिसंबर तक चली इस ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में वाली बाल 400 मीटर दौड़ व कुश्ती प्रतियोगिता कराई गई। जबकि बालिका वर्ग में कबड्डी बैड मिंटन तथा साइकिल प्रतियोगिता कराई गई। वाली बाल में प्रथम विजेता युवा मंडल कल्पीपारा द्वितीय विजेता युवा मंडल टेडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपेश मल्होत्रा वरिष्ठ प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, विशिष्ट अतिथि बलराम पाठक सांसद मुख्य सलाहकार, प्राचार्य जगदंबा प्रसाद मिश्र तथा पूर्व प्राचार्य राम दुलारे वर्मा ने विजेता युवकों व युवतियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद सिंह, धनेंद्र कुमार, सतीश प्रजापति, अनामिका वर्मा, आराधना मिश्रा, चाँद तारा, रोशनी तिवारी व श्री पाल ने सकुशल कार्यक्रम का संचालन किया और कार्यक्रम को इंद्रसेन चौधरी लेखा व कार्यक्रम पर्यवेक्षक द्वारा किया गया।

### आईसीपी रूपईडीहा में कार्यरत सीएचए एवं निर्यातको आयातकों ने जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** रूपईडीहा। भारत नेपाल सीमा पर आयात-निर्मात से संबंधित आईसीपी रूपईडीहा में कार्यरत सीएचए एवं निर्यातको आयातकों ने आईडीकार्ड एवं कुछ अन्य मामलों को लेकर हड़ताल कर दी। इस पोर्ट पर सीएचए एवं निर्यातको आयातकों को पुलिस द्वारा परेशान किए जाने को लेकर नेपालगंज रोड रूपईडीहा के सीएचए एवं निर्यातको आयातकों ने आयात-निर्यात का काम बन्द कर दिया। इस सम्बन्ध मे पूछे जाने पर सम्बन्धित विभाग ने मौखिक रूप से आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी को किसी प्रकार से परेशान नहीं किया जायेगा। मीडिया कर्मियों ने इस संबंध में जब कस्टम विभाग के इंस्पेक्टर कपिल त्रिपाठी से बात किया तो उन्होंने बताया कि सीएचए गेट पास कस्टम विभाग के द्वारा ही इश्यू किया जाता है। इसलिए इश्यू किए गए पास फर्जी नहीं है। लैंड पोर्ट अथॉरिटी इंचार्ज सुधीर शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि सीएचएस एवं निर्यातको आयातकों के संगठन का जो भी इश्यू था उसे निस्तारित कर दिया गया है। अब यह लोग आधार कार्ड से ही एंट्री कर सकेंगे।

# जयकारों के साथ निकाली गई श्री रूद्र महायज्ञ के लिए कलश शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

> 23 दिसंबर तक प्रतिदिन महायज्ञ के साथ श्रीराम कथा का होगा प्रवचन, फखरपुर ब्लॉक के टेंडवा अल्पी मिश्र पंचायत भवन स्थल पर हो रहा आयोजन

श्री रूद्र महायज्ञ की जय, यज्ञ भगवान की जय जैसे जयकारों की गूंज के साथ फखरपुर ब्लॉक के ग्राम टेंडवा अल्पी मिश्र पंचायत भवन श्री राम कथा स्थल से कलश शोभा यात्रा रविवार को निकाली गई।

शोभायात्रा में हाथों में कलश लिए हुए महिलाओं, संतों का काफिला मनमोहक दृश्य उपस्थित कर रहा था। डीजे पर भक्ति गीतों की गूंज के साथ जयकारों भजनों से माहौल भक्तिमय हो रहा था। कलश शोभायात्रा ग्राम भ्रमण करते हुए गजाधरपुर के रास्ते झिंगरी पुल स्थित गायत्री परिवार आश्रम में पहुंचीं। यहां वेदमंत्रों की गूंज के बीच कथावाचक श्री प्रेमाचार्य जी महाराज ने सरोवर घाट पर विधिवत पूजन कर कलशों में पवित्र जल स्थापित कराया। इसके बाद शोभायात्रा श्रीराम कथा स्थल पर यज्ञशाला के लिए रवाना हो गई।

आयोजक मंडल के पुजारी राम प्रसाद पाठक ने बताया कि कलश शोभायात्रा के साथ ही श्री रूद्र महायज्ञ का शुभारम्भ हो गया है।

22 दिसम्बर तक प्रतिदिन महायज्ञ का क्रम जारी रहेगा।

इसी के साथ श्रद्धालुओं का पावन श्रीराम कथा भी श्रवण कराई जाएगी।

23 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस मौके पर बाबा रमाकांत दास जी महराज,

आश्रम प्रबंधक लाड़ली प्रसाद वर्मा, ग्राम प्रधान उदयराज वर्मा, ललित पाठक, सुनील पाठक, अंकित गौड़, आशुतोष पाठक, केके पँडित, श्रवण शुक्ला, मंशाराम पाठक, विजय कुमार समेत बड़ी संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बजाज एनर्जी लिमिटेड को ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया गया

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** खंभारखेडा बजाज एनर्जी लिमिटेड, एक प्रमुख विद्युत उत्पादन कंपनी, ने ऊर्जा संरक्षण दिवस 2024 के अवसर पर उत्तर प्रदेश नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्ह्रश्वष्ठ) द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार में थर्मल पावर प्लांट श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।बजाज एनर्जी लिमिटेड की खंभरखेरा इकाई ने यह पुरस्कार अपनी उत्कृष्ट ऊर्जा संरक्षण प्रथाओं और नवाचारी पहलों के लिए प्राप्त किया है। यह उपलब्धि कंपनी की स्थिरता, नवाचार और ऊर्जा-कुशल प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।प्रति दिन कुल 2430 मेगावॉट बिजली उत्पादन की क्षमता के साथ बजाज एनर्जी लिमिटेड उत्तर प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान कर रही है।

## नव निर्मित प्रसाधन का प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सचिव ने किया संयुक्त लोकार्पण



**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

किसान पीजी कॉलेज में कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजीव सिंह तथा सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित प्रसाधन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर अध्यक्ष श्री सिंह ने परिसर की साफ-सफाई के लिए व्यवस्थित कार्य योजना को अमल में लाने की आवश्यकता बताई। सचिव मेजर सिंह ने सफाई कर्मियों को प्रसाधन तथा परिसर को व्यवस्थागत तरीके से साफ सुथरा रखना होगा उन्होंने कहा कि इस कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना, उप प्राचार्य प्रो. उस्मान, हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ नीरज पांडेय, कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह, आशुलिपिक अमित सिंह राठौर, लेखाकार विजय सिंह, एनसीसी के पंकज सिंह, संतोष सिंह गुड्डू समेत अनेक शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर के दून पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से युक्त अपने अपने स्टाल लगाएं

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी।** सर्व प्रथम क्लास 9 के छात्र/ छात्राओं सहजदीप कौर, हिमांशु कनौजिया,प्रीत कौर, नमनदीप कौर, नवनीत मिश्रा, अमोघ पांडे, गौरी शुक्ला, सिमरत कौर, अथर्व यादव आदि ने सरस्वती वंदन की तत्पश्चात मुख्य अतिथि मोहम्मदी नगर पालिका अध्यक्ष चेयरमेन कन्हैया मेहरोत्रा, विशिष्ट अतिथि वैभव प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया।बच्चों ने लगाएं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में, मटर चाट, भेलपुड़ी, धनियां आलू, रसमलाई, समोसा चाट, बर्गर कॉफी, इडली, स्प्रिंग रोल,छेना रसगुल्ला, खस्ता मटर, पेस्टी कोल्ड ड्रिंक, कस्टर्ड, बेसन टिक्की, चना, चाय, पेस्ट्री, पिज़्ज़ा, पनीर टिक्का, गोलगप्पे, पापड़ी चाट, मोमोज, मैगी, कबाब पराठा व स्वादिष्ट मिठाइ मुख्य रूप से रहा तरह तरह के खेलों का भी प्रदर्शन रहा जिसमें बच्चों ने अभिभावकों के साथ खूब मस्ती के साथ आनंद लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में चंद्रयान-3,अर्थ क्विक, सोलर सिस्टम, सीवेजट्रीटमेट, थर्मल पावर, स्टेक्रर ऑफ नर्व, मैग्नेटिक फील्ड,पंपनिंग ऑफ हर्ट,आई आदि प्रॉजेक्ट के साथ साथ तमाम तरह तरह की आकर्षक पेटिंग बच्चों द्वारा बनाई गई कार्यक्रम में महिला सुरक्षा यातायत के संबंध में मोहम्मदी कोतवाली से क्राइम इंस्पेक्टर अश्वनी विश्वकर्मा के साथ साथ महिला प्रभारी अंजना जायसवाल ने संबोधित कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

## एसपी खीरी द्वारा आग बुझाए जाने के तरीकों एवं नियंत्रण करने के बारे में जानकारी दी



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

सोमवार को पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अक्षय रंजन शर्मा एवं प्रभारी अग्निशमन अधिकारी,राहुल व उनकी प्रशिक्षित टीम द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी/कर्मचारियों को फायर एक्टिंग्यूशर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं साथ ही गैस सिलेण्डर में लगने वाली आग को बुझाए जाने के तरीकों से अवगत कराया गया तथा अग्निशमन सम्बन्धी की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में प्रशिक्षण/ डेमो देकर अभ्यास कराया गया एवं इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचाव हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## आमदनी के साथ साथ अन्य के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करें किसान - मोनिका रानी

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

ग्राम भदौली चिलवारिया में जनपद के सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बहराइच की निदेशक हेमादेवी, जानकीदेवी, सौम्या चौधरी, मुन्नालाल वर्मा, संतोष सिंह एवं श्रीमती कंचन सिंह द्वारा स्थापित मसाला यूनिट, आटा यूनिट, पैकेजिंग यूनिट का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप-निदेशक कृषि टी.पी. शाही के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा सभी मशीनों को चलवाकर उत्पादित उत्पाद का निरीक्षण किया और साथ में ही तुलसी महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप व दुर्गा महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं से भी मिलकर एफपीओ द्वारा पैकेजिंग के कार्य का निरीक्षण किया। एफपीओ द्वारा बोये गये आर्गेनिक टमाटर, शिमला मिर्च आदि की फसलों को देखा तथा एफपीओ द्वारा लगाये गये चन्दन की पौध का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त एफपीओ के सदस्य कृषकों से अपेक्षा की कि वे भी इसी प्रकार के इन्नोवेटिव कार्यों को अपनाकर अपनी आमदनी के साथ साथ अन्य के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करें साथ ही विविधीकरण अपनाकर यंग जनरेशन को खेती की तरफ प्रमोट करने व एफपीओ में तैयार उत्पाद को मार्केट तक पहुचाने के कार्य को बढ़ावा देने के बारे में बताया। उन्होंने सभी एफपीओ से अपेक्षा की कि वे आर्गेनिक खेती कर कम लागत में अधिक लाभ अर्जित करें जिससे उनकी आय में वृद्धि हो। जिलाधिकारी द्वारा महिलाओं के कार्य की सराहना करते हुए खेती व पशुपालन के क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में भी चर्चा की। एफपीओ निदेशक मुन्नालाल वर्मा द्वारा एफपीओ के गठन व उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में उपस्थित अन्य एफपीओ व प्रगतिशील कृषकों को बताया। उन्होंने बताया कि गुजरात, राजकोट से मसाला यूनिट व आटा यूनिट मंगाकर स्थापित कराई गयी है जिससे शुद्ध मसाला व आटा की पैकेजिंग करके बाज़ार में बिक्री की जाएगी। इस अवसर पर उप-संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज/ एफपीओ नोडल अधिकारी बहराइच शिशिर कुमार वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट बृजेश मिश्रा, प्राविधिक सहायक प्रदीप कुमार सहित जनपद के अन्य एफपीओ निदेशक व सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

# खिचड़ी मेले की तैयारी जोर-शोर से हुई शुरू

- आस्था सेवा सुरक्षा का होगा भव्य संगम , लाखों श्रद्धालुओं के लिए होगा पुख्ता इंतजाम

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर लगने वाला विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला इस बार पहले से भी अधिक भव्य और सुव्यवस्थित होगा। 14 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले इस मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु गुरु गोरखनाथ को श्रद्धा अर्पित करने के लिए आते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल से उमड़ने वाली इस भीड़ को देखते हुए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम ने मेले को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए कमर कस ली है।

### श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम

खिचड़ी मेले में हर साल लाखों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। इस बार नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ने सुविधाओं को लेकर कई बड़े कदम उठाए हैं।

### वाहनों के लिए पार्किंग और ट्रैफिक प्लान

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छह स्थानों पर वाहन पार्किंग की जाएगी। इनमें एमपी पॉलिटेक्निक, रामलीला मैदान और दुर्गाबाड़ी जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं। मेले के व्यस्त दिनों में विशेष यातायात डायवर्जन लागू होगा, ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

### स्वास्थ्य सेवाएं रहेंगी चौकस

मेले के दौरान विशेष मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे, जहां डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफकी तैनाती होगी। आकस्मिक सेवाओं के लिए स्थायी एंबुलेंस भी उपलब्ध रहेगी।

### रेलवे और रोडवेज का विशेष योगदान

दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे पांच विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। ये ट्रेनें नौतनवा, बलरामपुर, छपरा, बेतिया और गोंडा जैसे रूट्स पर चलेंगी। वहीं, यूपी रोडवेज 17 प्रमुख स्थानों से विशेष बस सेवाएं संचालित करेगा, जिनमें मऊ, देवरिया, सिद्धार्थनगर और बस्ती जैसे शहर शामिल हैं।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद की समीक्षा

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिचड़ी मेले की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा, स्वच्छता और हर संभव सुविधा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा, ष्यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सेवा का प्रतीक है। हर श्रद्धालु को यहां अपनापन और सुरक्षा का अनुभव होना चाहिए। सफाई और शौचालयरू मेले के दौरान 40 सफाईकर्मियों की तैनाती होगी। पूरे परिसर में 5 मोबाइल शौचालय और 30 डस्टबिन लगाए जाएंगे। पेयजल व्यवस्था: श्रद्धालुओं के लिए 25 हैंडपंप, 22 टोटियां और 4 पानी टैंकर लगाए जाएंगे। ठंड से बचाव: शीतलहर को देखते हुए 20 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है।

### सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम

- मेले की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग ने चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं।
- एक अस्थायी मेला थाना और सात पुलिस चौकियां स्थापित की जाएंगी।
- नौ वॉच टावर और सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी होगी।
- चार स्थानों पर फायर टेंडर, पीएसी की फ्लड यूनिट और एसडीआरएफ्ध् एनडीआरएफकी तैनाती की जाएगी।

### खिचड़ी मेले का महत्व

गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और सुरक्षा का अनूठा संगम है। लाखों श्रद्धालु जब यहां पहुंचते हैं, तो उन्हें न केवल गुरु गोरखनाथ के दर्शन का सौभाग्य मिलता है, बल्कि प्रशासन की चुस्त व्यवस्था भी उनके अनुभव को यादगार बनाती है। इस बार की तैयारियों से स्पष्ट है कि 2025 का खिचड़ी मेला एक नई मिसाल कायम करेगा। गोरखपुर के इस आयोजन में न केवल भक्तों की आस्था जुड़ी है, बल्कि यह शहर की पहचान भी है।

# गोरखपुर: तीन मंजिला इमारत में भीषण आग, त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर के कैंपियरगंज इलाके में बीती रात एक तीन मंजिला इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। इमारत में स्थित कपड़ों और ज्वेलरी की दुकानों का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, प्रशासन की मुस्तैदी और फायर ब्रिगेड की तेज कार्रवाई से समय रहते एक बड़ा हादसा टाल दिया गया। आग लगने के दौरान इमारत की ऊपरी मंजिलों पर कुछ लोग फंसे हुए थे। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए इलाके को खाली कराया और फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



### प्रभावितों को मिलेगा हरसंभव सहयोग

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम रोहित मौर्य समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उचित मुआवजा एवं सहायता का आश्वासन दिया।

### बड़ा नुकसान, लेकिन जनहानि से बचाव

हालांकि, आग में सोने-चांदी के गहनों और कपड़ों सहित करीब 25 लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया, लेकिन किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया,

### पुलिसकर्मियों का साहस सराहनीय

आग बुझाने की प्रक्रिया के दौरान पुलिसकर्मी विवेक कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना राहत कार्यों में हिस्सा लिया और घायल हो गए। उनका यह साहसिक कदम प्रशासन की प्रतिबद्धता और जनता के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

### आग का कारण जानने के लिए जांच जारी

फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं और स्थिति की बारीकी से समीक्षा की जा रही है।

# गोरखपुर में ममेरे भाई बहन के रिश्ते में हुआ प्यार

## पहले लगाया जहरीला इंजेक्शन, शादी से पहले फरार, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में रिश्तों की गरिमा को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। एक ममेरे भाई ने पहले अपनी बहन को प्रेमजाल में फंसाया, फिर शारीरिक संबंध बनाए और शादी का वादा किया। लेकिन जब शादी की बारी आई, तो वह ऐन मौके पर फरार हो गया। मामला कैंट थाना इलाके का है। युवती ने इस विश्वासघात के बाद थाने में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया, और आरोपी अब जेल में है।

### लव ट्रायंगल ने बदली कहानी

कुछ समय बाद, युवती का झुकाव पैथोलॉजी लैब में काम करने वाले एक अन्य युवक की ओर हो गया। जब ममेरे भाई को इस बात की भनक लगी, तो उसने अपने पुराने संबंधों का हवाला देकर युवती से दूसरे युवक को छोड़ने को कहा। लेकिन युवती ने इनकार कर दिया। आहत युवक ने अपनी जान देने की कोशिश करते हुए जहरीला इंजेक्शन लगा लिया। ग्यारह दिनों तक मेडिकल कॉलेज में भर्ती रहने के बाद युवती का झुकाव फिर से अपने ममेरे भाई की ओर हो गया।

### प्रेग्नेंट होने का नाटक

युवती ने परिवार को यह कहकर दबाव में डाल दिया कि वह प्रेग्नेंट है और जल्द शादी करनी होगी। मामला थाने तक पहुंचा, जहां दोनों परिवारों ने 7 दिसंबर को कोर्ट मैरिज की तारीख तय कर दी। लेकिन अगले ही दिन, शादी से ठीक पहले, युवक अचानक गायब हो गया। शादी से पलटने के बाद युवती ने थाने में अपने ममेरे भाई के खिलाफदुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### रिश्तों का दायरा तोड़कर शुरू प्रेम

कैंट थाना इलाके के इंजीनियरिंग कॉलेज के पास रहने वाले युवक का ननिहाल गुलरिहा इलाके में था। करीब आठ साल पहले, मामा की बेटी पढ़ाई के लिए उसके घर आई थी। इस दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं, जो रिश्ते की मर्यादा को पार करते हुए प्रेम और शारीरिक संबंधों तक पहुंच गईं। पढ़ाई पूरी करने के बाद युवती अपने घर लौट गई और गोरखनाथ इलाके में एक पैथोलॉजी लैब में काम करने लगी। हालांकि, दोनों के बीच मुलाकातें और बातचीत जारी रहीं।

# समाजसेवी डॉक्टर मोहन तिवारी को मिला प्रकृति गौरव सम्मान

- एक हजार पौधा रोपण कार्य कर दिल्ली में हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । तमकुहीराज, कुशीनगर**

सेवेरही विकास खंड के अंतर्गत ग्रामसभा मठिया श्रीराम निवासी समाजसेवी, डॉ.मोहन तिवारी को शनिवार को दिल्ली मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, द्वारका में प्रकृति गौरव सम्मान अवार्ड से मैक्स अस्पताल के डॉक्टर डॉ. संजीव और डॉ. मनीष गर्ग व प्रकृति भक्त फाउडेंशन के संस्थापक राजेश शर्मा आदि द्वारा उन्हे सम्मानित किया गया। समाजसेवी डॉ. मोहन तिवारी द्वारा प्रकृति संरक्षण एवं राष्ट्रवाद के लिए किये गए कार्यों तथा समाज के लिए दिये गए उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

बता दें कि समाजसेवी डॉ.मोहन तिवारी द्वारा अपने जन्म दिवस के मौके पर 101 पौधो का पौधा रोपण किया गया है। पौधा रोपण एवम




वितरण कार्यक्रम ने हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री व विधायकों द्वारा उन्हें सम्मनित किया गया है। समाजसेवी डॉ. मोहन तिवारी ने दिल्ली एनसीआर में अब तक एक हजार पोधा रोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दे चुके है। जिसके चलते उन्हें राष्ट्रीय रत्न अवार्ड, हरियाणा गौरव अवार्ड, फरीदाबाद गौरव अवार्ड, स्पेशल चीफ गेस्ट अवार्ड, गेस्ट ऑफ ऑनर अवार्ड, मीडिया पर्सनालिटी अवार्ड , प्रकृति गौरव सम्मान सहित दर्जनों भर से ज्यादा अवार्ड सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। समाजसेवी डॉ. मोहन तिवारी समय समय पर भिन्न भिन्न समाजिक कार्य करते रहते है। जिसके चलते अभी हाल में इनकम टैक्स रैंक के कमिश्नर, भिन्न भिन्न यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर्स, भिन्न भिन्न संस्थानों आदि के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है।

समाजसेवी, डॉ मोहन तिवारी ने कहा की सम्मान पाना आसान नही है, उससे बडी बात है बार बार मिले सम्मान व मिली जिम्मेदारी पर खरा उतरना है। समाजसेवी डॉ मोहन तिवारी ने कहा की जितनी बार समाज सम्मान देता है, उतनी ही समाज के प्रति जिम्मेदारी और बढती चली जाती है। अनशनकारी डॉ मोहन तिवारी ने कहा कि सम्मान पाने वाले व्यक्ति से समाज को भी उम्मीदें बढ जाती है, इसलिए मैंने भी उस जिम्मेदारी को समझा और समाज हित मे अनेको बार, सामाजिक कार्य किया, धरना, प्रदर्शन, अनशन,आंदोलन आदि करना पडा।

मोहन तिवारी ने कहा की स्थानीय क्षेत्र में तो लोग मुझे समाजसेवी, अनशनकारी, आंदोलनकारी कहने लगे हैं। उन्होने कहा कि मै समाज के लिए हमेशा समर्पित रहता हूँ, समाज के लिए जीता, समाज के लिए मरता हूँ और समाज में बेहतर करने के लिए दिन रात सोचता रहता हूं । ईश्वर की कृपा हैं कि मै लोगों के काम आता हूँ। समाजसेवी डॉ.मोहन तिवारी सामाजिक कार्यों में निरंतर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है तथा जरूरतमंद लोगों की मदत्त भी करते है। समाजसेवी डॉ मोहन तिवारी को दिल्ली, हरियाणा में बार बार सम्मानित होने पर उनके शुभचिंतको में स्थानीय निवासी मठिया श्रीराम लाल जी तिवारी, होसीला तिवारी पूर्व अध्यापक, जियन तिवारी, प्रदीप तिवारी प्रधान प्रतिनिधि आदि में खुशी की लहर है। इस कार्यक्रम में 360 गांवों के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी, महाराजा अग्रसेन अस्पताल के संस्थापक राम कुमार गुप्ता,शहर के जाने माने समाजसेवी, वकील, पत्रकार, मैक्स अस्पताल के डॉक्टर्स एवं बुद्धजीवी वर्ग विशेष आदि के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

# साहब का खास आदमी हूं, बताकर ठग लिए पांच लाख

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर में तैनात प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी (पीसीएसओ) का खास होने का दावा कर एक रेलकर्मी ने नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से 5 लाख रुपये ठग लिए। मनीष यादव नाम के इस कर्मचारी ने खुद को अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा के बंगले पर कार्यरत बताया था। उसने बेलीपार थानाक्षेत्र के महावीर छपरा निवासी विनोद कुमार से नौकरी दिलाने का भरोसा देकर पैसे ले लिए। बाद में फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। नियुक्ति पत्र लेकर जब विनोद पीसीएसओ कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगा गया है। इसके बाद उन्होंने कैंट थाने में केस दर्ज कराया है। नौकरी की तलाश में जुटे विनोद कुमार की मुलाकात खोराबार के रहने वाले मनीष यादव से हुई थी। उसने खुद को पीसीएसओ के बंगले पर चपरासी के रूप में तैनात बताया था। यह भी भरोसा दिलाया कि वह अपने साहब का काफी करीबी है। कई लोगों की नौकरी लगवा चुका है। मनीष ने विनोद ने 5 लाख रुपये की व्यवस्था करने को कहा। उसने कहा कि वह चतुर्थ श्रेणी में नौकरी दिलवा देगा।




### पैसे लेने के बाद मांगा मार्कशीट व अन्य प्रपत्र

मनीष ने उसे विश्वास दिलाने के लिए कहा कि साहब से बात हो गई है। नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने के लिए मार्कशीट, आधार कार्ड, पैन कार्ड व फोटो आदि चाहिए। विनोद ने सभी प्रपत्र उपलब्ध करा दिए। इसके बाद वह मनीष के पीछे दौड़ता रहा।

### विनोद जब ज्वाइन करने पहुंचा तो क्या हुआ

नियुक्ति पत्र लेकर विनोद पीसीएसओ के कार्यालय पहुंचा। वहां कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र दिखाकर ज्वाइन कराने को कहा तो उसे पता चला कि यह नियुक्ति पत्र ही फर्जी है। इसके बाद उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। विनोद का आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर मनीष उसे गालियां देने लगा और धमकी भी दी। घर जाने पर पता चला कि वह लड़की लेकर फरार है और बिहार में रह रहा है।

### पहले अधिकारी के बंगले पर ले गया

विनोद ने बताया कि मनीष उसे लेकर पीसीएसओ के बंगले पर गया था। उसने बताया कि साहब का यही बंगला है और वह यहीं नौकरी करता है। उसने बताया कि पीसीएसओ उसपर बहुत विश्वास करते हैं। वह नौकरी जरूर लगवा देगा। विनोद का कहना है कि उसने मनीष पर विश्वास कर लिया और मां के गहने बेचकर नौकरी की लालच में 10 मई 2024 को नकद 5 लाख रुपये उसे दे दिए।

### फिर बंगले पर बुलाया

मनीष ने विनोद को 10 सितंबर को फिर पीसीएसओ के बंगले पर बुलाया। वहां कई कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए। दिनभर वहां बैठाए रहा और शाम 5 बजे एक नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि बधाई हो तुम्हारी नौकरी लग गई। साथ ही उसने किसी को न दिखाने की हिदायत भी दी। उसने कहा कि कुछ प्रक्रिया बाकी है। ज्वाइनिंग 1 अक्टूबर 2024 को होगी।

## छात्रवृत्ति योजना के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि अल्पसंख्यक वर्ग के लिए राज्य पोषित पूर्वदशम (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति योजना के सुचारू संचालन हेतु आवेदन प्रक्रिया से लेकर छात्रवृत्ति वितरण तक के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। छात्र-छात्राएं 10 जनवरी तक अपना रजिस्ट्रेशन पूरा कर सकते हैं, जबकि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 13 जनवरी है। आवेदन का फाइनल सबमिशन 15 जनवरी तक किया जा सकता है। छात्रों को अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, सभी आवश्यक संलग्नकों सहित, 17 जनवरी तक अपने विद्यालय में जमा करनी होगी। विद्यालयों को आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन और अग्रसारण 20 जनवरी तक पूरा करना होगा। कक्षा 10 में अध्ययनरत नवीनीकरण के छात्रों के लिए केवल कक्षा 10 में प्रवेश की तिथि और कक्षा 9 का परीक्षाफल दर्ज कर आवेदन ऑनलाइन अग्रसारित किया जाएगा।

# के.एस. विद्यापीठ का पांचवा वार्षिक उत्सव धूम धाम से मनाया गया

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जिगिनी बुजुर्ग में स्थित के. एस. विद्यापीठ स्कूल का पांचवा वार्षिक उत्सव धूम धाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव में बच्चों ने संस्कृत, धार्मिक, पारिवारिक, और समाज में उत्पन्न क्रूतियो के खिलाफ और शिक्षा जगत से जुड़े तमाम ज्ञानौपयोगी कार्यक्रम मंच के माध्यम से कर लोगो को अवगत करवाया।

कार्यक्रम के शुआरंभ से पहले कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि एम.एस.डी स्कूल के प्रबंधक राहुल रंजन ने मां सरस्वती, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, गौतम बुद्ध और स्वतंत्रता सैनानियों को नमन के साथ दिव्य प्रज्वलन व पुष्प माल्य अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया तदोपरांत रंजन ने कहा इस वार्षिक उत्सव में बच्चों ने जिस प्रकार से अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शित किया काफी सराहनीय है।

इसके लिए शिक्षकों व स्कूल प्रबंधक को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। और आगे बताया बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अभिभावक को भी शिक्षकों और बच्चों के साथ संघर्ष व वार्तालाप करते रहना चाहिए ताकि बच्चों के अंदर छुपी कमियों और अच्छाइयों को जान सके और उन्हें एक अच्छा मार्ग दे। वही कार्यक्रम में शामिल विशिष्ट अतिथि आर.डी.पी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य अनुपमा देवी ने कहा बेटियां इस देश की भविष्य हैं और बेटियों को हमेशा आगे बढ़ाएं ताकि भविष्य सुरक्षित रहे।

वही स्कूल प्रबंधक डॉ. राम कवल वार्षिक उत्सव में शामिल सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा ग्रामीण इलाकों में आज भी शिक्षा बहुत पीछे है। जिसको देखते हुए इस क्षेत्र में स्कूल खोला गया ताकि स्थानीय बच्चे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर डाक्टर इंजिनियर और आधिकारी बन देश व क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। वही इस वार्षिक उत्सव के दौरान बेस्ट स्टूडेंट ऑफद ईयर शिवानी मौर्य, परिधि मौर्य और स्कूल में प्रथम दाखिला करने वाले रितेश प्रजापति को और अध्यापकों में बेस्ट ऑफ टीचर मनिता प्रजापति,श्रृंखला प्रजापति और मनीष को मेडल देकर के सम्मानित किया गया।

इस दौरान स्कूल के नए मैनेजर ऑफ डायरेक्ट के रूप में श्परिवर्तन कुमार श् को नियुक्त किया गया। वही इस कार्यक्रम में गब्बू लाल जिला पंचायत सदस्य, जीडी प्रसाद, द्वारिका वकील, अत्यानन्द भारती, राम अवध ,बहादुर जैसवारा अनुसूचित जनजाति समिति अध्यक्ष भिलाई, स्कूल प्रधानाचार्य प्रवेश साक्य राधेश्याम मौर्य,आदि अतिथियों के साथ स्कूल शिक्षकगढ़ वह बच्चों के साथ उनके अभिभावक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# विधायक के निर्देश पर पीड़ित परिवार से मिला निषाद समाज का प्रतिनिधि मंडल

**जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा**

विधानसभा क्षेत्र के खैराबाद डूडी में विगत दिनों लालजी निषाद की बोलेरो गाड़ी फूंकने और वृद्ध महिला के साथ मारपीट के मामले को चौरी चौरा विधायक ई.सरवन निषाद ने संज्ञान लेते हुए सोमवार को ÷राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद ÷ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष डाक्टर अमित कुमार निषाद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के साथ पीड़ित परिवारजनों से मिलने का दिया था। सोमवार को निषाद एकता परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष डाक्टर अमित निषाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलकर वार्ता किया और मौके से ही पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर दोषियों पर गैंगस्टर सहित कड़ी



कार्यवाही करने का निर्देश दिया। घटना के संबंध में विधायक ई .सरवन निषाद ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ पूरी तरह से हम लोग साथ हैं अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्यवाही सुनिश्चित होगी कोई भी दोषी बचेंगे नहीं निषाद पार्टी पीड़ित परिवार को कानूनी मदद भी करेगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में मदद करेगी।अपराधी कोई भी उसका स्थान सिर्फ जेल है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रामदयागर निषाद, हरेंद्र यादव,दिलीप यादव, विपिन कुमार निषाद, संदीप मौर्या, रमेश चन्द निषाद, दीपक उपाध्याय, विष्णु मौर्या, मनबोध दुबे, संतोष गुप्ता, राहुल जायसवाल, सुनील पटेल, इरशाद अहमद सहित निषाद समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## मदनपुर में रोजगार मेले का आयोजन 18 को

**जन एक्सप्रेस/रुद्रपुर देवरिया।** जिला सेवायोजन कार्यालय और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 18 दिसंबर को एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन नगर पंचायत मदनपुर वार्ड नंबर 2 रुद्रपुर बरहज मार्ग निकट पावर हाउस के पास किया जाएगा। यह मेला पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी दी कि इस रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपने सभी आवश्यक दस्तावेज, जैसे शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पहचान पत्र, बायोडाटा आदि, साथ लेकर आएं। यह मेला पूरी तरह से निःशुल्क है और इसमें सम्मिलित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## साफ-सफाई होने से श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत रू डॉक्टर सत्यप्रकाश

# ग्राम प्रधान की पहल पर मंदिर परिसर मे चला सफाई अभियान

**जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर**

बड़हलगंज विकासखंड के पोहिला गांव में स्थित श्रीरामजानकी ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में ग्राम प्रधान उमेश यादव के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया , मंदिर परिसर में फैले हुए कूड़ा कचरे को साफ कर स्वच्छ बनाया गया. बता दें,जनवरी माह के प्रथम सप्ताह मे प्रारम्भ हो रहे श्रीविष्णु पुराण कथा हेतु पूर्व अप्रवासी भारतीय डॉक्टर सत्य प्रकाश तिवारी सिंगापुर से अपने पैतृक गांव पोहिला स्थित कथा स्थल श्रीराम जानकी ठाकुरद्वारा मंदिर पहुचे. जहाँ मंदिर मे दर्शन कर, कथा स्थल का निरीक्षण किया।. मंदिर परिसर व आसपास फैले हुए कूड़े कचरा गंदगी को देख मंदिर व्यवस्था के प्रति नाराजगी जताई. ग्राम प्रधान को जैसे ही कथा



की जानकारी हुई संज्ञान में लेते हुए मंदिर परिसर व आस पास फैले हुए गंदगी को देखते हुए रविवार देर शाम तक सफाई अभियान चला कर आसपास स्वच्छ वातावरण रहित बनाया.कथा आयोजक डॉ सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि ग्राम प्रधान ने गुरु की महत्ता को समझते हुए स्वच्छता अभियान के अंतर्गत अनमोल टीम के सदस्यों द्वारा धार्मिक स्थल पर सफाई अभियान चला कर पुनीत एवं सराहनीय योग्य कार्य किया। मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं. आगे कहा धार्मिक भावना व जनहित को दृष्टिगत रखते हुए सफाई अभियान आगे भी अनवरत जारी रहे.साफ-सफाई व् स्वच्छ वातावरण से मंदिर में दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी.।

# ताज महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में ताज महोत्सव समिति की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । आगरा

ताज महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर मण्डलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी जी की अध्यक्षता में आज सोमवार को ताज महोत्सव समिति की बैठक हुई। पर्यटन विभाग द्वारा ताज महोत्सव के आयोजन हेतु प्रस्तावित बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया। आयोजन तिथि, स्थल, थीम पर विचार विमर्श किया गया। चर्चा उपरान्त *आगामी ताज महोत्सव के आयोजन को तीन दिन बढ़ाते हुए 18 फरवरी से 2 मार्च तक रखा गया। जहां ताज महोत्सव के पिछले आयोजन में शिल्पग्राम के अलावा सदर, सूरसदन, आई लव आगरा सेल्फी प्वाइंट, यमुना व्यू आरती स्थल, ताज व्यू गार्डन, ग्यारह सीढ़ी और फतेहपुर सीकरी स्थल को शामिल किया गया था, इस बार आगामी आयोजन में उपरोक्त सभी स्थलों के अलावा ताज खेमा पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।* ताज महोत्सव 2025 की थीम हेतु आमजन से सुझाव मांगे जायेंगे। समिति में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों पर विचार विमर्श करते हुए मण्डलायुक्त महोदया ने निर्देश दिए कि विगत आयोजन में हुए सभी कार्यक्रमों को इस बार भी शामिल किया जाए। *अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम/गतिविधियों को बढ़ाने पर विचार किया गया जिसमें प्रमुख आकर्षण के रूप में ड्रोन शो, पंतग महोत्सव, साहित्यिक उत्सव द्यद्बहृद्दह्ड्डह्4 द्धद्दह्यहृद्ध1ड्डद्य और विंटेज कार रैली आयोजित कराने हेतु




तैयारियां करने के निर्देश दिए गये।* वहीं शिल्पग्राम के मुक्ताकाशीय मंच पर होने वाले प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रमों की लोकप्रियता को देखते हुए इस बार शहर के अन्य किसी बड़े स्थल पर कार्यक्रम आयोजित कराने की संभावना तलाशने की जिम्मेदारी जिलाधिकारी महोदय को दी गयी। शिल्पग्राम में प्रवेश टिकट की दर यथावत 50 रूपये प्रति व्यक्ति (3 साल से उपर सभी) रखी गयी है। प्रवेश टिकट को स्मार्ट सिटी की मेरा आगरा एप और बुक माय शो के माध्यम से भी ऑनलाइन बिक्री की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गये।

बैठक में ताज महोत्सव के आयोजन हेतु प्रस्तावित आय व्यय पर चर्चा हुए। *शिल्प मेला के अन्तर्गत स्थापित किए जाने वाले अस्थाई स्टालों की दरों को दस प्रतिशत तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया।* वहीं स्पांसरशिप/प्रायोजकों के माध्यम से समिति की आय बढ़ाने पर भी विचार विमर्श किया गया।

ताज महोत्सव 2025 के सफल आयोजन हेतु गठित समितियों एवं उनके द्वारा की जाने वाली तैयारियों पर चर्चा की गयी। मण्डलायुक्त महोदया ने मेला स्थल व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नगरायुक्त महोदय और टेण्डर समिति की अध्यक्षा एडीए उपाध्यक्ष महोदया को निर्देश दिए कि शिल्पग्राम, सदर, सूरसदन, ग्यारह सीढ़ी, दशहरा घाट आदि स्थलों का संयुक्त निरीक्षण सभी व्यवस्थाएं और जनसुविधाएं दुरूस्त कर ली जाएं। लाईटिंग, साज सज्जा, प्रचार प्रसार, कलाकारों के चयन इत्यादि आयोजन से संबंधित सभी निविदाएं इसी एक सप्ताह में ही जारी की जाएं।

# आर.बी.एस. कॉलेज बिचपुरी में वन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । आगरा



कैरियर गाइडेंस सेल, कृषि संकाय परिसर, आर.बी.एस. कॉलेज, बिचपुरी में ÷वन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण÷ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि, भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम), भोपाल के प्रोफेसर एस.पी. सिंह ने छात्रों को वनों के संरक्षण और उनके प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

प्रो. सिंह ने बताया कि आईआईएफएम पर्यावरण और वन प्रबंधन के क्षेत्र में भारत का अग्रणी संस्थान है। यहां प्रदान किए जाने वाले एमबीए (फॉरेस्ट मैनेजमेंट) और पीजीडीएम (पर्यावरण प्रबंधन) जैसे पाठ्यक्रम छात्रों को पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने इन पाठ्यक्रमों के वैश्विक महत्व और रोजगार संभावनाओं पर चर्चा करते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने वाले छात्रों के लिए आज अनेक संभावनाएं मौजूद हैं।

कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में वनों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को वनों के महत्व को समझते हुए उनके प्रबंधन में योगदान देना चाहिए। कृषि परिसर प्रभारी प्रो. विपिन अग्रवाल ने सामाजिक वानिकी और वनों के सतत प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दीपक सिंह छोंकर और संचालन डॉ. राकेश कुमार कुलश्रेष्ठ ने किया। इस अवसर पर कृषि संकाय के प्रोफेसर एस.बी. सिंह, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. योगेश सिंह, डॉ. थान सिंह, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. जे.पी. श्रीवास्तव, डॉ. राकेश पाल, डॉ. अंकुर आर्य , डॉ. राजवीर सिंह , डॉ निर्देश, डॉ अश्वनी, सहित सभी शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.के. कुलश्रेष्ठ ने सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आईआईएफएम के पाठ्यक्रमों में प्रवेश से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस कार्यशाला ने छात्रों को वन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया।

# बीसीएम में गन्ना ढुलाई वाहनों का एआरटीओ ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित बलरामपुर चीनी मिल के गन्ना यार्ड में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार ने गन्ना ढुलाई वाहनों का निरीक्षण किया ।

जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर को बृजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, बलरामपुर इकाई बलरामपुर के ट्रक यार्ड में गन्ना ढुलाई में आने वाले समस्त ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक ट्रेलर व बैलगाड़ी में लगे रेट्रो रिफ्लेक्टर का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा वाहनों में चीनी मिल के असि0 ट्रांसपोर्ट आफीसर आरके सिंह, मुख्य गन्ना प्रबंधक संजय सिंह एवं महाप्रबंधक (गन्ना) श्याम सिंह के साथ ट्रक-ट्राला पर बड़े आकार के लाल रंग कपड़े पर विकसित नया रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाया गया। निरीक्षण के समय गाडियों के ड्राइवर, ट्रांसपोर्टर एवं किसान उपस्थित थे । सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत गन्ना ढुलाई में आने वाली समस्त ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक ट्रेलर, बैलगाड़ी में नये विकसित रेट्रो-रिफ्लेक्टर लगाये जाने हेतु निर्देशित किया, ताकि कोहरे के समय रात्रि में दृश्यता कम होने पर होने वाले अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके।

# काव्य गोष्ठी में कवियों ने बांधी समा



जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में तहसील मुख्यालय तुलसीपुर मुख्यालय स्थित स्टार वर्डस पब्लिक स्कूल में रविवार की रात राष्ट्रीय कवि संगम इकाई जनपद बलरामपुर द्वारा काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर की रात आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ0 ओम प्रकाश मिश्र %प्रकाश% ने किया तथा संचालन हास्य कवि विनोद सिंह कलहंस ने किया। काव्यगोष्ठी मे जनपद के चर्चित युवा कहानीकार प्रदीप मिश्र विशेष रुप से उपस्थित रहे। कवि संगम के जिलाध्यक्ष विनोद सिंह कलहंस ने प्रदीप मिश्र का अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। प्रदीप मिश्र ने गोष्ठी में अपनी कुछ लघु कथाओं का सुनाया व अपनी शीघ्र प्रकाशित पुस्तक ÷अटल का बलरामपुर÷के कुछ संस्मरणों को भी सुनाया। कार्यक्रम में कन्हैया लाल %मधुर% के गीत, अशोक सिंह चौहान की कविताओं व रेहान अशरफ %उत्साही% की गीत व गज़लों को खूब सराहना मिली।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईजीआरएस से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । आगरा

वर्तमान माह में कोई भी प्रकरण डिफाल्ट श्रेणी में न आये तथा अपलोड की गई आख्या चाहे वह स्वयं की हो या अधीनस्थ की हो का अवलोकन अवश्य करें तथा संतुष्ट होने की स्थिति में ही अग्रसारित की जाये। आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, तहसील दिवस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं सार्थक हो यह शासन की प्राथमिकता में है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। उक्त निर्देश जिलाधिकारी श्री अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी द्वारा जन समस्याओं से सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री पोर्टल तथा तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को दिए गये।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा आनलाइन शिकायतों के निस्तारण गुणवत्तापूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गये कि सभी अधिकारी अपने विभाग से सम्बन्धित आनलाइन शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर किया जाए और यदि किसी विभाग के अधिकारी द्वारा अपने व अपने अधीनस्थों से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अन्दर नहीं किया जाता है तो उस जनपद स्तरीय अधिकारी की विभागीय जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए उनके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी एवं ऐसे अधिकारियों के उच्चाधिकारियों को भी कार्यों में शिथिलता बरतने के सम्बन्ध में पत्राचार कर अवगत कराया जायेगा।

## ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा देने के लिए देविका देवेंद्र एस की विशेष कवायद

जन एक्सप्रेस/आगरा। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के द्वारा एवं उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार समाज कल्याण के द्वारा एक बहुआयामी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे ट्रांसजेंडर समुदाय की उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड की प्रमुख सदस्य एवं सलाहकार देविका देवेंद्र एस मंगलामुखी एवं विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर एन बी सिंह के द्वारा परस्पर संवाद किया। जिसमें विश्वविद्यालय के सभी सकाय के समस्त विभाग अध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समाज की सबसे कमजोर शोषित वंचित ट्रांसजेंडर समुदाय वर्ग के वंश को शिक्षा देने के लिए एक सामुदायिक मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एवं शिक्षा देने के लिए ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एवं शिक्षा देने के लिए एक इसमें ट्रांसजेंडर लोगों को उनके अधिकारों हेतु के लिए शिक्षा के अधिकार को समझने के लिए एक खास बातचीत भी की गयी। इसमें कुलपति द्वारा समय-समय पर ट्रांसजेंडर का कई प्रकार की ।

## महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस/आगरा। डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण शीर्षक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया द्ब जिसका केंद्र बिंदु भारत की वीरांगनाओं के जीवन चरित्र विषय पर आधारित व्याख्यान एवं नाट्य प्रतियोगिता रहा आई कार्यक्रम का आयोजन इतिहास एवं संस्कृति विभाग में हुआ तथा कार्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर बी. डी. शुक्ला रहे आई भारतीय वीरांगनाओं की जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता श्रीमती रीना सिंह ने कहा कि आजकल की छात्रों को वीरांगनाओं के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# इग्नू के सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने किया परीक्षा का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में चल रही इग्नू के परीक्षा का निरीक्षण सहायक क्षेत्रीय निशक कीर्ति विक्रमसिंह ने सोमवार को किया । उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी परिस्थितिवश यदि शिक्षा से वंचित रह जाता है और औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ है तो ऐसे लोगों के लिए दूरस्थ शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह ने 16 दिसंबर को एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में संचालित इग्नू केन्द्र पर चल रहे परीक्षा के औचक निरीक्षण किया । उन्होंने समन्वयक डॉ आलोक शुक्ल की अगुवाई में चल रही परीक्षा की जानकारी प्राप्त की। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह व समन्वयक डॉ शुक्ल ने बलरामपुर चीनी मिल के डीजीएम एच आर डी के सिंह को पत्र सौंपा। सौपें गए पत्र के माध्यम से सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने अपने अपील किया है कि एम एल के महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के रोजगार परक व कौशल उन्नयन से संबंधित पाठ्यक्रम से संचालित जैसे आपदा प्रबंधन में डिप्लोमा, पर्यावरण अध्ययन में प्रमाण पत्र, परामर्श में प्रमाण पत्र व ग्रामीण प्रबंधन आदि में प्रमाण पत्र कोर्स संचालित हैं। इसके साथ साथ स्नातक व परास्नातक के परंपरागत कोर्स भी संचालित हो रहे हैं। स्नातक स्तर के कार्यक्रम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए निशुल्क है । उन्होंने मिल प्रबंधन से अपील की कि मिल में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के शैक्षिक उन्नयन हेतु उनका नामांकन कराने के लिए प्रयास करें। इससे उन सभी को फायदा होगा जो किन्हीं कारणों से औपचारिक शिक्षा नहीं ग्रहण कर सकते हैं।

# कैरियर काउंसलिंग गणित एवं विज्ञान मेला का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । आगरा



राजकीय हाई स्कूल खुशालपुर एत्मादपुर में कैरियर काउंसलिंग गणित एवं विज्ञान मेला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय विश्व प्रताप सिंह ने मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गणित एवं विज्ञान के मॉडल लगाकर आए हुए सभी अतिथियों के मन को मोह लिया कार्यक्रम में बोलते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय विश्व प्रताप सिंह ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग शासन की एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी योजना है जिसके कारण सभी छात्राओं को हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के पश्चात विभिन्न पाठ्यक्रमों को करने के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। इस अवसर पर डॉ. ओशो बिश्व मोहन, डा ध्रुव पचौरी, निखिल प्रताप, डायट प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार वार्ष्णेय, राजकीय शिशु प्रशिक्षण महाविद्यालय से रिचा पंडित राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सत्यपाल सिंह, श्रीकांत कुलश्रेष्ठ एवं संजेश यादव ने आए हुए सभी छात्र छात्राओं तथा ग्राम वासियों को विभिन्न योजनाओं एवं कैरियर से संबंधित जानकारी प्रदान की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. निशी शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों अभिभावकों आदि का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डायट डॉ. मनोज कुमार वार्ष्णेय ने किया इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी 'संस्कृत शतक' आयोजित




जन एक्सप्रेस । आगरा

कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ, डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा, गुरुकुल यू.के., लंदन अखिल विश्व हिंदी समिति,कनाडा,हेरम्ब आर्ट एंड कल्चर सेंटर,न्यूयॉर्क एवं ओं अहर्म सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में हाइब्रिड मोड में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी %संस्कृत शतक काव्य परंपरा में मुनि श्री प्रणम्य सागर विरचित गोवैभवशतकम् का स्थान% विषय पर आयोजित द्विदिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के जुबली हॉल, पालीवाल परिसर में प्रातः 10-30 से किया किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए एवं अतिथियों का परिचय देते हुए विद्यापीठ के निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर ने कहा, कि -÷ संस्कृत भाषा को देववाणी कहा जाता है। विदेशों में रहने वाले भारतीय , वहाँ रहकर भारतीय ज्ञान एवं ज्ञान परम्परा को संस्कृत के गुरुकुल चलाकर, संस्कृत भाषा पर परिचर्चा श्लोकों का अनुवाद करके एवं पाठ के माध्यम से संस्कृत का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. आशुरानी जी ने कहा, कि -÷ संस्कृत देवताओं की भाषा है। हम देवताओं से बात केवल संस्कृत में ही कर सकते हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बहुत जरूरी है, कि संस्कृत तथा अन्य विषयों का ज्ञान विश्व में प्रसारित हो। हमारा संस्कृत का साहित्यिक और जो वैदिक ज्ञान है, इसका प्रसार भी भारत से बाहर होना चाहिए और उसकी जिम्मेदारी संस्कृत के छात्रों पर बहुत ज्यादा है। ÷ गुरुकुल यू.के. की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. इंदु बारौठ ने मुख्य अतिथि के पद को सुशोभित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा %कि -÷ लंदन के निवासी संस्कृत भाषा प्रति बहुत अधिक रुचि दिखाते हैं। वहाँ संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार इतना ज्यादा है,कि वहां के बच्चे भी रुद्राष्टक और शिव स्त्रोत याद कर लेते हैं।

## आर बी एस कॉलेज कृषि संकाय बिचपुरी में फारेस्ट मैनेजमेंट पर ब्याख्यान

जन एक्सप्रेस/आगरा। आज आर बी एस कॉलेज बिचपुरी कृषि संकाय में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ फारेस्ट मैनेजमेंट भोपाल के प्रोफेसर एस पी सिंह ने कृषि संकाय के यूजी एवं पी जी के विद्यार्थियों को फारेस्ट मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट में चल रहे विभिन्न डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट इन फारेस्ट मैनेजमेंट पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के प्रवेश प्रक्रिया, विभिन्न कोर्स का रोजगार पाने के लिए अवसर, सैलरी पैकेज, संस्थान की इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के बारे में विस्तृत ब्याख्यान दिए द्य इसके साथ ही स्वस्थ समाज के लिए पर्यावरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला द्य इस अवसर पर बिचपुरी कृषि संकाय के प्रभारी एवं आगरा विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के डीन प्रोफेसर विपिन अग्रवाल ने मृदा प्रदुषण, जल प्रदुषण, वायु प्रदुषण आदि में जंगल के महत्व पर ब्याख्यान दिए द्य इस अवसर पर कॉलेज के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर विजय श्रीवास्तव ने स्वस्थ समाज के लिए सभी को प्रकृति से अधिक से अधिक जुड़ने के लिए आवाहन किया।

# तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में अवैध आवर्जन पर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस । आगरा

डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा तथा हॉवर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए के संयुक्त तत्वाधान में इंटरनेशनल एकेडमी का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ विश्वविद्यालय में हुआ. इस संगोष्ठी का उद्घाटन प्रोफेसर नरेंद्र रस्तोगी,निर्देशक सेंटर फॉर ग्लोबल बिजनेस स्टडीज हॉवर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका तथा ऑकलैंड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर आनंदी पी साहू, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मनोज कुमार अग्रवाल, डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी ने व संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर लवकुश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करके संस्कृति भवन में किया.तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश-विदेश के तमाम प्रतिनिधि अपने -अपने शोध पत्र पढ़ेंगे जिसमें इटली, फ्रांस, नाइजीरिया, अमेरिका सहित भारत के विभिन्न प्रदेशों से आए हुए विद्वान जनो ने अपने-अपने शोध पत्र पढ़े. प्रोफेसर मनोज दीक्षित कुलपति गंगा महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, प्रोफेसर आलोक राय, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय सहित तमाम विद्वान जनों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये.इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा तथा हार्वर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका के द्वारा आगरा विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित पुरातन छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियां के लिए सम्मानित भी किया गया।

# मील के पत्थर हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 संकल्प

■ भाजपाई बोले, संविधान का सम्मान और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस का संकल्प सराहनीय

जन एक्सप्रेस । खुर्जा

संविधान पर चर्चा के दौरान शनिवार को अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 संकल्प पेश किए हैं। इन संकल्पों को यहां पॉटरी नगरी के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मील का पत्थर और भाविष्य का रोड मैप करार दिया है। भाजपाईयों का कहना है कि संविधान का सम्मान और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के संकल्प बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की कोशिश के विरोध के संकल्प की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष राहुल राठी ने कहा कि लोकसभा में संविधान पर चर्चा के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेश ग्यारह संकल्पों की जितनी भी सराहना की जाए, उतनी कम है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरों टॉलरेंस और भ्रष्टाचारी की सामाजिक स्वीकार्यता न हो एक अद्वितीय संकल्प है। उन्होंने संविधान का सम्मान और इसे राजनीतिक स्वार्थ के लिए हथियार न बनाए जाने का संदेश देने के लिए पीएम मोदी को बधाई दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और श्रीभक्त हनुमान सेवा समिति ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष डीसी गुप्ता कांटे वालों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 11 संकल्पों की मुक्त कंठ से सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश देना सराहनीय है कि विरोधी दलों द्वारा एजेंसी के दुरुपयोग को लेकर चाहे जों आरोप लगाए जाते रहे हों, गति बरकरार रहेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश अनुकरणीय है कि चाहे नागरिक हो या सरकार, सभी अपने कर्तव्यों का पालन करें। बोले, सेल्यूट मोदी जी। युवा उद्यमी और भाजपा के वरिष्ठ नेता अंकित गुप्ता ने कहा कि संविधान पर चर्चा के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह संकल्पों ने सभी को चमत्कृत कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्र्द मोदी के सभी संकल्प बेजोड़, सराहनीय और अनुकरणीय हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि यू ंतो प्रधानमंत्री के सभी ग्यारह संकल्प अद्वितीय हैं। लेकिन पीएम का यह संकल्प बेजोड़ है कि संविधान का सम्मान हो लेकिन राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान को हथियार न बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सही तो यह है कि प्रधानमंत्री के संकल्पों ने विपक्षियों की बोलती बंद कर दी है। युवा अधिवक्ता और मानवाधिकार भ्रष्टाचार निवारण संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी ग्यारह संकल्प सराहनीय है। इन संकल्पों की जितनी भी सराहना की जाएं। उतनी ही कम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प मील का पत्थर हैं। यह संकल्प भविष्य के संदेश और रोड मैप हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह कहकर सराहना की है कि पीएम ने साफ कर दिया है कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ प्रत्येंक क्षेत्र और प्रत्येक समाज को मिले। बोले, मोदीजी आभार।

# हिंदुओं के लिए बांग्लादेश में अलग देश का निर्माण करवाना जरूरी- कपिल अग्रवाल

■ पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश का षड्यंत्र, चिकन नेक काटकर पूर्वोत्तर के सात राज्य भारत से अलग करने की फिराक में

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



बंगलादेश अल्पसंख्यक सुरक्षा समिति द्वारा नगर मझोला में बंगलादेश में अल्पसंख्यक समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि कपिल अग्रवाल जिला प्रतिनिधि मा.संजय सिंह गंगवार गन्ना राज्य मंत्री एवं मुख्य वक्ता डॉ डालचंद जी जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पीलीभीत रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता रामानंद सिंह पूर्व जिला महामंत्री भाजपा पीलीभीत द्वारा की गई। कार्यक्रम में आशीष वचन विजय भाटिया नगर संघचालक मझोला द्वारा दिये गए।
कार्यक्रम का संचालन हिन्दू जागरण मंच के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय निराला ने किया।
कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर हिन्दू युवाओं को विभिन्न छोटे छोटे स्वरोजगार करने का प्रशिक्षण लेकर उनको करना चाहिए जिससे एक तरफ तो हिन्दू समाज मजबूत होगा वहीं दूसरी ओर समुदाय विशेष के हाथों में लगभग पूरी तरह से जा चुके छोटे छोटे रोजगार यथा नाई, बढई, पेंटर, राजमिस्त्री, बैंड बाजा आदि कार्यों में हिन्दू समाज के लोगों की भी उपस्थिति और विकल्प उपलब्ध हो सकेगा। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष रामानंद सिंह ने कहा कि हिन्दू समाज की अतिशय सहिष्णुता और दया भावना ही उसके लिए आस्तित्व का संकट बनती जा रही है। इतिहास को अगर देखें तो पृथ्वी राज चौहान ने दया और विशाल हृदय दिखाते हुए 17 बार हराने के बाद भी मोहम्मद गौरी को क्षमा कर अभयदान दिया लेकिन उसी मोहम्मद गौरी ने 18वीं वार छल प्रचन्च रच कर सिर्फ एक बार पृथ्वी राज चौहान को हरा दिया और फिर उसने मजहबी कट्टरता दिखाते हुए उनकी नृशंसता से हत्या कर दी और भारत मे हज़ारों मंदिर विध्वंस कर दिए और असंख्य हिंदुओं की हत्या कर भय का वातावरण स्थापित कर बड़ी संख्या में हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तित कराया। उसने कहीं कोई रहम और दया नहीं दिखाई। दुर्भाग्य है कि आज अखण्ड भारत मे रह रहे अधिकांश मुस्लिम इसी प्रकार जबरन धर्मान्तरित किये गए हिंदुओं की संतानें होते हुए भी अपने ही पुरखों के पुरातन धर्म के दुश्मन बन हुए हैं जोकि अफगानिस्तान, पाकिस्तान, कश्मीर घाटी और बांग्लादेश में साफ साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व हिंदुओं के नरसंहार पर चुप्पी साध लेता है जैसे कि हिंदुओं के कोई मानवाधिकार नहीं होते वहीं यही लोग गाजा और फिलिस्तीन की घटनाओं को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत कर पूरी दुनिया मे छाती पीट पीट कर वहां मानवाधिकार हनन की दुहाई देते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ डालचंद ने कहा कि अब समय आ गया है जबकि हम सबको बांग्लादेश में नरसंहार के शिकार हो रहे अपने हिन्दू भाइयों के साथ खड़ा होना पड़ेगा और उनके साथ हो रहे अमानवीय अत्याचारों को रोकने हेतु विश्व स्तर पर वातावरण बनाकर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाना पड़ेगा। अब वो समय गया जब मजहबी कट्टरपंथी हिंदुओं को भेड़ बकरी की तरह काट डालते थे और कहीं कोई आवाज़ तक नहीं उठती थी। आज पूरे विश्व का 125 करोड़ हिन्दू समाज अपने भाइयों पर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के खिलाफ सड़कों पर उतर चुका है और उनकी रक्षा हेतु दृढ संकल्पित है। मुख्य अतिथि कपिल अग्रवाल ने कहा कि हमेशा बलि बकरे की दी जाती है शेर की नहीं अतैव हिन्दू समाज को अपनी भूली हुई शक्ति और अपने पराक्रम को फिर याद करना पड़ेगा और सिंह की भांति खुद पर हमला करने वालों का सीना चीर देना होगा जिससे कोई भी कट्टरपंथी उनपर निगाह टेढ़ी करने से पहले सौ वार सोचने और विवश हो जाये। उन्होंने कहा कि अब समय शठे शाठयम समाचरेत की नीति पर चलने का है दुष्टों को उन्हीं की भाषा में उत्तर देना होगा जो दया और भ्रातत्व की भाषा नहीं समझते उनसे शक्ति की भाषा से ही निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस समय हमको एक बहुत छोटे से देश इजराइल से सीखने की जरूरत है जिसमे अपने बनने के कुछ ही समय के अंदर एक साथ 55 देशों द्वारा किये गए हमले का डटकर मुकाबला किया और उंन सबको अकेले धूल चटा दी। उन्होंने कहा कि जिसने मरना सीख किया जीने का अधिकार उसी को इस बात को अपने व्यवहार में उतार कर जेहादी शक्तियों का मुकाबला करना होगा अन्यथा जो बांग्लादेश में आज हो रहा वही अगले बीस वर्षों में भारत मे भी होने की संभावना है। भारत के ही कश्मीर घाटी हिन्दू विहीन की जा चुकी और सम्भल में अभी हाल ही में क्या हो रहा है सबके सामने है। देश का विपक्ष जो भारत मे अल्पसंख्यक तुष्टिकरण में सर्वदा तत्पर दिखाई देता है वह आज बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समुदाय के सामूहिक नरसंहार पर चुप्पी साधे बैठा है वहीं सम्भल में दंगा कर्म वाले आतताइयों की ही पैरवी कर रहा है। ऐसे में स्पष्ट हो जाता है कि इन लोगों को सिर्फ राजनैतिक गुणा भाग से ही मतलब है और इस कारण ये लोग सच तक का साथ नहीं दे सकते। इस हालातोंके हिन्दू समाज को खुद को संगठित और पराक्रमी बनाना होगा तभी पूरे विश्व में उनपर होने वाले अत्याचार रुक सकेंगे अन्यथा धर्मांध जेहादी हिन्दू समाज समेत सभी अन्य धर्मों का काफिर कहकर समूल नाश कर देंगे। उन्होंने कहा हिन्दू समाज को अपनी सबसे बड़ी कुरीति जातिवाद को तत्काल छोड़ना होगा अन्यथा जातियों में बंट कर इतनी बड़ी आसुरी शक्ति को मुकाबला करना सम्भव नहीं है। चाहे पाकिस्तान हो या बांग्लादेश या कश्मीर घाटी कहीं भी हिंदुओं की जाति देखकर नहीं मारा गया उनको सिर्फ उनके धर्म के आधार पर काफिर कहकर खत्म किया गया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में 1947 में 38त्न हिन्दू थे जोकि आज 8 प्रतिशत रह गए। यदि अभी भी नहीं चेता गया तो बांग्लादेश को हिन्दू विहीन कर दिया जाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मांग की कि बांग्लादेश के एक भाग को पृथक देश बनाकर वहां बांग्लादेश के हिंदुओं को बसा दिया जाते जिससे वे वहां शांति से रह सकें। प्रमुख व्यवसायी ग्यारसी लाल मित्तल ने कहा कि आज बांग्लादेश पाकिस्तान के हाथों में जा चुका है वहां पाकिस्तान जहाजों में भर भर कर हथियार भेज रहा है जिनका प्रयोग हिंदुओं के नरसंहार और आने वाले समय मे भारत की बंगलादेश से लगती सीमाओं पर अशांति फैलाने में किया जाना है। आने वाला समय में बंगलादेश से लगती चिकन नेक को काटकर देश के पूर्वोत्तर के राज्य आसाम, अरुणांचल, मिज़ोरम, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, मेघालय को भारत से काटने की योजना पर चीन और पाकिस्तान मिलकर के कर रहे हैं जिससे सचेत रहने की जरूरत है।

### नगर संघ चालक विजय भाटिया ने सभी आगन्तुकों का आभार प्रकट किया

गोष्ठी में अजय गोयल पूर्व चेयरमैन मझोला, रंजीत सरकार नगर कार्यवाह मझोला आरएसएस मझोला, नरेश जी जिला सम्पर्क प्रमुख आरएसएस पीलीभीत, देवेन्द्र वर्मा पूर्व भाजपा विस्तारक, गुलशन स्वर्णकार, अजय निराला पूर्व जिलाध्यक्ष हिन्दू जागरण मंच पीलीभीत, डाल चंद पूर्व थाना संयोजक हिन्दू जागरण मंच न्यूरिया, सरोज मित्रा,परशुराम शर्मा मण्डल महामंत्री भाजपा न्यूरिया, डोरी लाल, शंकर लाल, जसवंत हिन्दू, शान्ति स्वरूप, इंद्रपाल, इंद्र राठौर, राजेन्द्र सोलंकी, निर्वाण सिंह, अजय शर्मा, राज गोयल, पुष्कल शर्मा, अरुण वर्मा, सुभाष चौरसिया, प्रमोद कुमार, सूर्य प्रकाश वर्मा, मदन लाल, दिलीप वर्मा, जोगा सिंह व आकाश निराला सहित बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत, दूसरा युवक हआ गंभीर रूप से घायल





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

सोमवार को दो लोग बाइक द्वारा फरीदपुर किसी काम से गये हुए थे। घर वापस आते समय बीसलपुर बरेली मार्ग पर गांव शेखापर के निकट उनकी बाइक एक पेंड़ से टकरा गयी। जिससे दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।
नगर के 12 पत्थ चौराहा निवासी अमित 35 पुत्र सुरेश चन्द्र, सुनील 21 पुत्र मनोहर लाल गुप्ता फरीदपर बाइक पर सबार होकर किसी काम से गये हुए थे। घर वापस आते समय उनकी बाइक गांव शेखापुर के निकट एक पेंड़ से टकरा गयी। जिससे दोनों मार्ग पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गये। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 ऐम्बुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्साल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सुनील पुत्र मनोहरलाल को मृत घोषि कर दिया।
जबकि अमित की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। युवक की मौत के बाद पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने शव को सील का पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## पेंट कलाकारों के द्वारा इंडिगो पेंट के रंगो द्वारा जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज को नया रंग रूप प्रदान किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



इंडिगो सेवा उत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज बीसलपुर में इंडिगो पेंट्स लिमिटेड पुणे महाराष्ट्र एवं बीसलपुर के पेंट कलाकारों के द्वारा इंडिगो पेंट के रंगो द्वारा जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज को नया रंग रूप प्रदान किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ इंडिगो पेंट्स लिमिटेड के शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार सक्सेना एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर कॉलेज में बीसलपुर एवं आसपास के पेंट कलाकारों की एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें इंडिगो पेंट लिमिटेड के शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार सक्सेना ने सभी पेंटर भाइयों को संबोधित करते हुए इंडिगो पेंट के लाभों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की तथा पेंटर भाइयों को कंपनी के साथ जुड़ने के लिए उन्हें प्रेरित किया इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय में विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनाई गई जिसमें उत्कृष्ट कलाकृति बनाने वाले छात्र एवं छात्राओं को इंडिगो पेंट्स लिव के शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार सक्सेना एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य जी के द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न कराई गई इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक अमरेश कुमार सक्सेना ने इंडिगो पेंट लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई कलाकृतियो को परखा एवं उनको कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया विद्यालय में रंग रोगन कार्यक्रम के पश्चात समस्त कलाकारों एवं बच्चों को सहभागिता सम्मान देकर कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किया एवं प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी कॉलेज स्टाफ एवं कायस्थ सभा के अध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना इस अवसर पर विद्यालय में मौजूद रहे प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने इंडिगो पेंट एवं समस्त प्रबंध समिति एवं कॉलेज स्टाफ तथा कंपनी से पधारे पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कॉलेज में हुये उत्कृष्ट कार्य की सराहना एवं कंपनी का धन्यवाद ज्ञापित किया
इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार उप प्रबंधक नीरज सिन्हा पेंट व्यापारी सुनील कुमार इंडिगो पेंट्स लिमिटेड के पदाधिकारी प्रणय गंगवार अनुराग त्रिवेदी वैभव नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## इर्टिगा कार व ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर, खाई में पलटा रिक्शा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज। खेतासराय थाना क्षेत्र के मनेछा मोड़ के समीप सोमवार को ई-रिक्शा और इर्टिगा कार में जोरदार टक्कर हो गया। जिससे ई-रिक्शा असन्तुलित होकर रोड़ के बगल स्थित खाई में पलट गया और चालक घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे घायलावस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया, मौके पर पहुँची पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई में जुट गयी। जानकारी के अनुसार सोमवार को एक इर्टिगा कार जलालपुर से कलान परीक्षार्थी को परीक्षा दिलाने जाजे रही थी। अभी वह क्षेत्र के मनेछा मोड़ के समीप पहुँचा ही था। इधर खेतासराय की तरफ से जौनपुर लाल दरवाजा निवासी राकेश मौर्य 35 वर्ष ई-रिक्शा से सवारी छोड़कर जा रहे थे। तभी दोनों की आमने-सामने से जोरदार में टक्कर हो गया, जिससे रिक्शा असन्तुलित होकर रोड के बगल स्थित खाई में पलट गया और ई-रिक्शा चालक राकेश मौर्य घायल हो गए। राहगीरों की मदद से गम्भीर रूप से चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## जल जीवन मिशन से न तो मिला पानी और सड़कें भी हुईं खराब

■ आने जाने वाले लोगों में स्कूल जाने वाले बच्चों को होती है दिक्कत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद के थाना गजरौला कला में जल जीवन मिशन के तहत गांव की सीसी रोड मुख्य सड़के भी तोड़ दी गई ग्रामीणों को जल जीवन मिशन कहते नहीं तो पानी मिला और ना ही सड़क ठीक की गई 2 साल से अधिक का समय हो गया है। जनप्रतिनिधियों की लापरवाही से गांवों से निकलना मुश्किल हो गया है। शिकायत के बावजूद कोई सुनने वाला नहीं है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल नहीं पहुंच पाया है। दो साल से अधिक का समय बीत गया, लेकिन सड़कें टूटी पड़ी हैं। ग्रामीणों को निकले में बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नहीं पाते। यह समस्या कोई देखने और सुनने वाला नहीं है। ग्राम प्रधान जसोदा देवी ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र में बताया कि मरौरी मरौरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत गजरौला कला मुस्तकिल जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल हेतु टंकी का निर्माण किया जा रहा है जल जीवन मिशन योजना के अधिकारियों व कर्मचारी तथा ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत निधि से बनाई गई लगभग 2000 मीटर सीसी रोड पूरी ग्राम पंचायत के अंदर कारंजा इंटरलॉकिंग को महा नवंबर 2023 में बहुत बुरी तोड़ दिया गया है। आज तक उन सड़कों को ठीक नहीं किया गया है। फोन से जल जीवन मिशन के तहत उच्च अधिकारियों और ठेकेदार से भी शिकायत की गई थी केवल 3 महीने का आश्वासन देकर शांत बैठ गए अधिकारी।
ग्राम पंचायत की सड़क को तोड़ना अनुमानित तीन करोड रुपए का अधिक का नुकसान किया गया है। ग्राम प्रधान ने टूटी हुई सड़कों को जल्दी सही करने की मांग की है। वहीं ग्राम प्रधान जसोदा देवी गजरौला कला मुस्तक़िल ने बताया है कि ग्राम पंचायत की सीसी रोड और खरंजा को जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार द्वारा खुदाई कर अधूरा छोड़ दिया गया रोड पर गड्ढे बने हुए हैं जिसके संबंध में जिलाधिकारी संजय कुमार को लिखित में शिकायत पत्र देकर सही करने की मांग की गई है।

## रिटायर्ड शिक्षिका से नौ लाख ठगे, 9 दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट

जन एक्सप्रेस । मेरठ

मेरठ में साइबर अपराधियों ने रिटायर्ड शिक्षिका को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसने का डर दिखाकर नौ दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। किसी से बात करने या मिलने पर जेल भेजने की धमकी देकर पीड़िता से 9,07,976 रुपये ठग लिए। साइबर ठगों की धमकी से घबराई पीड़िता ने बिना किसी को कुछ बताए बैंक, एफडी और पोस्ट ऑफिस से अपनी सारी जमापूंजी निकालकर बताए गए खातों में भेज दी। अब घर के खर्च के लिए भी पीड़िता के पास रुपये नहीं बचे हैं। साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेलवे रोड थाना क्षेत्र की न्यू प्रेमपुरी निवासी अंजू रानी सिंघल रिटायर्ड शिक्षिका हैं। साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उन्होंने बताया कि 29 नवंबर को उनके पास सुबह करीब नौ बजे कॉल आई। कॉलर ने खुद को ट्राई (टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) का अधिकारी चिराग ठाकुर बताया। कहा कि आपके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया है। आपकी आईडी पर हरियाणा के गुरुग्राम से मोबाइल सिम लिया गया है। इस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में किया गया है। इसके लिए आपको गिरफ्तार किया जा सकता है।

## मुठभेड़ में चार अंतर जनपदीय गो तस्कर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

■ सभी आरोपित कई जिलों में पशु क्रूरता, गैंगस्टर,गो हत्या व जानलेवा हमले में वांछित चल रहे थे

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खुटहन थाना क्षेत्र के रसूलपुर सेवईं नाले के पास रविवार की देर रात पूर्वांचल के कई जिलों में गो हत्या व तस्करी के पर्याय बने बदमाशों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस ने चार अंतर जनपदीय तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा सुरक्षात्मक जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग जाने से वह घायल हो गया। जिसे पुलिस अभिरक्षा में जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भेज दिया गया है। यह सफलता खुटहन व सरपतहा थाना पुलिस के साहस व तत्परता के बल पर मिली है। आवश्यक लिखापढ़ी के बाद आरोपितों को चलान न्यायालय भेज दिया गया।
खुटहन थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह हमराहियों संग चौराहे पर गशत कर रहे थे। तभी उन्हें आरटी सेट व दूरभाष पर सूचना मिली कि सरपतहा क्षेत्र के पट्टी नरेंद्रपुर बाजार से एक पिकअप वाहन गोवंशीय लेकर खुटहन की तरफ जा रहे हैं। जिस पर गो तस्कर भी सवार है। पिकअप का पीछा थाना अध्यक्ष सरपतहा मनोज कुमार सिंह हमराहियों संग कर रहे हैं। जानकारी मिलते ही सामने से खुटहन पुलिस ने उक्त नाले के पास घेराबंदी कर दिया। सामने पुलिस का वाहन खड़ा देख तस्करों ने अपना पिकअप गांव के कच्चे रास्ते पर मोड़ दिया। दोनों थाने की पुलिस भी उसी तरफ मुड़ गई। थोड़ी दूर जाकर पिकअप का पहिया गड्ढे में फंस गया। पुलिस के द्वारा उन्हें आत्मसमर्पण को कहा जा रहा था कि तभी एक बदमाश ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। गोली थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह के बुलेट प्रूफ जैकेट में जा लगी। पुलिस के द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के बायें पैर में गोली लग गई। वह घायल होकर गिर गया। पुलिस के जवानों ने घेराबंदी कर चारों तस्करों को हिरासत में ले लिया। उनके पास से एक तमंचा, दो खोखा, एक मिस कारतूस, पिकअप वाहन व उस पर लदे दो गोवंशीय तथा 13 सौ नकदी बरामद किया गया। पैर में गोली लगने से घायल गोतस्कर राहुल यादव निवासी तालबेला थाना चोलापुर वाराणसी को उपचार हेतु भेजा गया। इसके अलावा आजाद यादव निवासी मझगवां कला जलालपुर, उस्मान निवासी सैदगोरारी थाना खेतासराय व इसी गांव निवासी अरमान को गिरफ्तार कर चलान न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए सभी बदमाश वाराणसी, चंदौली के अलावा जौनपुर के कई थानों में गो हत्या, तस्करी, पशुक्रूरता,आर्म्स एक्ट, धोखेबाजी व जान लेवा हमले में के आरोप में वांछित चल रहे थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में खुटहन थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह, सरपतहा थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह,उप निरीक्षक सत्येन्द्र नारायण सिंह, कांस्टेबल अजय कुमार, आकाश निषाद, कपिल पासवान, सोनू मौर्या सामिल रहे।

## धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**खुटहन।** पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय बडनपुर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य डॉ सर्वेश कुमार राजभर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को देश का उत्कृष्ट नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका होती है। ऐसे में बच्चों को संस्कार वान बनाने के लिए गुणवत्तापरक शिक्षा देनी जरुरी है। शिक्षा के साथ साथ नौनिहालों को खेलकूद तथा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए शिक्षक से ही बच्चे प्रेरणा व अनुशासन का पाठ सीखते हैं। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर आकर्षक प्रस्तुति देकर क्रार्यक्रम को यादगार बना दिया बच्चों ने एकल व सामूहिक नृत्य, ड्रामा,नाटक का मंचन प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विंदलेश पासवान, सुभाष चन्द्र उपाध्याय, राम आसरे उपाध्याय, प्रधान संतलाल सोनी, राम अचल पासवान, श्रवण उपाध्याय, मौजूद रहे अध्यक्षता प्रधान रीमा पासवान तथा संचालन सौरभ सिंह ने किया।

## लेफ्टिनेंट बन आदर्श ने बढ़ाया मान



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**खुटहन।** उसरौली गांव निवासी होनहार ने एनडीए परीक्षा में आठवीं रैंक हासिल लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर लिया है। अपनी मेहनत के बल पर मंज़िल हासिल कर आदर्श सिंह ने यथा नाम तथा गुण का जो मिसाल प्रस्तुत किया है।वह अन्य छात्रों के लिए एक प्रेरणा है। उसकी इस सफलता से स्वजन सहित पूरे गांव में खुशी की लहर है। आदर्श की प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई थी। इंटरमीडिएट कलकत्ता शहर में पास किया था। जेएनयू से बीएससी के बाद वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उसकी सफलता पर पिता सुरेंद्र सिंह, माता सुमन,दादा राम लखन,दादी फूलपत्ती,चाचा नरेंद्र प्रताप आदि ने खुशी जाहिर किया है।

## भारत स्काउट और गाइड द्वारा विद्यालयों की टीमें शाहजहांपुर के लिए हुई रवाना

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश बरेली मंडल द्वारा आयोजित मंडल रैली के लिए पीलीभीत जनपद की 12 विद्यालयों की टीमें शाहजहांपुर के लिए हुई रवाना। 16 से 18 दिसंबर 2024 तक आयोजित मंडल स्काउट गाइड रैली मुमुक्ष आश्रम शाहजहांपुर के लिए जिला सह सचिव हितेश शुक्ला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
जिला सह सचिव ने स्काउट गाइड को मंडल चैम्पियन बनने के लिए कहा। रैली में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत,आर्य कन्या इंटर कालेज पीलीभीत,नेहरू इंटर कालेज मझोला, राजकीय इंटर कालेज गभिया सहराई, पब्लिक इंटर कालेज पुरनपुर, गुरुनानक इंटर कालेज पुरनपुर, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल पीलीभीत, जनता टेक्निकल इंटर कालेज बीसलपुर, कस्तूरबा गाँधी विद्यालय पीलीभीत, डोरी लाल भीम सेन उच्च माध्यमिक विद्यालय पीलीभीत, कंपोजिट विद्यालय कैच, प्रतिभाग करेगें जिसमें जनपद के 96 स्काउट,96 गाइड प्रतिभाग करेगें।
इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडे, जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे,जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना, आईटी कॉर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति, जिला बेसिक स्काउट मास्टर वीर सिंह गंगवार,जिला गाइड कॅप्टन बेसिक परिणीता सिन्हा, अजय पाल, नरेंद गंगवार, तान्या राना, भावना गंगवार, विधधोतमा, मिश्रा, शशि कुमारी श्री गोपाल आदि उपस्थित रहे।

## बढ़े हुए प्रतिकर की मांग को लेकर किसानों ने घेरा मेडा दफ्तर

जन एक्सप्रेस । मेरठ

मेरठ में बढ़े हुए प्रतिकर की मांग कर रहे तीन योजनाओं के किसानों ने सोमवार को मेडा मेरठ विकास प्राधिकरण दफ्तर का घेराव किया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोहियानगर, वेदव्यासपुरी और गंगानगर के किसानों ने अफसरों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। किसानों को कहना है कि पूर्व में सवा करोड़ रुपए मुआवजा दिया जा चुका है,अब फिर से प्रक्रिया शुरू की जाए। तीनो योजनाओं के किसान ट्रैक्टर ट्रॉली पर भाजपा और किसान यूनियन के झंडे लगाकर पहुंच गए और जमकर नारेबाजी की। बाद में प्राधिकरण की पार्किंग में बने पार्क में किसान दरी और गद्दे बिछाकर धरने पर बैठ गए

# बिलहडी ग्राम पंचायत में अधिकारियों की मिलीभगत से तालाब खुदाई में फर्जी 150-180 मजदूरों की डिमांड लगाकर

## किया जा रहा फर्जीवाड़ा ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



भारत सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना मनरेगा में रोजगार के नाम पर हो रहा फर्जीवाड़ा, विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत बिलहड़ी में तालाब खुदाई के नाम पर जमकर धांधली की जा रही है। मशीनो से खुदाई करा?कर प्रतिदिन फर्जी 180 मजदूरों की डिमांड दिखाकर प्रधान व सचिव सरकारी धन का बन्दर बांट कर रहे है। बहुत दिनों से फ़ोटो की फोटो अपलोड करते धांधली की जा रही है पिछले एक सप्ताह से फर्जी डिमांड लगा कर भुगतान किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बिलहड़ी में मढ़ी दाई तालाब में ग्राम पंचायत द्वारा मिट्टी खुदाई का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि खुदाई कार्य जो मजदूरों द्वारा होना चाहिये वह कार्य पहले मशीनों द्वारा कराया गया है और मशीनो द्वारा खुदी मिट्टी पर मजदूर दिखाकर उसे यह साबित करने का प्रयास किया जा रहा है कि खुदाई मशीनो से नही बल्कि मजदूर कर रहे है। पिछले कई दिनो से तालाब में सैकड़ों लेवर दिखाकर और उसकी फोटो ग्राफी करके यह साबित्त करने का प्रयास किया जा रहा है कि तालाब की खुदाई मजदूरो के द्वारा ही की जा रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान व सचिव मिलकर सरकारी धन का बंदर बांट करना चाहते है और कागजी खाना पूर्ति करके धन को ठिकाने लगा रहे है।

गामीणो ने मांग की है कि इसकी मौके पर जाँच करायी जाये सच्चाई स्वतः सामने आ जायेगी।

जिसके लिए खण्ड सुमेरपुर विकास अधिकारी सुमेरपुर ने जांच करते उचित कार्यवाही करने का दिया आदेश।




# रामचरित मानस सभी ग्रन्थों का सार- स्वतंत्र देव सिंह



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

विकास खण्ड देवा के मुरादपुर में आयोजित श्रीरामकथा में प्रसिद्ध कथावाचिका गौरांगी गौरी ने राम चरित मानस और भगवान श्री राम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने भी अपनी हाजिरी लगाई। कथा में उन्होंने कहा कि रामचरित मानस सभी ग्रन्थों का सार है। जो व्यक्ति मानस को अपने चरित्र में उतारता है उस पर प्रभु की साक्षात कृपा होती है। रामचरित मानस हमे सम्बन्धों के पालन की सीख देती है। प्रभु श्री राम करुणा के सागर हैं। उन्होंने निषादराज, शबरी, जटायु जैसे लोगों को गले लगाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन के अनेक प्रसंगों से लोगों को मानवता और समरसता की शिक्षा दी। अपनी मधुर वाणी में अनेक भजन प्रस्तुत किये,

जिन्हें सुनकर श्रद्धालु झूमते रहे। वहीं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रामेष्वर प्रसाद वर्मा और राजेन्द्री देवी की स्मृति में नवनिर्मित भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इस मौके पर आयोजक मनोज वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष शशांक कुसुमेश, सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# वसीम राईन ने राजनीतिक दलों की खोली कलई

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



उत्तर प्रदेश में करीब 225 ऐसी विधान सभाएं हैं, जिनमें 20 प्रतिषत से लेकर 53 प्रतिषत तक मुसलमान वोटर हैं और इन मुसलमानों में 80 प्रतिषत से ज्यादा वोटर पसमांदा मुसलमान हैं लेकिन सभी सियासी पार्टियों के संगठन सत्ता या विधानसभा-लोकसभा टिकटों में इनकी हिस्सेदारी लगभग नहीं के बराबर हैं यह बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कही हैं उन्होंने कहा कि 40 प्रतिषत से 53 प्रतिषत तक मुस्लिम वोटर वाली विधान सभाएं जैसे रामपुर, स्वार, चमरव्वा, बिलासपुर, मिलक, मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद ग्रामीण, कॉठ, धनौरा, ठाकुरद्वारा, कुन्दरकी, बिलारी, अमरोहा, हसनपुर, असमौली, चन्दौसी, संभल, नौगाँव सादात, बेहट, नकुड, पुरकाजी, सहारनपुर नगर, सहारनपुर, देवबंद, गंगोह, रामपुर मनिहारन, नजीबाबाद, नगीना, बूढ़ापुर, धामपुर, नहटौर, बिजनौर, चॉदपुर, नूरपुर, शामली, कैराना, थाना भवन, बुढाना, चरथावल, मुजफ्फरनगर, खतौली, मीरापुर, बहेडी, भोजीपुरा, कैसरगंज, तुलसीपुर, उतरौला, इटवा आदि 30 प्रतिषत से 40 प्रतिषत वाली सीटें जैसे सिवालखास, सरधना, हस्तिनापुर, किठौर, मेरठ कैंट, मेरठ, मेरठ दक्षिण, मीरगंज, भोजीपुरा, नबाबगंज, फरीदपुर, बरेली, आंवला, मटेरा, नानपारा, महसी, बहराइच, श्रावस्ती, भिनगा, बलहा, बलरामपुर, शोहरतगढ, कपिलवस्तु, डुमरियागंज, खलीलाबाद, मऊ, गोरखपुर ग्रामीण, टांडा, मुबारकपुर आदि है। उन्होने आगे बताया कि 20 प्रतिषत से 30 प्रतिषत मुस्लिम वोटरों वाली सीटें जैसे -छपरौली, बागपत, बडौत, लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर, नोएडा, दादरी, जेवर, धौलाना, गढ मुक्तेष्वर, स्याना, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, कोल, अलीगढ़, सिकंदरामऊ, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, पटियाली, सहसवान, बिल्सी, बदायूं, शेखूपुर, पीलीभीत, बरखेडा, विलासपुर, हापुड़, खुर्जा, इगलास, पूरनपुर, बिसौली, टुंडला, तिलहर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा व सुल्तानपुर, आजमगढ़, बनारस, भदोही, इलाहाबाद, कन्नौज, अमेठी की लगभग सभी विस सीटें और तिलोई, फर्रूखाबाद, भोजपुर, फतेहपुर, हुसैनगंज, रूदौली, बीकापुर, फैजाबाद, बस्ती, महादेवा, बांसी, रूधौली, मेहदावल, जलालपुर, सिकंदरपुर, मोहम्मदाबाद, जहूराबाद, पडरौना, लार, पथरदेवा, रामपुर कारखाना आदि है। यहां पर पसमांदा मुस्लमान निर्णायक भूमिका अदा करता है।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, सामान जलकर राख



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

फतेहपुर। कोतवाली फतेहपुर अन्तर्गत बीती रविवार की रात्रि को शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गयी। जिससे घर की सारी गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात पचघरा निवासी राम गोपाल पुत्र रामसजीवन के घर में शार्ट सर्किट के कारण घर के बाहर रखे छप्पर में अचानक भीषण आग लग गई और धीरे-धीरे आग पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया जिससे पूरा घर भीषण तरीके से जलने लगा। घर के अंदर से ऊंची ऊंची आग की लपटें निकलते देख मोहल्ले वासियों ने घर से कुछ ही दूरी पर स्थित श्रीमद् भागवत कथा सुनने गए रामगोपाल को सूचना दी आनन-फानन में राम गोपाल बदहवास अवस्था में पहुंचकर वहीं स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे लेकिन आग भयानक रुप ले चुकी थी सूचना पर कुछ देर बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना से घर मे रखी बहुत सी सामग्री खाने पीने का राशन, मेंथा ऑयल, जेवरात, कपड़े आदि सब जल कर राख हो गए।

# भारत विभाजन के जिम्मेदार किए जाएं दंडित- कुलदीप मिश्रा

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



विष्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप मिश्रा के बाराबंकी प्रथम आगमन पर सफेदाबाद से बाराबंकी तक जगह-जगह स्वागत हुआ। सोमवार को नगर आगमन पर कुलदीप मिश्रा ने पत्रकारों से बेबाक बातचीत की। उन्होंने 1947 के भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौरान हिन्दू समुदाय पर हुए अत्याचारों पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बंटवारे के समय हिन्दू समुदाय के लाखो लोगों को न केवल अपनी सम्पत्ति छोड़ने पर मजबूर किया गया बल्कि उनके साथ अमानवीय अत्याचार किये गए। श्री मिश्रा ने बताया कि पाकिस्तान में रह रहे हिन्दू परिवारों को अपने घर, जमीन, और आजीविका छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए पलायन करना पड़ा था। लाखो निर्दोषो कि हत्या कि गयी और उनके धार्मिक स्थलों को अपवित्र कर दिया गया। उन्होंने इसे इतिहास के काले अध्यायों में से एक बताते हुए कहा कि यह हिन्दू समाज की न केवल सम्पति की हानि थी, बल्कि उनके आत्मसम्मान और अस्तित्व पर भी गहरा आघात था। उन्होंने कहा कि इन घटनाओ कि सच्चाई को छिपाया गया, और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस कार्यवाई नहीं कि गयी। उन्होंने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस विभीषिका को दुनिया के सामने उजागर किया जाये और इसके जिम्मेदार लोगों को दण्डित किया जाये। कुलदीप मिश्रा ने आगे कहा कि हिन्दू कम से कम 3 बच्चे पैदा करें नहीं तो आधी आबादी रह जाएगी। विष्व हिन्दू रक्षा परिषद के दो करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है जो एक वर्ष में पूर्ण होगा हम इस पर कार्य कर रहे हैं उक्त अवसर पर सैकड़ों सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की एवं इसमें कुछ पदाधिकारी नियुक्त किये गए

जिसमे प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विशाल मिश्रा प्रधान को प्रदेश सचिव, अष्वनी मिश्रा को प्रदेश महामंत्री, अजय प्रताप सिंह को युवा प्रदेश अध्यक्ष, शैलेन्द्र सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष्य, जीतेन्द्र मौर्या को प्रदेश कोषाध्यक्ष, नीरज सिंह को प्रदेश सचिव, रामगोपाल निगम को जिलाध्यक्ष बाराबंकी, दानिस खान को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, पियूष सिंह को प्रदेश सचिव, रिंकू को अनु0जति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, शुभम राय को छात्र सभा का जिलाअध्यक्ष, योगेश मिश्रा को जिलाध्यक्ष आध्यात्मिक प्रकोष्ट, अवधेश मिश्रा को प्रदेश उपाध्यक्ष आध्यात्मिक प्रकोष्ठ आदि बनाया गया।

इस अवसर पर आयोजक सत्या पंडित विधायक, मानसी गुप्ता एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, सूरज रावत, रामेन्द्र मिश्रा, आकाश सिंह, गोपाल वर्मा, मधुकर त्रिपाठी, प्रांजल श्रीवास्तव आदि हजारों लोगों ने स्वागत किया।

## उत्तरीपूरा से छः भाजपा मंडल अध्यक्ष के उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में भाजपा पदाधिकारी द्वारा पहले भूत अध्यक्षों का चयन हुआ और अब मंडल अध्यक्षों की चयन की प्रक्रिया जारी है जो पहले पद पर रहे हैं उनकी शिकायतों के चलते हटा दिए गए अब नए चयन की प्रक्रिया जारी है उत्तरीपूरा लगातार भाजपा संगठन के द्वारा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए 2027 चुनाव प्रक्रिया को मजबूती देने के लिए भाजपा मंडल अध्यक्षों को चुनने के लिए गुप्तचरों से रिपोर्ट मांगी गई थी जिसको लेकर आज उत्तरीपुरा के एक स्थानीय गेस्ट हाउस में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई चुनाव अधिकारी रविंद्र सिंह युवा मोर्चा कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष के द्वारा चुनाव नामांकन संपन्न कराया गया जहां पर उत्तरीपूरा से भाजपा मंडल अध्यक्षों ने नामांकन दाखिल किया अनुपम सिंह, रवि श्रीवास्तव, अमित पाल, सूर्य प्रताप सिंह, निर्विकार राठौर, गुड्डी राजपूत, नामांकन पत्र दाखिल करते हुए अपनी-अपनी जीत की दावेदारी पेश की वही क्षेत्रीय लोगों की माने तो भाजपा संगठन द्वारा इस बार ऐसे मंडल अध्यक्षों का चयन होना है जो भाजपा पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे ऐसे में भाजपा उत्तरी पूरा क्षेत्र से क्षत्रिय कॉस्ट पर उम्मीद जाता सकती है। चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर और ककवन की भी लिस्ट नामांकन करने वालों की आ गई है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



बस्ती। आज सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत साउँघाट मंडल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कड़र शिव मंदिर पर किया गया। कार्यशाला में सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष पद के लिए नाम का चयन कर जिला कार्यसमिति को भेजा गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा साउँघाट मण्डल चुनाव अधिकारी जगदीश प्रसाद शुक्ल ने कहा कि मंडल स्तर का चुनाव शुरू है जबकि बूथ स्तर पर समितियों का गठन सम्पन्न हो चुका है। कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो निचले स्तर से लेकर ऊपर तक पारदर्शी ढंग से सांगठनिक चुनाव कराती है। एक छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय स्तर का पदाधिकारी बन सकता है। क्षेत्रीय मंत्री राजेश पाल चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में होने वाले पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक के चुनाव में सरकार बनाने के लिए अभी से कार्यकर्ता कमर कस लें। कहा कि पार्टी जिसको जो जिम्मेदारी दे रही है सभी लोग निष्ठा से उसका निर्वहन करें। पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य शिवपूजन राजभर ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं इसलिए वह पूरी लगन से पार्टी की सेवा करें। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए भारत सरकार से प्रभावी कार्यवाही की मांग किया।

इस अवसर पर उदयशंकर पाण्डेय, चंद्रमणि पाठक, बच्चा लाल चौधरी, सत्यपाल यादव, धर्मराज गुप्ता, विनय यादव, सूर्य प्रकाश शुक्ल, महेश कुमार गोस्वामी, अवनीश सिंह, अनिल पाण्डेय, राकेश श्रीवास्तव, कार्मेंद्र चौहान, रमारिका पाण्डेय, ब्रह्मदेव गुप्त, नितेश सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, सहित सैकड़ों प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के मुकदमे में फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**




उन्नाव पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना औरास पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया आरोपी आयुष अवस्थी उम्र करीब 21 वर्ष पुत्र श्री अवधेश कुमार निवासी ग्राम बाबूखेडा मजरा बरादेव थाना औरास उन्नाव द्वारा वादी की पुत्री उम्र 15 वर्ष के साथ दुष्कर्म किये जाने के सम्बन्ध में तहरीरी सूचना अंकित करायी थी, जिस सम्बन्ध में थाना औरास पर मु0अ0सं0 315/2024 धारा 64/333 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट का पंजीकृत किया गया था । विवेचना में साक्ष्य के आधार पर धारा 65(1) बीएनएस की बढोत्तरी कर धारा 64 बीएनएस की घटोत्तरी की गयी । थाना औरास पुलिस द्वारा आज दिनांक 16.12.2024 को अभियुक्त आयुष अवस्थी उम्र करीब 21 वर्ष पुत्र श्री अवधेश कुमार निवासी ग्राम बाबूखेडा मजरा बरादेव थाना औरास उन्नाव को वहद कस्बा

औरास उन्नाव से उप निरीक्षक इरशाद अली गिरफ्तार हेड कांस्टेबल संजय ने मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया

# पंद्रह दुकानों से जुर्माना वसूला, सामान भी जब्त किया

**जन एक्सप्रेस । सहारनपुर**



नगर निगम ने थाना कुतुबशेर से जेबीएस कॉलेज तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान करीब 40 स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया और 15 दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। सड़क पर फैला कर रखा गया अनेक दुकानदारों का सामान भी जब्त कर नगर निगम लाया गया। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में नगर निगम ने थाना कुतुबशेर से जेबीएस कॉलेज तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता जैसे ही कुतुबशेर से जेबीएस कॉलेज पर पहुंचा, अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। सड़क पर सामान फैलाकर बैठे दुकानदारों ने आनन फानन में अपना सामान उठाकर दुकान के भीतर रखना शुरु कर दिया। अभियान के दौरान करीब 40 स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया और 15 दुकानदारों से दस हजार चार सौ रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा सड़क पर रखे गए सात टायर, लकड़ी की कुर्सियां, बोर्ड, फ्लेक्स व बैंच आदि अनेक दुकानदारों का सामान भी जब्त कर नगर निगम लाया गया। निगम अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि यदि दोबारा सड़क पर सामान पाया गया

तो उन पर भारी जुर्माना लगाते हुए सामान जब्त किया जायेगा। कार्रवाई के दौरान कैप्टन नरेश चंद सहित प्रवर्तन दल के सभी जवान शामिल रहे।

## खंभे से टकराई बाइक, छात्र की मौत, साथी घायल

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

हसेरन। कक्षा पांच के छात्र के साथ बाजार से सब्जी लेने जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

नादेमऊ चौकी क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर निवासी नीरज कुमार का पुत्र अमन (12) गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र था। रविवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे गांव के ही साथी अवनीश (20) के साथ नादेमऊ बाजार से सब्जी लेने गया था। बाइक को अवनीश चला रहा था। गांव लौटते समय रास्ते में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में पीछे बैठा अमन उछलकर दूर जा गिरा, जिससे मौके पर मौत हो गई।

# उन्नाव-कानपुर मार्ग जाम की समस्यों के निदान के लिए पुलिस का मास्टर प्लान सीओ-एआरटीओ ने देखा रूट प्लान

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



उन्नाव और कानपुर के बीच जाम की गंभीर समस्या रोजाना हजारों राहगीरों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। विशेष रूप से शुक्लागंज से कानपुर के बीच स्थित नवीन गंगापुल पर घंटों तक यातायात ठप रहता है, जिससे लोगों को भारी असुविधा होती है। जाम की स्थिति का निरीक्षण सीओ मधुपनाथ मिश्रा और एआरटीओ अरविंद सिंह ने हाल ही में इस मार्ग का निरीक्षण किया और जाम की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने माना कि जाम न केवल आम लोगों बल्कि आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड के लिए भी गंभीर समस्या है। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने जाम से निपटने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया है। इसमें कुछ प्रमुख कदम उठाने की योजना बनाई गई है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती नवीन गंगापुल पर यातायात नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। यातायात नियमों का पालन ट्रैफिक रूल्स का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। यातायात संकेतों की स्थापना सही दिशा-निर्देश देने के लिए साइन बोर्डों और संकेतों को उचित स्थानों पर लगाया जाएगा। इसके अलावा, एक वैकल्पिक मार्ग की योजना भी बनाई जाएगी ताकि मुख्य मार्ग पर जाम होने की स्थिति में यात्री अन्य रास्तों से यात्रा जारी रख सकें। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि सड़क पर अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन की इस नई योजना से आने वाले दिनों में उन्नाव और कानपुर के बीच यात्रा करना अधिक सुविधाजनक और आरामदायक हो सकता है। यदि यह योजना सफल होती है, तो जाम की समस्या से राहत मिलने की पूरी उम्मीद है।



## बिल्हौर विकास खंड के बच्चों ने सीएसए का किया शैक्षिक भ्रमण

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**। बिल्हौर विकास खंड के 100 बच्चों को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में कानपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। डॉ रंजीता और डॉ अमन मिश्रा मौसम प्रयोगशाला में धूप मापी यंत्र, ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन, ऑटोमैटिक रैन गेज, मैनुअल रैन गेज यंत्र की जानकारी दी। सरदार पटेल कृषि शिक्षा संग्रहालय में चना, मटर, मूंग, दालों और विभिन्न सब्जियों की भिन्न भिन्न प्रजातियों की जानकारी कराई गई। मृदा विज्ञान और कृषि रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार ने मिट्टी की उपयोगिता आदि पर प्रकाश डाला। देश मे मिट्टी के कुल बारह प्रकार होते। प्रयोगशाला पीएच वैल्यू निकलना बताया। सैकड़ों वर्षों में तैयार हो पाती है मिट्टी की एक परत विभागाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि मिट्टी की एक परत का निर्माण कई वर्षो में हो पाता है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रवी कुमार सिंह, विकास खंड के एआरपी और कई शिक्षक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से शिक्षक व शिक्षिकाए उपस्थित रहीं आदित्य द्विवेदी, डॉ वेद प्रकाश, मुक्ति त्रिवेदी, आशा कटियार, प्रशांत मिश्रा, रुचि, आराधना, पंकज कटियार, धर्मेंद्र कटियार, अनूप यादव, अंजू, अवनीश कुमार, अजय पाल सिंह, नीरज कटियार, सुनील कुमार, मो0 ताहिर, रामानंद त्रिपाठी, पुष्पेंद्र, कमलेश वर्मा, चन्द्रशेखर, कमलेश कटियार, रवि शंकर, विशाल कुमार, आकाश वाजपेई, दीपक सक्सेना, राधा मोहन, सत्येंद्र मिश्रा, चंद्राकर बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## हल्की सर्दी में सब्जी की अच्छी फसल, किसानों के चेहरे खिले

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**। तालग्राम। दिसंबर का दूसरा पखवाड़ा शुरू हो गया है। पाला न गिरने से इस बार सब्जी की फसलें अच्छी हो रही हैं। रात में सर्दी और दिन में तेज धूप होने से रोग और माहू व अन्य कीटों का प्रकोप भी नहीं है। अच्छी पैदावार होने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। तालग्राम क्षेत्र के सब्जी उत्पादक किसान रामकुमार कुशवाहा, कल्लू प्रजापति, ओमप्रकाश शाक्य, बादाम सिंह कुशवाहा, धर्मेंद्र शाक्य आदि ने बताया कि पिछले साल दिसंबर में कोहरा और बारिश होने से फसल प्रभावित हुई थी।

# हमने अपनी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाया श्रीलंकाई राष्ट्रपति के दौरे को लेकर बोले विदेश सचिव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके तीन दिन की भारत यात्रा पर हैं। उनके दौरे और पीएम मोदी के साथ बैठक को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉफ्रेंस की, उन्होंने बताया कि, दोनों दोशों के नेताओं के बीच व्यापक चर्चा हुई और इस बात पर सहमति व्यक्त की गई है कि मछुआरों से संबंधित मुद्दों को मानवीय दृष्टिकोण से निपटाया जाना चाहिए क्योंकि ये आजीविका से संबंधित मुद्दे हैं किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग से बचना चाहिए।

### 'अनुदान सहायता के लिए भारत को दिया धन्यवाद'

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने आगे कहा, वर्तमान यात्रा का उद्देश्य इस बहुत मजबूत साझेदारी का विस्तार करना और इसकी सीमाओं को और आगे ले जाना है। राष्ट्रपति दिसानायके ने ऋण पुनर्गठन को अंतिम रूप देने और श्रीलंका में विकास परियोजनाओं को शुरू करने के लिए अनुदान सहायता के प्रावधान में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भारत को धन्यवाद दिया। विशेष रूप से, उन्होंने श्रीलंका में 7 पूर्ण हो चुकी ऋण परियोजनाओं से संबंधित भुगतानों को निपटाने के लिए 20.66 मिलियन डॉलर की अनुदान सहायता के लिए भारत को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने श्रीलंका के आर्थिक स्थिरीकरण प्रयासों में समर्थन देने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति दिसानायके को यह भी आश्वासन दिया कि भारत का दृष्टिकोण निवेश आधारित और अनुदान उन्मुख होगा।

### 'ऊर्जा कनेक्टिविटी योजनाओं पर किया जा रहा काम'

विदेश सचिव ने कहा, हमने अपनी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाया है। अब हम ऊर्जा कनेक्टिविटी योजनाओं पर काम कर रहे हैं, जिसमें इंटर ग्रिड कनेक्टिविटी, दोनों देशों के बीच एक बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन, एलएनजी की आपूर्ति शामिल है, डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में श्रीलंका ने यूपीआई सेवाओं की शुरुआत के माध्यम से महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है।

### 'भारत हमेशा से ही सबसे पहले मदद करने वाला देश'

विक्रम मिस्री ने कहा, श्रीलंका के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद यह दिसानायके की पहली यात्रा है। यह तथ्य कि उन्होंने पद संभालने के बाद भारत को अपना पहला विदेशी गंतव्य चुना है, यह दर्शाता है कि श्रीलंका भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को कितना महत्व देता है। श्रीलंका भारत का सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी भी है, और भारत की पड़ोस पहले नीति और भारत के विजन सागर का एक अभिन्न अंग रहा है। भारत ने बार-बार दिखाया है कि वह श्रीलंका के लिए एक विश्वसनीय भागीदार और भरोसेमंद दोस्त है, भारत हमेशा से ही सबसे पहले मदद करने वाला देश रहा है। राष्ट्रपति दिसानायके ने भारत के समर्थन के लिए, विशेष रूप से 2022-2023 में 4 बिलियन डॉलर की सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया... भारत आईएमएफ के साथ अपने जुड़ाव के माध्यम से श्रीलंका के लिए इस वित्तीय स्थिरीकरण प्रयास में शामिल है... हम श्रीलंका के सबसे बड़े व्यापार भागीदार, पर्यटकों और निवेश का सबसे बड़ा स्रोत हैं।

# हर घर खुशहाल : रोजगार मेले से महिलाओं का संवरेगा भविष्य

- आगरा के औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को हुई अनूठी पहल
- 21 दिसम्बर को लगेगा भव्य महिला रोजगार मेला, जुटेंगी जिले भर की महिलाएं

जन एक्सप्रेस । आगरा




समाज की आर्थिक समृद्धि के लिए महिला और पुरुष के बीच समानता और सहयोग को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब दोनों कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ते हैं, तो न केवल हर घर खुशहाल होता है, बल्कि समाज भी आर्थिक रूप से सशक्त बनता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए रिया अस्थाना मेमोरियल फाउंडेशन और स्टोनमैन हेल्प फाउंडेशन द्वारा 21 दिसम्बर को सींगना स्थित आगरा ट्रेड सेंटर पर महिला रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को वाईपास रोड स्थित होटल लेमन ट्री में हुई प्रेसवार्ता में आयोजकों ने बताया कि मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। रिया अस्थाना मेमोरियल फाउंडेशन एवं हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (एचईए) के अध्यक्ष रजत अस्थाना ने बताया कि मेले का उद्देश्य आगरा की औद्योगिक इकाइयों में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह पहल महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक कदम है। एफमेक के अध्यक्ष पूरन डावर ने इस आयोजन को समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी प्रयास बताया उन्होंने कहा कि विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, अगर महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी 50 प्रतिशत तक बढ़ाई जाए, तो भारत की जीडीपी वृद्धि में 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक का इज़ाफा संभव है। यह कार्यबल का विस्तार आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देगा। किशोर फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने कहा कि रोजगार मेले में स्थानीय महिलाओं को उद्योगों और फैक्ट्रियों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न कंपनियों और संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। एफएएफएम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि यह आयोजन महिलाओं को नौकरी के अवसर, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की नई राह पर ले जाने का वादा है। हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (एचईए) के सचिव डॉ. एस.के. त्यागी ने बताया कि मेले के माध्यम से सामाजिक सरोकार की यह अनूठी पहल महिलाओं की औद्योगिक इकाइयों में भागीदारी सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगी। अप्सा के अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने महिलाओं को रोजगार के लिए प्रोत्साहन के इस अभियान की सराहना की। इस मौके पर स्टोनमैन हेल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष शिशिर अस्थाना, प्रदीप वासन, डॉ. मुनीश्वर गुप्ता, रोमी मगन, अशोक अरोड़ा, रानी सिंह, कुसुम महाजन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अगले 30 साल में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे बड़ा बाजार होगा भारत : गार्सेटी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन



अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक बार फिर भारत और अमेरिका के संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा कि सबसे भयंकर तूफान और तेज हवा के बावजूद उगने वाले खजूर के पेड़ के लचीलेपन की तरह भारत-अमेरिका संबंध लगातार बढ़ते रहेंगे और दुनिया को फायदा पहुंचाते रहेंगे।

### भारत के लक्ष्यों की तारीफ की

एक कार्यक्रम में राजदूत ने अक्षय ऊर्जा के लिए भारत के साहसिक लक्ष्यों की विशेष तौर पर सराहना की। उन्होंने कहा कि आने वाले 30 साल में भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार होगा। उन्होंने यह भी कहा, भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य और नीतियां उसे सौर व पवन ऊर्जा क्षमता में अग्रणी बना रही हैं। न केवल इस देश के लिए, बल्कि दुनिया के लिए लागत पर विनिर्माण करने में सक्षम बना रही हैं।% उन्होंने कहा, %मेरे शब्द हैं कि आने वाले 30 साल में भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार होगा।

### पेड़ से नारियल आने में कितना समय लगेगा?

बता दें, राजदूत गार्सेटी अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच द्वारा आयोजित साउथ एशिया वीमेन इन एनर्जी लीडरशिप शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केरल के एक होटल का वाकया बताया, जिसमें उनसे उनके प्रवास के अंत में एक नारियल का पौधा लगाने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा, मैंने कहा कि इस पेड़ से नारियल आने में कितना समय लगेगा। इस पर उन्होंने बताया कि करीब आठ साल बाद। भारत-अमेरिका संबंधों के व्यापक संदर्भ में उन्होंने कहा, काश हम हर दिन उस नारियल के पेड़ को लगाएं और हम हर दिन चीजों को थोड़ा बेहतर बनाने का तरीका खोज पाएं।

### अमेरिका-भारत संबंध उस पौधे की तरह...

उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि अमेरिका-भारत संबंध उस पौधे की तरह है, जो निरंतर बढ़ता रहेगा, जो खजूर के पेड़ की तरह लचीला रहेगा, जिसे सबसे शक्तिशाली तूफान भी नहीं गिरा सकता, सबसे बड़ी हवा भी उसे उखाड़ नहीं सकती। गार्सेटी ने चार पी का मंत्र दिया। उन्होंने अमेरिका और भारत के रिश्ते पर कहा कि चार पी (शांति, स्थिरता, प्लेनेट और लोग) पर भाषण देंगे। अमेरिकी राजदूत 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के शपथ लेने से पहले पद छोड़ने वाले हैं, ताकि नए प्रशासन को अपनी पसंद चुनने में सुविधा हो। उन्होंने कहा, यहां की केंद्र सरकार ने साहसिक लक्ष्य निर्धारित किए हैं और मैं देख रहा हूं कि भारत दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अक्षय ऊर्जा में अधिक निवेश कर रहा है। लेकिन यह हमारे द्वारा किए जाने वाले सामुदायिक कार्य पर निर्भर करेगा। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच विभिन्न पहलों को भी सूचीबद्ध किया और कहा कि साझेदारी बढ़ती रहेगी।

### क्या ट्रंप नहीं देंगे ध्यान?

ऐसी आशंकाएं हैं कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकता है। गार्सेटी ने कहा, चिंता न करें, अमेरिका आपका भागीदार बनने जा रहा है, चाहे कुछ भी हो, और हम प्रतिबद्ध हैं, जैसा कि हमने दिखाया है, सौर और पवन परियोजनाओं, इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन, ऊर्जा भंडारण समाधानों में अरबों डॉलर का हरित निवेश प्रवाहित हो रहा है। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में भारत और अमेरिका द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर भी प्रकाश डाला और विशेष रूप से अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी कार्रवाई मंच का उल्लेख किया।

# जॉर्जिया के एक रेस्तरां में मृत मिले 12 भारतीय, एमआईए ने किया कार्बन मोनोऑक्साइड से मौतों का दावा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जॉर्जिया में भारतीय उच्चायुक्त के अनुसार जॉर्जिया के गुडौरी पर्वतीय रिसॉर्ट के एक रेस्तरां में 12 भारतीय नागरिक मृत पाए गए। इस मामले में देश के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि सभी की कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से मौत हुई है। वहीं जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक निरीक्षण में किसी भी तरह की चोट या हिंसा के कोई संकेत नहीं मिले। स्थानीय मीडिया ने पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि सभी पीड़ित कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से मर गए। त्बिलिसी में भारतीय उच्चायुक्त ने कहा कि सभी 12 पीड़ित भारतीय नागरिक थे। हालांकि, जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के बयान में कहा गया कि 11 विदेशी थे जबकि एक पीड़ित उसका नागरिक था। इसमें कहा गया कि सभी पीड़ितों के शव, जो उसी भारतीय रेस्तरां के कर्मचारी थे, रेस्तरां की दूसरी मंजिल पर बेडरूम में पाए गए।

# जल्द ही बीजिंग जाएंगे एनएसए अजीत डोभाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल अगले कुछ सप्ताह में बीजिंग की यात्रा कर सकते हैं। लगभग पांच वर्षों के बाद यह उनकी चीन की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान वे सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि वार्ता (एसआर डायलॉग) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इससे पहले एसआर डायलॉग दिसंबर 2019 में नई दिल्ली में हुआ था। वार्ता के इस तरीके को शुरू करने का निर्णय 23 अक्तूबर को कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच आयोजित बैठक में लिया गया था। सूत्रों ने बताया कि एनएसए डोभाल की यह यात्रा इस महीने के अंत में या जनवरी की शुरुआत में हो सकती है। हालांकि, इसके आयोजन स्थल पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। गौरतलब है कि देपसांग और देमचोक से सैनिकों के पीछे हटने के बाद दोनों देशों में बातचीत का नया दौर शुरू होने की उम्मीद है। बातचीत के लिए भारत के विशेष प्रतिनिधि एनएसए अजित डोभाल होंगे, वहीं चीनी विदेश मंत्री वांग यी करेंगे। पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के मद्देनजर पिछले पांच वर्षों में कोई एसआर वार्ता नहीं हुई।

### मई 2020 में शुरू हुआ था सैन्य गतिरोध

दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ था। उसी साल जून में गलवां घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच घातक झड़प हुई थी, जिससे दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। सैनिकों की वापसी के समझौते को 21 अक्तूबर को अंतिम रूप दिया गया था।

# ग्रैप-3 के चलते 5वीं तक हाइब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राजधानी में हवा की दिशा बदलने और गति कम होने के साथ ही वायु गुणवत्ता एक बार फिर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी के साथ आंखों में जलन महसूस होने लगी है। एक तरफ तापमान गिरने से ठंड और दूसरी तरफ प्रदूषण की मार लोगों पर पड़ रही है। सोमवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 379 दर्ज किया गया। यह बेहद खराब श्रेणी में है। इसमें रविवार की तुलना में 84 सूचकांक की वृद्धि हुई है। वहीं, यह इस माह का सबसे अधिक एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। उधर, दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर के स्कूलों और कॉलेजों में ग्रैप-3 के तहत कक्षा पांच तक की कक्षाएं हाइब्रिड मोड में संचालित की जाएंगी। वायु प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति को देखते हुए सीएक्यूएम ने ग्रेप-तीन लागू कर दिया है। ऐसे में तत्काल प्रभाव से कई प्रतिबंध लागू हो गए हैं। ऐसे में कक्षा पांचवीं तक की पढ़ाई ऑनलाइन मोड में संचालित की जाएगी। वहीं, निर्माण से लेकर विध्वंस कार्य पर प्रतिबंध लग गया है। यही नहीं, बीएस छह डीजल इंजन, इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों को छोड़कर एनसीआर के रास्ते दूसरे राज्यों से दिल्ली आने वाले अन्य डीजल इंजन बसों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक लगा दी है। हालांकि, इसमें दिव्यांग लोगों को छूट मिलेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि मंगलवार से हवा बेहद गंभीर श्रेणी में रह सकती है। कमोबेश यही स्थिति अगले छह दिनों तक रह सकती है। अगर गंभीर श्रेणी में हवा पहुंचती है तो ग्रेप-चार भी लागू किया जा सकता है।

### हवा की गति कम होने से बिगड़ी हवा की सेहत

एनसीआर में दिल्ली के बाद सबसे अधिक हवा ग्रेटर नोएडा खराब रही। यहां एक्यूआई 358 दर्ज किया गया। जबकि, गाजियाबाद में 324, नोएडा में 323, गुरुग्राम में 291 व फरीदाबाद में 194 एक्यूआई रहा। सोमवार को हवा विभिन्न दिशा से छह किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलीं। शाम को हवा की गति चार किलोमीटर प्रतिघंटे हो गई। ऐसे में प्रदूषक संघन हो गए। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार आनंद विहार, अशोक विहार व वजीरपुर सहित 15 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। जबकि आया नगर, डीटीयू समेत 14 इलाकों में खराब श्रेणी में हवा रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक वेंटिलेशन इंडेक्स 200 वर्ग मीटर रही। यह औसत से कम है।

### ग्रेप-3 (एक्यूआई 401 से 450)

- बड़े वेल्डिंग और गैस कटिंग के काम नहीं हो सकेंगे। लेकिन छोटे वेल्डिंग काम जैसे मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग के काम को छूट दी गई है।
- सीमेंट, प्लास्टर और अन्य कोटिंग का काम नहीं हो सकेगा लेकिन छोटे इंडोर रिपेयर और मेंटेनेंस कार्य किए जा सकेंगे।
- टाइल्स, स्टोंस और अन्य फ्लोर मटेरियल की कटिंग, ग्राइनडिंग और फिक्सिंग का काम नहीं हो सकेगा, लेकिन छोटे इंडोर रिपेयर और मेंटेनेंस के काम किए जा सकेंगे।
- वाटर प्रूफिंग के काम नहीं हो सकेंगे, लेकिन केमिकल वाटर प्रूफिंग कर सकेंगे।
- धूल पैदा करने वाले सामान जैसे सीमेंट, फ्लाई ऐश, ईंट, मिट्टी, क्रशड स्टोन आदि की लोडिंग-अनलोडिंग प्रोजेक्ट साइट के अंदर या बाहर हो सकेगी।

# 'मौत की धमकियों के बावजूद चिन्मय कृष्ण दास का केस लड़ूंगा'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




बांग्लादेश के एक प्रमुख वकील रवींद्र घोष ने सोमवार को दावा किया कि जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने का फैसला करने के बाद से उन्हें मौत की धमकियां मिल रही हैं, लेकिन उन्होंने कसम खाई कि वह न्याय और अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। बता दें कि, रवींद्र घोष फिलहाल पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। वहीं पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार दास को निशाना बना रही है, क्योंकि वह हिंदुओं पर अत्याचारों के खिलाफ मुखर रहे हैं और सताए गए अल्पसंख्यक समुदाय को एकजुट कर रहे हैं।

### 'मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए जा सकते हैं'

बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय के वकील ने बताया, मुझे पता है कि मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए जा सकते हैं, लेकिन इससे मैं नहीं रुकूंगा। मैंने जीवन भर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। मैंने मुसलमानों के लिए भी मुकदमे लड़े हैं और उन्हें न्याय दिलाने में मदद की है। एक दिन मौत आएगी, लेकिन मैं लड़ाई जारी रखूंगा। रवींद्र घोष ने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में हिंदू अल्पसंख्यकों द्वारा निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डालते हुए दुख जताया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ चल रहे अत्याचार युद्ध के %मूल सिद्धांतों% को पराजित करते हैं, जो पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान, अब बांग्लादेश के नागरिकों के साथ असमान व्यवहार को समाप्त करने के लिए लड़ा गया था।

### मुझे हर दिन मिलती है जान से मारने की धमकी- घोष

कोलकाता के पास बैरकपुर से बोलते हुए, जहां वे इलाज के लिए आए हैं, रवींद्र घोष ने कहा, %जिस दिन से मैंने घोषणा की है कि मैं चिन्मय कृष्ण दास के लिए लड़ूंगा, मुझे जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। मुझे नियमित रूप से धमकी भरे कॉल और संदेश मिलते हैं, लेकिन यह मुझे अपना कर्तव्य निभाने से नहीं रोकेगा। मैं चिन्मय कृष्ण दास और अन्य हिंदुओं के साथ हुए अन्याय के खिलाफ़ लड़ना जारी रखूंगा।

### हाल ही में गिरफ्तार किए गए हैं चिन्मय कृष्ण दास

बांग्लादेश सम्मिलिता सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था, जब वे एक रैली के लिए चटगांव जा रहे थे। जमानत से इनकार किए जाने पर, उनको बांग्लादेशी अदालत ने 2 जनवरी तक जेल भेज दिया है। रवींद्र घोष का मानना है कि हिंदू समुदाय को एकजुट करने के उनके प्रयासों के कारण भिक्षु को झूठे आरोपों में फंसाया गया है। वकील रवींद्र घोष ने कहा, संत की बड़ी सार्वजनिक सभाओं ने प्रशासन को परेशान कर दिया। यही कारण है कि कट्टरपंथियों और अंतरिम सरकार ने उन्हें निशाना बनाया। मौत एक दिन आएगी, लेकिन मैं लड़ाई जारी रखूंगा। घोष रविवार शाम को अपनी पत्नी के साथ इलाज के लिए बैरकपुर पहुंचे और अपने बेटे राहुल घोष के साथ रह रहे हैं, जो कई सालों से इस इलाके में रह रहे हैं।

# असम में ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले पर सीबीआई की जांच तेज, पांच आरोपपत्र किए दाखिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




असम में ऑनलाइन घोटाले को लेकर तेजी से जांच की जा रही है। इसी क्रम में, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने असम में ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले के अलग-अलग मामलों में 18 आरोपियों के खिलाफ पांच और आरोपपत्र दायर किए हैं। गौरतलब है, असम में हाल ही में 22 हजार करोड़ के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले का पुलिस ने भंडाफोड़ किया था। यहां लोगों से ऑनलाइन शेयर बाजार में पैसा लगाने और दो महीने में उसे दोगुना करने का वादा करके धोखाधड़ी की जा रही है। सीबीआई की गुवाहाटी इकाई ने 16 लोगों और दो कंपनियों अपपिथेट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (यूएचपीएल) और ब्रह्मपुत्र संचय एंड बिनियोग कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (बीएसबीसीएसएल) पर आरोप लगाए हैं। जांच एजेंसी ने यूएचपीएल के खिलाफ आरोप लगाया है कि उसके निदेशक हेमेन रवा और मैनेजर शंकर साहा एक अवैध जमा योजना की साजिश में शामिल थे, जिसने झूठे वादा करके निवेशकों से धन की मांग की थी।

### झूठा लालच देकर फंसाया

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कहा, उन्होंने निवेशकों को छह प्रतिशत या उससे अधिक के मासिक रिटर्न का वादा करके लुभाने के लिए नोटरीकृत स्टांप पेपर सहित भ्रामक तरीकों का इस्तेमाल किया। उन्होंने निवेशकों को धोखा दिया और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए जमा राशि का दुरुपयोग किया।

### इन लोगों के खिलाफ आरोप

ब्रह्मपुत्र संचय एंड बिनियोग कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के खिलाफ दायर आरोपपत्र में इसके तत्कालीन अध्यक्षों जितेन डेका और हिमांग्शु तालुकदार, शाखा प्रबंधक इंद्राणी दास तथा सचिव संजीब डेका का भी नाम है। समूह ब्रह्मपुत्र संचय और बिनियोग सहकारी समिति की एक अनियमित जमा योजना चलाता था। गृहलक्ष्मी योजना में कथित तौर पर बोनस और 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज जैसे बड़े रिटर्न का वादा किया गया, जबकि वास्तविकता में ऐसा कुछ भी नहीं था।

### लोगों को ठगने की रची साजिश

सीबीआई का तीसरा आरोपपत्र चार निजी व्यक्तियों मैनाओ ब्रह्मा, दीपांकर भट्ट, ज्योतिष्मान शर्मा और सुमित बर्मन के खिलाफ दायर किया गया है, जिन्होंने कथित तौर पर साजिश रची और आम जनता को धोखा देने के इरादे से अनियमित जमा योजना चला रहे थे।

### सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में

उन्होंने कथित तौर पर जमा राशि का निजी इस्तेमाल और भूमि संपत्ति खरीदने, इमारतों के निर्माण और वाहन खरीदने आदि में इस्तेमाल किया। सीबीआई ने ऋषिराज गोगोई और जॉय मोदक के खिलाफ चौथा आरोपपत्र दायर किया, जो कथित तौर पर विभिन्न सौंदर्य प्रसाधन और अन्य उत्पादों को बेचने के लिए बनाई गई अपनी कंपनी गो मिलियन्स एलएलपी की आड़ में स्टॉक ट्रेडिंग व्यवसाय चलाने में शामिल थे। इन लोगों ने यूपीआई और बैंक खाते के माध्यम से लोगों से रुपये लिए और किसी भी विनियमित जमा योजना में राशि जमा नहीं की। सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने शंकर कुमार बिस्वास, रोफिकुल इस्लाम, दिनेश चौधरी और निरंजन कुमार मालाकार के खिलाफ भी आरोप पत्र दायर किया, जिन्होंने टाइटन कैपिटल मार्केट के नाम पर निवेश के लिए विभिन्न व्यक्तियों से यूपीआई, नकद और चेक के माध्यम से धन एकत्र किया। आरोपियों ने विभिन्न जमाकर्ताओं से प्राप्त राशि को किसी भी विनियमित जमा योजना में निवेश नहीं किया। एजेंसी ने कहा, उन्होंने निवेश के लिए जमाकर्ताओं से धन एकत्र करके उन्हें धोखा दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)